आषाढ़ कृष्ण पक्ष प्रतिपदा 02:28 उपरांत द्वितीया विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 12 जून 2025
वर्ष 35, अंक 136, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार


www.amritvichar.com



न्यायिक आयोग के सामने पेश हुए पूर्व सीएम केसीआर 12

स्याही से उकेरी गई मौन क्रांति है भारतीय संविधान 14

## हर-हर महादेव...



जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को पवित्र अमरनाथ गुफा में प्रथम पूजा कर वार्षिक यात्रा की औपचारिक शुरुआत की, गुफा में मौजूद बाबा बर्फानी के 3 जुलाई से लोग दर्शन कर सकेंगे। (खबर पेज-12) • एजेंसी

## 15 से बंद हो जाएंगे दुधवा और पीटीआर

**पीलीभीत/लखीमपुर खीरी।** पीलीभीत टाइगर रिजर्व और दुधवा नेशनल पार्क 15 जून से सैलानियों के लिए बंद हो जाएंगे। टाइगर रिजर्व प्रशासन को आदेश भी प्राप्त हो गया है। हालांकि पिछला पर्यटन सत्र 25 जून तक चला था।

इधर पीलीभीत टाइगर रिजर्व का पर्यटन सत्र बंद होने में तीन दिन बचे हैं। अंतिम दिनों में सैलानियों की भारी भीड़ यहां पहुंच रही है। सैलानियों की बढ़ती संख्या के आगे सफारी वाहन भी कम पड़ते नजर आ रहे हैं। पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार 15 जून को पर्यटन सत्र बंद कर दिया जाएगा।

# ये पड़ोसियों में संघर्ष नहीं, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई

- **भारत-पाकिस्तान के बीच हालिया टकराव पर बोले विदेश मंत्री जयशंकर**
- **बोले-आतंकवाद सिर्फ दो देशों का मुद्दा नहीं, इससे पश्चिम भी परेशान होगा**

ब्रसेल्स, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया टकराव महज दो पड़ोसियों के बीच संघर्ष नहीं था, बल्कि यह आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई थी जो अंततः पश्चिमी देशों को भी परेशान करेगा।

जयशंकर ने बुधवार को यूरोपीय समाचार वेबसाइट 'यूरैक्टिव' के साथ एक साक्षात्कार में यूरोपीय संघ-भारत मुक्त व्यापार की भी वकालत की तथा इस बात पर बल दिया कि 1.4 अरब की आबादी वाला भारत, चीन की तुलना में कुशल श्रम और अधिक भरोसेमंद आर्थिक साझेदारी प्रदान करता है।



यूरोपीय व्यापार और आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस के साथ विदेश मंत्री जयशंकर। • एजेंसी

पहलगाम आतंकी हमले के बाद जवाबी कार्रवाई करते हुए चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के लगभग एक महीने बाद यूरोप की यात्रा पर गए जयशंकर ने कहा कि मैं आपको एक बात याद दिलाना चाहता हूं कि ओसामा बिन लादेन नाम का एक आदमी था। वह पाकिस्तान के एक सैन्य छावनी वाले शहर में वर्षों तक सुरक्षित क्यों महसूस करता था? वह भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में हुए चार दिवसीय संघर्ष पर पूछे गए एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। 'ऑपरेशन सिंदूर' को परमाणु हथियार वाले दो पड़ोसियों के बीच प्रतिशोध के रूप में पेश करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मीडिया की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि मैं चाहता हूं कि दुनिया समझे कि यह केवल भारत-पाकिस्तान का मुद्दा नहीं है। यह आतंकवाद के बारे में है, और यही आतंकवाद अंततः आपको (पश्चिमी देशों) परेशान करेगा। जब उनसे पूछा गया कि रूस के खिलाफ पश्चिमी देशों द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों में भारत शामिल क्यों नहीं हुआ, तो जयशंकर ने कहा कि मतभेदों को युद्ध के जरिए नहीं सुलझाया जा सकता। उन्होंने कहा कि हम नहीं मानते कि मतभेदों को युद्ध के जरिए सुलझाया जा सकता है, हम नहीं मानते कि युद्ध के मैदान से कोई समाधान निकलेगा।

### पश्चिमी देश करें विचार

जयशंकर ने कहा कि भारत की सबसे पुरानी शिकायत है कि स्वतंत्रता के कुछ ही महीनों बाद हमारी सीमाओं का उल्लंघन किया गया, जब पाकिस्तान ने कश्मीर में घुसपैठियों को भेजा। और कौन से देश इसका सबसे अधिक समर्थन करते थे? पश्चिमी देश। कहा कि यदि वही देश - जो उस समय टालमटोल कर रहे थे या चुप थे - अब कहते हैं कि आइए अंतर्राष्ट्रीय सिद्धांतों के बारे में सार्थक चर्चा करें, तो मुझे लगता है कि उनसे अपने अतीत पर विचार करने के लिए कहना उचित है।

## ज्यादातर मंडलों में पारा 40 डिग्री के पार, लोकल फाल्ट ने बढ़ाया संकट

# प्रदेश में बरसी आग लू लगने से 4 की मौत

- **45.4 डिग्री सेल्सियस के साथ आगरा सबसे गर्म रहा**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में बुधवार को भी भीषण गर्मी का प्रकोप जारी रहा। राज्य के अधिकांश मंडलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया। 45.4 डिग्री सेल्सियस के साथ आगरा सबसे गर्म रहा जबकि 25 जिलों में तापमान 40 से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच रिकॉर्ड किया गया। इस बीच लू की चपेट में आकर चार लोगों की मौत हो गई जिसमें बांदा में दो जबकि अलीगढ़ और हाथरस में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र की रिपोर्ट के मुताबिक इस सप्ताह भीषण गर्मी और उमस से राहत मिलने की कोई उम्मीद नहीं है। आगरा 45.4 डिग्री सेल्सियस



अधिकतम तापमान के साथ बुधवार को राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। इसके अलावा उरई में 45.2 डिग्री, बांदा में 44.8 डिग्री और झांसी में 44.7 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गया। राजधानी लखनऊ में दिन का अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से 2.7 डिग्री ज्यादा था। वहीं, न्यूनतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गुरुवार को भी राजधानी में इसी तरह का मौसम रहने का अनुमान है। मौसम विभाग के मुताबिक राज्य के ज्यादातर स्थानों में अगले पांच दिनों तक भीषण गर्मी पड़ने और लू चलने की संभावना है।

**अधिकतम तापमान**


| | |
|---|---|
| आगरा | $45.4^0$ |
| उरई | $45.2^0$ |
| बांदा | $44.8^0$ |
| झांसी | $44.7^0$ |
| प्रयागराज | $43.8^0$ |
| सुल्तानपुर | $43.5^0$ |
| कानपुर | $43.4^0$ |
| वाराणसी | $43.3^0$ |
| इटावा | $43.2^0$ |
| हमीरपुर | $43.2^0$ |
| बरेली | $38.6^0$ |

# बिजली कटौती से शहरों में हाहाकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी के चलते प्रदेश में बिजली संकट गहरा गया है। लोकल फाल्ट ने संकट को और बढ़ाया है, इससे घंटों के लिए बिजली आपूर्ति ठप हो जा रही है। आलम यह है कि 10 घंटे से ज्यादा आपूर्ति नहीं मिल पा रही है। ऊर्जा मंत्री के निर्देश के बाद समय पर व्यवधान दूर नहीं किए जा रहे हैं। ऊर्जा निगमों की उपभोक्ता शिकायत सेवा 1912 भी कारगर साबित नहीं हो रही है। प्रदेश में बुधवार को अधिकतम बिजली मांग 31,218 मेगावाट दर्ज की गई। भीषण गर्मी में बिजली संकट के चलते लखनऊ समेत प्रदेश भर में लोग परेशान रहे।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार प्रदेश में लगातार बढ़ी रही बिजली की मांग को पूरा करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज से अतिरिक्त बिजली आयात की जा रही है। मांग के अनुसार उपलब्धता



सुनिश्चित की जा रही है, पर सिस्टम पर ज्यादा लोड पड़ने के कारण बिजली लाइनों में खराबियां आ रही हैं। ट्रांसफार्मर भी फुंक रहे हैं। रात में राजधानी समेत प्रदेश के खासे इलाके अंधेरे में डूब जा रहे हैं। समय पर बिजली आपूर्ति चालू न होने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लखनऊ समेत पूरे प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में बिजली आपूर्ति व्यवस्था चरमरा गई है। केबिल फाल्ट समेत अन्य खराबियों के कारण बिजली घंटों के लिए ठप हो रही है। लखनऊ में नादरगंज क्षेत्र में बीते दिन गुल हुई बिजली बुधवार की सुबह लौटी।

### बरेली में भीषण कटौती से संकट

**बरेली।** बरेली में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचने के साथ ही बिजली संकट गहरा गया है। शहर के कई क्षेत्रों में 12 से 15 घंटे तक कटौती से हाहाकार मचा है। शहर के जसोली, कुंवरपुर, मलूकपुर नाला में मंगलवार की रात 10 बजे तारों में आग लगने के बाद आपूर्ति बाधित हो गई। बुधवार को दिन में 11 बजे के बाद आपूर्ति बहाल हुई। नवादा शेखान में ट्रांसफार्मर में खराबी से मंगलवार को पूरी रात संकट रहा। सनसिटी विस्तार, पवन विहार, कृष्णानगर फेस टू कॉलोनी, ग्रीन पार्क आदि जगह पर भी आधी रात से संकट रहा। काबेरी कॉलोनी में तीन दिन में मुश्किल से 30 घंटे बिजली मिली।

# संतों ने दिखाई एकता और समाज को जोड़ने की राह



श्रीसतगुरु समनदास की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते मुख्यमंत्री योगी।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/मुजफ्फरनगर

- **मुजफ्फरनगर में संत समागम में बोले मुख्यमंत्री योगी**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को मुजफ्फरनगर में एक संत समागम और सत्संग कार्यक्रम में शामिल हुए। यह कार्यक्रम संत स्वामी ज्ञान भिक्षुक दास महाराज की 65वीं पुण्यतिथि एवं सतगुरु समनदास महाराज की स्मृति में आयोजित किया गया था। यहां योगी ने कहा कि संतों ने समाज को एकता और जोड़ने की राह दिखाई। वह राह, जो कैराना व कांधला की घटना नहीं होने देती। यह वही राह है, जो हमें सुरक्षा व संरक्षण की गारंटी देती है और उत्थान का मार्ग प्रशस्त करती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब अच्छी सरकार आती है और संतों का मार्गदर्शन मिलता है तो अच्छा ही अच्छा होता है। अच्छा करने के लिए सोच होनी चाहिए। बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने देश को संविधान दिया, लेकिन जो सम्मान उन्हें मिलना चाहिए था, पिछली सरकारों ने वह नहीं दिया। पहली बार बाबा साहेब के नाम पर पीएम मोदी ने पंचतीर्थों का निर्माण किया। सरकारें बहुत आईं, लेकिन बाबा साहेब के गौरव और गरिमा के अनुरूप उनके सांस्कृतिक केंद्र व उनकी स्मृतियों को बढ़ाने का कार्य केवल डबल इंजन सरकार ने किया। 26 नवंबर 1949 से 2015 तक किसी सरकार ने बाबा साहेब के नाम पर समारोह नहीं किया, लेकिन पीएम मोदी ने 26 नवंबर को बाबा साहेब की स्मृति में संविधान दिवस मनाने का कार्य किया।

# अब आधार प्रमाणित उपयोगकर्ता ही बुक कर सकेंगे तत्काल टिकट

- **1 जुलाई से आईआरसीटीसी एप वेबसाइट से बुकिंग में बदलाव**
- **15 जुलाई से आधार-आधारित ओटीपी भी अनिवार्य**

नई दिल्ली, एजेंसी

रेल मंत्रालय ने कहा है कि 1 जुलाई 2025 से तत्काल योजना के तहत वह उपयोगकर्ता ही टिकट बुक कर सकेंगे जिन्होंने आधार के जरिए सत्यापन कराया हो।

मंत्रालय ने 10 जून 2025 के एक परिपत्र में सभी जोन को सूचित किया कि निर्णय यह सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है कि तत्काल योजना का लाभ आम उपयोगकर्ताओं को मिले। मंत्रालय ने कहा कि 01 जुलाई 2025 से तत्काल योजना के तहत टिकट आईआरसीटीसी की वेबसाइट/इसके एप से केवल वह उपयोगकर्ता ही बुक कर सकेंगे, जिन्होंने आधार के जरिए सत्यापन कराया हो। 15 जुलाई से तत्काल बुकिंग के लिए आधार-आधारित ओटीपी प्रमाणीकरण भी अनिवार्य कर दिया जाएगा। परिपत्र में कहा गया है कि तत्काल टिकट यात्री आरक्षण प्रणाली/अधिकृत एजेंटों के माध्यम से बुकिंग के लिए तभी उपलब्ध होंगे, जब सिस्टम द्वारा उत्पन्न ओटीपी का सत्यापन होगा, जो बुकिंग के समय उपयोगकर्ताओं द्वारा दिए गए मोबाइल नंबर पर भेजा जाएगा।

### दो रेलवे ट्रैक दोहरीकरण परियोजनाओं को मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को झारखंड, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश के सात जिलों से होकर गुजरने वाली दो रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी दी, जिनकी कुल लागत 6,405 करोड़ रुपये है। मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) की बैठक यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई।

## सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम घोषित

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग ने सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा 2025 के नतीजे बुधवार को घोषित कर दिए। प्रारंभिक परीक्षा 25 मई को आयोजित की गई थी। आधिकारिक बयान के अनुसार, यूपीएससी ने परिणामों की घोषणा कर दी है और सिविल सेवा (मुख्य) परीक्षा के लिए अर्हता प्राप्त करने वाले सफल उम्मीदवारों के क्रमांक की सूची अपनी वेबसाइट पर साझा की है। आयोग ने कहा है कि सिविल सेवा परीक्षा और भारतीय वन सेवा परीक्षा, 2025 की पूरी प्रक्रिया समाप्त होने के बाद यानी अंतिम परिणाम की घोषणा के बाद ही प्रारंभिक परीक्षा के अंक, 'कट-ऑफ' अंक और उत्तर कुंजी आयोग की वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी।

# बीएसएफ जवानों को दी जर्जर ट्रेन, 4 रेल अधिकारी निलंबित

नई दिल्ली, एजेंसी

- **अमरनाथ यात्रा सुरक्षा प्रदान करने के लिए ड्यूटी पर जा रहे थे 1200 जवान**

कश्मीर में अमरनाथ यात्रा के दौरान तैनाती के लिए त्रिपुरा से सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों को लाने के लिए जर्जर और गंदे डिब्बों वाली ट्रेन उपलब्ध कराए जाने के विवाद के बीच रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने चार अधिकारियों को निलंबित कर दिया और जांच के आदेश दिए हैं।

रेल मंत्रालय की ओर से बुधवार को जारी बयान के अनुसार, मंत्री ने कहा कि सुरक्षा बलों की गरिमा सर्वोपरि है और इस तरह की लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह कार्रवाई पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे जोन द्वारा एक्स पर एक पोस्ट में आरोपों को खारिज करने के एक दिन बाद की गई, जहां लोगों ने ट्रेन के वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए डिब्बों की स्थिति को लेकर रेलवे की आलोचना की थी।

बीएसएफ की 13 कंपनियों से लगभग 1,200 जवानों को छह जून को त्रिपुरा के उदयपुर से जम्मू तवी के लिए एक विशेष ट्रेन में सवार होना था। ट्रेन का बीच में कुछ स्थानों पर ठहराव था एवं त्रिपुरा, असम और पश्चिम बंगाल में चार स्थानों से जवान सवार होने वाले थे। अधिकारियों ने बताया कि ट्रेन नौ जून को बीएसएफ को उपलब्ध कराई गई थी और इसकी खराब और जर्जर स्थिति देखी तो जवानों ने एक डिब्बे का निरीक्षण करते हुए वीडियो रिकॉर्ड कर लिया।

## एक्सिओम-04 का प्रक्षेपण फिर टला

**बेंगलुरु।** बहुप्रतीक्षित एक्सिओम-04 मिशन के प्रक्षेपण की तारीख एक बार फिर आगे बढ़ा दी गई है। तकनीकि विसंगतियों का पता चलने के बाद 11 जून को प्रस्तावित प्रक्षेपण को स्थगित कर दिया गया है।

- **फाल्कन-9 रॉकेट में लीकेज के कारण लिया गया निर्णय**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बुधवार को बताया कि प्रक्षेपण से पहले लॉन्च पैड पर फाल्कन 9 प्रक्षेपण वाहन के बूस्टर चरण का सात सेकंड का हॉट टेस्ट किया गया। इस दौरान इंजीनियरों ने रॉकेट के प्रोपल्शन में लिक्विड ऑक्सीजन के रिसाव का पता लगाया। इसरो के अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन ने कहा कि इसरो, एक्सिओम और स्पेसएक्स विशेषज्ञों के बीच विचार-विमर्श के आधार पर रिसाव ठीक करने और फिर उसके अतिरिक्त सत्यापन करने का निर्णय लिया गया है। इसे ठीक करने के बाद मिशन की नई तारीख की घोषणा की जाएगी।

# पार्टी से निकाले गए भाजपा के गोंडा जिलाध्यक्ष

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **अश्लील वीडियो मामले में की गई कार्रवाई**

**अमृत विचार :** भाजपा ने गोंडा के जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। बीते दिनों अमर किशोर कश्यप का एक महिला के साथ आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसका संज्ञान लेते हुए प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला ने 25 मई को उन्हें कारण बताओ नोटिस दिया था।

संतोषजनक उत्तर न मिलने पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी के निर्देश पर निष्कासन की कार्रवाई की गई। भाजपा की ओर से अश्लीलता व आपत्तिजनक वीडियो के प्रकरण में 25 दिनों के भीतर यह दूसरी बड़ी कार्रवाई है।

प्रदेश महामंत्री की तरफ से बुधवार को जारी आदेश में लिखा है कि, आप द्वारा भेजा गया स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं है। ऐसे में प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर आपको तत्काल प्रभाव से निष्कासित किया जाता है। गोंडा के जिलाध्यक्ष का सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल हुआ था उसमें वह जिला कार्यालय में महिला कार्यकर्ता के साथ आपत्तिजनक स्थिति में दिखाई दे रहे थे।

## साइबर अपराधी गिरफ्तार, 2.8 करोड़ क्रिप्टोकरेंसी बरामद

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने बुधवार को सरकारी अधिकारी और तकनीकी सहायता करने वाले कर्मचारी के रूप में खुद को पेश करके अमेरिका और कनाडा में भोलेभाले लोगों को निशाना बनाने वाले साइबर अपराधियों के गिरोह के खिलाफ कार्रवाई में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

मंगलवार को तीन स्थानों पर की गई तलाशी के दौरान आरोपी राहुल अरोड़ा को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 2.8 करोड़ रुपये की क्रिप्टोकरेंसी और 22 लाख रुपये की बेहिसाब नकदी जब्त की गई है।

# परिवार ने सोनम से सारे रिश्ते तोड़े, भाई बोला फांसी मिले

## इंदौर में राजा रघुवंशी के घर पहुंचे गोविंद, कहा-मैं सच के साथ हूं

इंदौर, एजेंसी

राजा रघुवंशी हत्याकांड की प्रमुख आरोपी और उनकी पत्नी सोनम के भाई गोविंद रघुवंशी ने बुधवार को कहा कि वह मृतक के परिवार के साथ हैं और अगर उनकी बहन इस मामले में दोषी पाई जाती है, तो उसे फांसी की सजा मिलनी चाहिए।

उन्होंने यह घोषणा भी की कि उनके परिवार ने सोनम से सारे संबंध तोड़ लिए हैं और उसे सजा दिलाने के लिए राजा रघुवंशी के परिवार की ओर से वह खुद कानूनी लड़ाई लड़ेंगे। अचानक राजा रघुवंशी के इंदौर स्थित घर पहुंचे गोविंद, राजा की मां उमा से लिपटकर फूट-फूट कर रोए। यह पूछे जाने पर कि क्या दोषी पाए जाने पर सोनम को फांसी की सजा होनी चाहिए, गोविंद ने कहा कि सोनम दोषी पाई जाती है, तो उसे फांसी की सजा मिलनी चाहिए। मैं खुद अदालत में राजा रघुवंशी के परिवार की ओर से पैरवी के लिए वकील नियुक्त करूंगा। कहा कि मैं सच के साथ हूं। राजा रघुवंशी के परिवार ने एक बेटा खोया है। मैंने परिवार से माफी मांग ली है।



राजा रघुवंशी की मां को ढांढस बंधाते गोविंद।

### सोनम और राज कुशवाह के बीच प्रेम संबंधों को नकारा

बहरहाल, सोनम और मामले के एक अन्य प्रमुख आरोपी राज कुशवाह के प्रेम संबंधों को उन्होंने नकार दिया। गोविंद ने कहा कि राज, सोनम को हमेशा दीदी बोलता था। सोनम ने मेरे घर में मुझे और राज को एक साथ बिठाकर राखी बांधी है। उन्होंने कहा, राज हमारा कर्मचारी मात्र था। वह हमारे दफ्तर में दो-तीन साल से काम कर रहा था। वह दफ्तर का प्रबंधन और ग्राहक संभालता था।

### सोनम व उसके साथियों को 8 दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

**शिलांग।** मेघालय में हनीमून के दौरान पति राजा रघुवंशी की हत्या के आरोप में गिरफ्तार सोनम रघुवंशी और उसके चार अन्य साथियों को शिलांग की एक अदालत ने बुधवार को आठ दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। पूर्वी खासी हिल्स जिले के एसपी विवेक सायम ने बताया कि पुलिस ने सभी आरोपियों की 10 दिन की रिमांड मांगी थी लेकिन अदालत ने आठ दिन की पुलिस हिरासत मंजूर की।

## एक नजर

### होमस्टे नीति में पर्यटकों को मिलेंगी सुविधाएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** पर्यटन विभाग द्वारा लागू उप्र. बेड एंड ब्रेकफास्ट (बी एंड बी) एवं होमस्टे नीति-2025 में प्रदेश के सभी होमस्टे रूरल होमस्टे इकाइयों के स्वामियों को पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। पंजीयन प्रक्रिया को पूर्ण किये जाने के लिए एक वर्ष माह का समय प्रदान किया जायेगा। इसमें विभिन्न लाभों को उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था की गई है। यह योजना उप्र. के सम्पूर्ण ग्रामीण परिक्षेत्र में लागू होगी। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बुधवार को दी। उन्होंने बताया कि आवेदकों को इस योजना में पंजीकरण कराने के लिए पर्यटन विभाग के ऑनलाइन पोर्टल up-tourismportal.in पर जाना होगा। शहरी क्षेत्रों में आवासीय इकाइयों में देशी-विदेशी पर्यटकों को किफायती दरों पर आवास एवं नास्ता, भोजन आदि उपलब्ध कराये जाने के लिए पंजीकरण कराना होगा।

### पहली बार सभी जिलों में होंगी ग्रीष्मकालीन कार्यशालाएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश की सांस्कृतिक चेतना के नवोन्मेषी जागरण के लिए पहली बार सभी 75 जिलों में एक साथ ग्रीष्मकालीन कार्यशालाएं आयोजित होंगी। यह कार्यशालाएं केवल प्रशिक्षण की श्रृंखला नहीं, बल्कि प्रदेश की लोक-संस्कृति की आत्मा को पुनः जीवंत करने का एक सांस्कृतिक संकल्प है। ये कार्यशालाएं विद्यालयों और महाविद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान 20 जून से 20 जुलाई 2025 के बीच आयोजित की जा रही हैं। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह बुधवार को दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में आधुनिकता की तेज रफ्तार में हमारी पारंपरिक लोक कलाएं एवं क्षेत्रीय लोकनाट्य परंपराएं धीरे-धीरे विलुप्त हो रही हैं। ऐसे में नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का अवसर मिलेगा।

# इनोवेटिव खेती से हर मौसम में मिलेंगी सब्जियां

## योगी सरकार ने बदली क्रॉप प्रोडक्शन टेक्नोलॉजी, लखनऊ समेत 24 जिलों में 37 ग्रीन हाउस तैयार, 20 जिलों में 29 निर्माणाधीन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के किसान अब इनोवेटिव खेती करेंगे, ताकि वे हर मौसम में सभी प्रकार की सब्जियां आमजन तक पहुंचा सकें। इसके लिए राज्य के 24 जिलों में 37 ग्रीन हाउस पैदावार के लिए तैयार हैं, जबकि 20 जिलों में 29 निर्माणाधीन हैं। दरअसल, राज्य सरकार ने समय के साथ क्रॉप प्रोडक्शन टेक्नोलॉजी बदली है। ऐसे में लखनऊ, बहराइच, सुल्तानपुर, बाराबंकी, सीतापुर, अमेठी समेत 44 जिलों में 66 पॉली हाउस-ग्रीन हाउस स्थापित कर किसानों को खेती में नवाचार को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

इस परियोजना के पीछे राज्य सरकार की मंशा किसानों की आय को दोगुना करने की है। ऐसे में अब ग्रीन हाउस और पॉली हाउस जैसी तकनीकों को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे किसान ऑफ सीजन में भी पौष्टिक सब्जियां और अनाज की फसलें उगा सकें। इसके साथ ही



एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के अंतर्गत इस पर सब्सिडी भी दी जा रही है।

इस आधुनिक खेती में मौसम की मार से फसलों को सुरक्षा मिलती है। किसान अब सर्दी, गर्मी और बरसात हर मौसम में टमाटर, मिर्च, शिमला मिर्च, खीरा, बींस जैसी पौष्टिक सब्जियां और अनाज की खेती कर सकते हैं। इससे न केवल उत्पाद की गुणवत्ता बेहतर होती है, बल्कि बाजार मूल्य भी अधिक मिलता है। योजना के अंतर्गत 50 किसानों प्रतिशत तक की सब्सिडी व सरकारी अनुदान दिया जा रहा है।

इससे खेती अब पारंपरिक से हटकर व्यावसायिक रूप ले रही है। योगी सरकार की यह पहल न केवल खेती को आधुनिक बना रही है, बल्कि किसानों की आय को भी स्थायी और सुनिश्चित कर रही है। इस नवाचार से प्रदेश की कृषि व्यवस्था में व्यापक बदलाव देखने को मिल रहा है।

### यहां ग्रीन हाउस बनकर तैयार

लखनऊ में 3, बागपत 4, सहारनपुर 3, मेरठ 3, बहराइच 2, शामली 1, एटा 1, बरेली 2, कासगंज 2, कौशांबी 1, हरदोई 2, मिर्जापुर 1, उन्नाव 1, अलीगढ़ 1, शाहजहांपुर 1, सुल्तानपुर 1, कानपुर नगर 1, बाराबंकी 1, मुजफ्फरनगर 1, खीरी 1, सीतापुर 1, अमेठी 1, आगरा 1, गाजीपुर 1 ग्रीन हाउस बनकर तैयार है।

### इन जिलों में तेजी से हो रहा निर्माण

उन्नाव में 2, पीलीभीत 3, मुरादाबाद 2, हापुड़ 1, लखनऊ 2, चंदौली 2, शाहजहांपुर 1, बरेली 1, श्रावस्ती 1, सहारनपुर 2, मेरठ 1, मुजफ्फरनगर 1, बाराबंकी 2, शामली 2, बुलंदशहर 1, हमीरपुर 1, अलीगढ़ 1, गाजीपुर 1, कानपुर नगर 1, कन्नौज में 1 ग्रीन हाउस का निर्माण तेजी से किया जा रहा है।

### इटावा के मत्स्य निरीक्षक निलंबित

**अमृत विचार, लखनऊ :** शासन ने लापरवाही और गैर जिम्मेदाराना रवैये को लेकर इटावा जिले के मत्स्य निरीक्षक हिमांशु यादव को निलंबित कर दिया है। बीते दिनों विभागीय समीक्षा बैठक में हिमांशु यादव अनुपस्थित रहे, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई है। प्रमुख सचिव पशुपालन अमित कुमार घोष की अध्यक्षता में आयोजित मत्स्य और दुग्ध विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में हिमांशु यादव की गैरमौजूदगी को उन्होंने गंभीर अनुशासनहीनता माना और उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का निर्देश दिया।

### अंबर इंटरप्राइजेज करेगा 6000 करोड़ का निवेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. में अम्बर इंटरप्राइजेज 6000 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। कंपनी इलेक्ट्रॉनिक्स तथा प्रोडक्शन कंट्रोल बोर्ड (पीसीबी) की इकाई की स्थापना में यह निवेश करेगी। यह जानकारी कंपनी के प्रमोटर जसबीर सिंह ने बुधवार को यहां प्रदेश के अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नन्दी से मुलाकात के दौरान दी।

औद्योगिक विकास मंत्री ने बताया कि, अम्बर इंटरप्राइजेज के प्रमोटर जसबीर सिंह के साथ प्रदेश में निवेश को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने प्रदेश में 6000 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की, जो प्रदेश में विकास और समृद्धि के नए द्वार खोलेगा। मंत्री नन्दी ने कहा कि इससे प्रदेश के विकास के साथ ही युवाओं को रोजगार के अधिक अवसर मिलेंगे और प्रदेश आर्थिक रूप से और अधिक सशक्त बनेगा।

# प्रबंधन की विफलता निजीकरण का आधार नहीं बन सकती : समिति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश ने ऊर्जा मंत्री के वक्तव्य पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री का विकसित भारत का लक्ष्य बिजली को सार्वजनिक क्षेत्र में बनाए रखते हुए ही पूरा किया जा सकता है। संघर्ष समिति ने कहा कि बिजली आपूर्ति का रोज नया कीर्तिमान सार्वजनिक क्षेत्र में ही बिजली कर्मी बना रहे हैं। अगर कोई विफलता है तो प्रबंधन की है और प्रबंधन की विफलता निजीकरण का आधार नहीं बन सकती। इस बीच, निजीकरण के विरोध में 196वें दिन प्रदेश भर में बिजली कर्मियों का आंदोलन जारी रहा।

संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने कहा कि किसानों, उपभोक्ताओं व बिजली कर्मियों की 22 जून को लखनऊ में होने वाली बिजली महापंचायत में 'प्रधानमंत्री के विकसित भारत का लक्ष्य और सार्वजनिक क्षेत्र में बिजली' महत्वपूर्ण विषय होगा।

निजी क्षेत्र के पास बेहतर तकनीक व प्रबंध कौशल बताये जाने पर संघर्ष समिति ने कहा कि प्रबंध कौशल में कोई कमी है तो वह प्रबंधन की है। प्रबंधन की कमी के आधार पर प्रदेश के बेहद गरीब 42 जिलों पर बिजली का निजीकरण क्यों थोपा जा रहा है।

### उपभोक्ता परिषद ने नियामक आयोग में दाखिल की याचिका

**अमृत विचार, लखनऊ :** केंद्र सरकार की बिजली आपूर्ति सुधार की योजनाओं की रकम को खर्च कर बिजली कंपनियों को निजी घरानों को बेचा जा रहा है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद की ओर से बुधवार को राज्य विद्युत नियामक आयोग में दाखिल याचिका में यह आरोप लगाया गया। परिषद ने आयोग ने निजीकरण प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की। उपभोक्ता परिषद ने कहा कि बिजली कंपनियों में हर स्तर पर सुधार व कंपनियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए धन खर्च किया जा रहा है। इसमें दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम में लगभग 7434 करोड़, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम में 13,539 करोड़, पश्चिमांचल निगम में 12,695 करोड़, पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम में 9,481 करोड़ व केस्को में 943 करोड़ के सुधार कार्य चल रहे हैं। इसी बीच, दो बिजली कंपनियों को बेचने का निर्णय ले लिया गया। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि निजीकरण के विरोध में राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को पत्र भेजा गया है, जिसमें प्रकरण की सीबीआई से जांच कराने की मांग की गई है।

### स्वामी प्रसाद ने बनाया लोक मोर्चा, खुद को घोषित किया मुख्यमंत्री उम्मीदवार

**अमृत विचार, लखनऊ :** पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने कई दलों के साथ मिलकर लोक मोर्चा का गठन किया है। माना जा रहा है कि यह मोर्चा पंचायत चुनाव और डेढ़ साल बाद होने वाले विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए किया गया है। लोक मोर्चा का गठन करने के बाद स्वामी प्रसाद मौर्य ने विधानसभा चुनाव फिर से लड़ने का निर्णय लिया है। पूर्व मंत्री के निजी सचिव सज्जाद अली ने बताया कि लोक मोर्चा में सर्वसम्मति से स्वामी प्रसाद मौर्य को विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री पद का चेहरा सर्वसम्मति से घोषित किया गया है। वहीं लोक मोर्चा की आगामी रणनीति के बारे में स्वामी प्रसाद मौर्य गुरुवार को जानकारी साझा करेंगे।



# 23 पीसीएस अफसर होंगे प्रोन्नत, बनेंगे आईएएस

- 22 पीपीएस अफसर भी जल्द बनेंगे आईपीएस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** नई दिल्ली में बुधवार को डीपीसी (विभागीय पदोन्नति समिति) की बैठक हो जाने के बाद अब उप्र. को शीघ्र ही 23 आईएएस अफसर मिलने वाले हैं। इनमें से सभी पीसीएस अधिकारी प्रोन्नत होकर आईएएस बनेंगे। इसके अलावा 22 पीपीएस अफसर भी आईपीएस के लिए प्रोन्नत होंगे।

इन पीसीएस अधिकारियों में भानु प्रताप यादव, विधान जयसवाल, राजेश कुमार सिंह, बलराम सिंह, रणविजय सिंह, शैलेन्द्र भाटिया, गुलाब चंद्र, जयनाथ यादव, राम सुरेश वर्मा, दयानंद प्रसाद, विनोद कुमार गौड़, आलोक वर्मा, देवी प्रसाद पाल, अंजूलता, आलोक कुमार, सचिन कुमार सिंह, विवेक कुमार श्रीवास्तव, बसन्त अग्रवाल, वन्दिता श्रीवास्तव, महेंद्र कुमार सिंह, विनय कुमार सिंह, योगेंद्र कुमार, राजेश कुमार शामिल हैं। इस सूची में कुछ अन्य अधिकारियों के नाम और शामिल होने की संभावना है।

वहीं उप्र. को आईएएस के अलावा नए आईपीएस भी मिल सकते हैं। दरअसल, 22 पीपीएस (प्रांतीय पुलिस सेवा) अधिकारी शीघ्र ही आईपीएस बनने वाले हैं। गृह विभाग ने 1996, 1997, 1998 बैच के अधिकारियों के प्रस्ताव संघ लोक सेवा आयोग को भेज दिया है। स्वीकृति मिलते ही डीपीसी बैठक के बाद अधिकारियों को प्रोन्नति मिलेगी।

# संविधान को कमजोर कर रही भाजपा

## संविधान बचाओ सम्मेलन को सुप्रिया श्रीनेत ने किया संबोधित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** शहर कांग्रेस कमेटी लखनऊ के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी और डॉक्टर शहजाद आलम के नेतृत्व में संविधान बचाओ सम्मेलन कार्यक्रम बारादरी के पीछे सलेमपुर हाउस के मैदान में आयोजित हुआ। सम्मेलन में मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के लोग संविधान को लगातार कमजोर करने का कार्य कर रहे हैं। यह संविधान सभी धर्म और सभी वर्ग के लोगों के लिए एक समान है।



सम्मेलन में कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत को सम्मानित करते पार्टी पदाधिकारी।

अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि बाबा साहब के सपनों का भारत राहुल गांधी के नेतृत्व में ही बन सकता है, जिन्होंने पूरे देश की पदयात्रा कर वहां के लोगों का दर्द जानने का कार्य किया है। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी और डॉक्टर शहजाद आलम ने कहा कि आने वाले समय में हर विधानसभा स्तर पर संविधान बचाओ सम्मेलन और वार्ड स्तर पर भी संविधान बचाओ सम्मेलन का कार्यक्रम किया जाएगा।

# भीषण गर्मी : 1-2 दिन में बारिश की संभावना

- 5 से 10 दिनों के अंदर मानसून पहुंचने का अनुमान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में भीषण गर्मी कहर बरपा रही है। हालांकि अगले 48 घंटों के दौरान पूर्वी उप्र. में कहीं-कहीं पर बारिश और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। इसके बाद धीरे-धीरे 3-5 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट हो सकती है। न्यूनतम तापमान में भी 2-4 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आने की संभावना है। वहीं, 12-13 जून से राज्य के ज्यादातर जिलों में बारिश का दौर शुरू होने का अनुमान है। इस दौरान मेघगर्जन के साथ वज्रपात और 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी।

दरअसल, केरल में समय से 10 दिन पहले दक्षिण पश्चिम मानसून की दस्तक देने के बाद उप्र. में अगले 5-10 दिनों के अंदर मानसून के पहुंचने का अनुमान है। संभावना है कि 15 से 20 जून के बीच कभी भी मानसून प्रदेश में प्रवेश कर सकता है। सामान्य रूप से उत्तर प्रदेश में मानसून के 15 -20 जून को आता है, लेकिन इस बार समय से पहले मानसून के दस्तक देने की उम्मीद है। इस बार उप्र. में सामान्य से अच्छी बारिश होने की संभावना है।

# 11 जिलों में 15 नए एमएसएमई औद्योगिक क्षेत्रों की होगी स्थापना

- अलीगढ़, एटा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, ललितपुर, महोबा, रायबरेली, मऊ, मीरजापुर, प्रतापगढ़ व प्रयागराज में होगी स्थापना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश की उद्यमिता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को भी प्रश्रय देने के लिए एमएसएमई एस्टेट्स की स्थापना हो रही है। प्रदेश के 11 जिलों में 15 नए औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना के कार्य को गति देने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

इसके लिए सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग ने खाका तैयार किया है, जिसके अनुसार प्रदेश के विभिन्न जिलों में फैले इन एस्टेट्स की कुल 764.31 एकड़ क्षेत्र में स्थापना की जाएगी। यहां 872 प्लॉट्स निवेशकों के लिए अपना उद्यम स्थापित करने के लिए उपलब्ध कराया जाएगा।

इसी कवायद के तहत 11 जिलों में 15 एमएसएमई एस्टेट्स की स्थापना के लिए भी लैंड बैंक उपलब्ध कराए जाने की प्रक्रिया पर कार्य हो रहा है। इनके अंतर्गत, अलीगढ़ के गभाना में 116 एकड़, एटा के जलेसर में 6.8 एकड़, फिरोजाबाद के टूंडला में 19 एकड़, सिरसागंज में 10 एकड़, कानपुर देहात के अकबरपुर (कुंभी) में 59 तथा दुवारी में 172 एकड़, ललितपुर के बीघाखेत में 9.8 एकड़, पुलवारा में 44 एकड़, झरर में 8.6 एकड़ तथा महोबा में 37 एकड़ क्षेत्र में एमएसएमई औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना होगी।

इसी तरह, प्रयागराज के सदर में 8 एकड़, प्रगापगढ़ के रानीगंज में 39.7 एकड़, मीरजापुर के चुनार में 35 एकड़, मऊ के सदर में 84 एकड़ तथा रायबरेली सदर में 58 एकड़ क्षेत्र में एमएमएसई औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना की जाएगी।

### सरकारी अस्पतालों में कार्यरत 367 दंत सर्जन हुए स्थायी

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में वर्षों से कार्यरत अस्थायी दंत चिकित्सकों में 367 चिकित्सकों का स्थायीकरण हो गया है। राज्य सरकार ने बुधवार को नाम की सूची के साथ आदेश जारी कर दिया है। स्वास्थ्य विभाग के अनुभाग पांच से सचिव रितु माहेश्वरी द्वारा जारी आदेश में उप्र. दंत सर्जन सेवा नियमावली 1979 के संशोधित नियमावली 2017 एवं स्थायीकरण नियमावली के तहत दंत चिकित्सकों को स्थायीकरण प्रदान किया गया है। स्थायी करण प्राप्त करने वालों की सूची में सबसे पुराने सेवारत डॉ.सुधीर कुमार सिंह को वर्ष 2000 से, डॉ.अमित कुमार सिंह को 2001 से, डॉ.रामेश्वर प्रसाद को 2003 से व डॉ.राम शंकर विद्यार्थी को 2004 से स्थायी किया गया है। इसके अलावा अन्य 363 दंत सर्जन्स को 2011 से लेकर साल 2023 तक में विभिन्न तिथियों में स्थायी किया गया है।

# दिव्यांग विद्यार्थियों को मिलेगी सुगम्य वर्कशीट्स

- यूनिसेफ के सहयोग से विकसित की गई है सुगम्य वर्कशीट्स

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** योगी सरकार राज्य के लगभग 2.96 लाख विशिष्ट आवश्यकता वाले (दिव्यांग) विद्यार्थियों को यूनिसेफ के सहयोग से 'सुगम्य वर्कशीट्स' का विकास और वितरण करा रही है। ये वर्कशीट्स न केवल उनकी मूलभूत शैक्षिक दक्षताओं को मजबूत करेंगी, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास और स्वाभिमान के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देंगी।

बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह का कहना है कि योगी सरकार की प्राथमिकता है कि कोई भी बच्चा पीछे न छूटे, चाहे वह किसी भी सामाजिक, आर्थिक या शारीरिक परिस्थिति में क्यों न हो। 'सुगम्य वर्कशीट्स' से दिव्यांग बच्चे भी शिक्षा के हर स्तर पर बराबरी कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि इन वर्कशीट्स को कक्षा एक से आठ तक के विद्यार्थियों के लिए हिन्दी और गणित विषयों पर केंद्रित किया गया है। कक्षा एक से पांच के लिए कुल 1300 वर्कशीट्स तैयार किये गये हैं तो कक्षा छह से आठ के लिए 600 वर्कशीट्स। इस तरह इनके लिए कुल 1900 वर्कशीट्स तैयार हैं। इन वर्कशीट्स को पूर्ण दृष्टि दिव्यांग छात्रों को छोड़कर अन्य सभी श्रेणियों के दिव्यांग बच्चों के लिए इस प्रकार डिज़ाइन किया गया है कि वे रंगीन, आकर्षक और सरल भाषा में हों, ताकि वे रुचिपूर्वक और सहजता से सीख सकें। बेसिक शिक्षा मंत्री ने बताया कि वर्कशीट्स की छपाई पूर्ण हो चुकी है और सभी जिलों में उनकी आपूर्ति कर दी गई है। चरणबद्ध तरीके से ब्लॉक और विद्यालय स्तर पर वितरण किया जा रहा है। पहले सेट के अभ्यास और शिक्षक मूल्यांकन के बाद ही अगला सेट दिया जाएगा।

### स्पेशल एजुकेटर्स दूर करेंगे कठिनाइयां

संदीप सिंह ने बताया कि स्पेशल एजुकेटर्स को विद्यालयों में भ्रमण कर न केवल वर्कशीट्स की उपलब्धता करानी है, बल्कि बच्चों को आने वाली कठिनाइयों को समझकर समाधान भी देना है। इतना ही नहीं, उनकी मासिक रिपोर्ट की समीक्षा जिला समन्वयक करेंगे तथा उसी के अनुरूप फीडबैक व मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा।

### समाज कल्याण विभाग के पांच अधिकारियों के तबादले

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाज कल्याण विभाग में बुधवार को संयुक्त निदेशक समेत पांच अधिकारियों का तबादला कर दिया गया। सभी अधिकारियों को जल्द से जल्द अपने नवीन कार्यस्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिये गये हैं। आदेश के अनुसार, उप निदेशक सुनीता यादव को छत्रपति शाहू जी महाराज शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान गोमतीनगर, लखनऊ से स्थानांतरित कर मेरठ भेजा गया है, जबकि उप निदेशक आनंद कुमार सिंह को आगरा से मुख्यालय भेजा गया है। इसी तरह संयुक्त निदेशक पीके त्रिपाठी को राजकीय आईएएस-पीसीएस कोचिंग केंद्र निजामपुर हापुड़ से मुख्यालय लखनऊ, उप निदेशक श्रीनिवास द्विवेदी को मुख्यालय (प्रतीक्षारत) से कानपुर व उप निदेशक महिमा मिश्रा को कानपुर से आगरा स्थानांतरित किया गया है।

# यूपी के विजेता खिलाड़ी आज होंगे सम्मानित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने राष्ट्रीय विद्यालयी खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित करने की पहल की है। गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लोकभवन सभागार, लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में स्वर्ण पदक विजेता छात्र-छात्रा खिलाड़ियों को सम्मानित करेंगे। वहीं, रजत पदक और कांस्य पदक विजेताओं को जिला स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। दरअसल, पहली बार मुख्यमंत्री विद्यालयी खेल पुरस्कार (2024-25) कार्यक्रम के तहत यह आयोजन किया जा रहा है। समारोह में स्वर्ण पदक विजेता छात्र-छात्राओं को नगद पुरस्कार, शील्ड, प्रशस्ति-पत्र और मेडल प्रदान किए जाएंगे।

### हाईस्कूल व इंटर परीक्षा के टॉपर्स का होगा सम्मान

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को लोक भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में विभिन्न बोर्डों के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 के टॉपर विद्यार्थियों को सम्मानित करेंगे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में 166 मेधावी विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री एक-एक लाख रुपये, टैबलेट, प्रशस्ति-पत्र और मेडल देकर सम्मानित करेंगे। इनमें यूपी बोर्ड, संस्कृत शिक्षा परिषद, सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड के टॉप 10-10 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। इसी क्रम में सभी 75 जिलों में भी जिला स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित किए जाएंगे। जहां 1508 विद्यार्थियों (758 हाईस्कूल व 750 इंटरमीडिएट) को 21-21 हजार रुपये, टैबलेट, प्रशस्ति-पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा।

### भाजपा विधानसभा चुनाव में पैदा करना चाहती अराजकता : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा का चरित्र अलोकतांत्रिक है। इसका आचरण अधिनायकवादी है। भाजपा के नेता और कार्यकर्ता खुद अराजकता पर उतारू है। भाजपा भारतीय संविधान के लिए चुनौती बन गयी है। भाजपा उप्र. विधानसभा चुनाव में अराजकता पैदा करना चाहती है।

सपा प्रमुख बुधवार को पार्टी मुख्यालय में विभिन्न जिलों से आए कार्यकर्ताओं और नेताओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा नकारात्मक राजनीति करती है। विपक्षी नेताओं की छवि खराब करने के लिए अभियान चलाती है।

बढ़ते कदम

पीएम श्री योजना से स्कूलों का हुआ आधुनिकीकरण और पुनर्निर्माण

# शिक्षा व्यवस्था में बदलाव से मिल रहा बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर

- 1.91 करोड़ बच्चों को स्मार्ट क्लास की सुविधा
- रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना की शुरुआत
- प्री-प्राइमरी से सीनियर सेकेंडरी तक एक ही कैंपस में सभी सुविधाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** योगी सरकार में डिजिटल शिक्षा के माध्यम से छात्र भविष्य के लिए तैयार हो रहे हैं तो वहीं प्रोजेक्ट अलंकार के जरिए उन्हें बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर भी मिल रहा है। यही नहीं बालिकाओं को शिक्षित करने के साथ ही सशक्त बनाने के लिए 400 करोड़ रुपये के बजट से रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना की भी शुरुआत की जा रही है। योजना ऑपरेशन कायाकल्प के तहत प्रदेश के लगभग सभी विद्यालय जुड़ चुके हैं। इन स्कूलों में अब शौचालय, पेयजल, खेल मैदान, स्मार्ट क्लास और डिजिटल लाइब्रेरी जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। इतना ही नहीं, 1.91 करोड़ बच्चों को दो यूनिफॉर्म, स्वेटर, जूते, बैग के लिए हर साल अभिभावकों के खातों में सीधे धनराशि भेजी जा रही है।

**मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालय :** हर विधानसभा क्षेत्र में 25-30 करोड़ रुपये की लागत से एक मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालय स्थापित होने जा रहे हैं। ये विद्यालय प्री-प्राइमरी से सीनियर सेकेंडरी तक एक ही कैंपस में सभी सुविधाएं प्रदान करेंगे। इन विद्यालयों में अटल आवासीय विद्यालयों की तर्ज पर बच्चों को एक छत के नीचे सभी सुविधाएं मिलेंगी। इसके अलावा, प्रोजेक्ट अलंकार परियोजना के तहत प्रदेश के 2,441 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में 35 पैरामीटर्स की आपूर्ति करना है। इसके जरिए स्कूलों में नई कक्षाएं, प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय,



कंप्यूटर लैब, स्मार्ट क्लास, साफ पानी और शौचालय जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं।

**पीएम श्री योजना :** पीएम श्री योजना के तहत 1,500 से अधिक विद्यालयों में आधुनिक सुविधाएं दी जा रही हैं। करीब 6500 स्कूलों को नए सिरे से बनाया जा रहा है। उक्त क्रम में प्रदेश में 57 कंपोजिट विद्यालयों के लिए बजट स्वीकृत किया गया है, जो प्री-प्राइमरी से 12वीं तक एक ही कैंपस में शिक्षा देंगे। साथ ही कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में गरीब बालिकाओं के लिए 12वीं तक सुविधा कर दी गयी है। वनटांगिया गांवों में 22 प्राथमिक और 11 उच्च प्राथमिक विद्यालयों का निर्माण किया गया है।

**उच्च शिक्षा और तकनीकी प्रशिक्षण :** सहारनपुर, अलीगढ़, आजमगढ़, मीरजापुर, देवीपाटन और मुरादाबाद में नए विश्वविद्यालयों की स्थापना की गई, जिसमें से तीन शुरू हो चुके हैं। 150 आईटीआई में एआई, थ्रीडी प्रिंटिंग, ड्रोन और रोबोटिक्स आदि न्यू एज कोर्स शुरू किये गये। साथ ही 62 नए आईटीआई का भी निर्माण किया गया। यही नहीं, संस्कृत शिक्षा को भी बढ़ावा दिया गया, जिसके अंतर्गत पहली बार पूर्वा से आचार्य स्तर तक छात्रवृत्ति शुरू की गयी, विश्वविद्यालयों को मान्यता प्रदान की गयी।

# एमएसपी पर होगी मूंग और मूंगफली की खरीद

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में मूंग और मूंगफली की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर होगी। केंद्र सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद को मंजूरी दे दी।

बुधवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान व प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के बीच वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये हुई बैठक में यह जानकारी साझा की गई। बैठक में बताया गया कि प्रदेश के कृषि मंत्री ने प्रदेश के किसानों के जरिये उत्पादित जायद की मूंगफली और मूंग को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदने का आग्रह किया, जिसे केंद्रीय कृषि मंत्री ने स्वीकार कर लिया। शासन के अधिकारियों ने बताया कि जायद 2024-25 के लिए मूंग के क्रय का लक्ष्य 34,720 मीट्रिक टन और मूंगफली के क्रय का लक्ष्य 50,750 मीट्रिक टन निर्धारित किया गया है। केंद्र सरकार के इस निर्णय से प्रदेश के बड़ी संख्या में किसान लाभान्वित होंगे।

卐 पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा 卐
बस "खुश्बू" ही नहीं स्वाद भी है
"शुद्धता का एहसास" ••• भी है। •••
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

अपने आसपास की घटना, आयोजन की सूचना और फोटो हमें भेजें। इसे अखबार में प्रकाशित किया जाएगा।
इमेल
lkocityreporter@amritvichar.com
व्हाट्सएप
8112979390

**मौसम**

बादल छाए रहेंगे बूंदाबांदी होने की भी संभावना है।

| 35.0° | 29.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |

**शहर में आज**

- लखनऊ विश्वविद्यालय में विभिन्न देशों के छात्र-छात्राओं का योगाभ्यास - 6:00बजे।
- सरोजनी नगर ब्लॉक की ग्राम पंचायत नारायणपुर के पंचायत घर में जनकल्याणकारी योजना का शिविर- 10:00 बजे।
- लखनऊ विकास प्राधिकरण के ग्राउंड फ्लोर सभागार में मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब की अध्यक्षता में जनता दर्शन- 10:30 बजे।
- फ्रीडम फ्लोटिला के कार्यकर्ताओं की रिहाई की मांग को लेकर एडवा की ओर से मानव श्रृंखला बनाई जाएगी- 5:30 बजे।

**एक नजर**

### संघ लोक सेवा आयोग की रिक्रूटमेंट परीक्षा 15 को

**अमृत विचार, लखनऊ:** संघ लोक सेवा आयोग की रिक्रूटमेंट परीक्षा 15 जून को राजधानी के 4 परीक्षा केंद्रों पर होगी। परीक्षा एक पाली में सुबह 9:30 से 11:30 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा में लगभग 1586 परीक्षार्थी भाग लेंगे। परीक्षा की निगरानी के लिए जोनल और स्टैटिक मजिस्ट्रेट तैनात किये जाएंगे।

### सदन बुलाने को पार्षद ने महापौर को लिखा पत्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस पार्षद मुकेश सिंह चौहान ने महापौर सुषमा खर्कवाल को सदन बुलाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि 30 अगस्त 2024 को नगर निगम के सामान्य सदन की बैठक हुई थी। 10 महीने बीत चुके हैं। इससे लखनऊ की जनता की समस्याओं पर चर्चा नहीं हो पा रही साथ ही विकास कार्य भी अवरूद्ध हैं। भीषण गर्मी में नागरिकों को शुद्ध पेयजल की समस्या, काफी संख्या में खराब ट्यूबवेल, शहर में अनेक बंद मार्ग प्रकाश बिन्दु, पार्कों के हाईमास्क ठीक नहीं हो पा रहे, पार्कों में बंद पड़े सबमर्सिबल, बारिश से पूर्व नाला सफाई, खराब डोर-टू-डोर कूड़ा उठान की स्थिति आदि अनेक बिन्दुओं पर चर्चा नहीं हो पा रही है।

### दूसरे दिन लॉटरी से 78 भूखंड आवंटित

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण की अनंत नगर (मोहान रोड) आवासीय योजना के भूखंडों की लॉटरी के दूसरे दिन 112.5 वर्गमीटर के 78 भूखंड आवंटित किए गए। पारदर्शिता के लिए आवेदकों के अपने हाथ लॉटरी ड्रा की पर्ची निकाली। बुधवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मर्करी हॉल में अनंत नगर योजना के सेक्टर-6 आदर्श खंड में 3,055 आवेदकों के बीच भूखंडों की लॉटरी कराई गई। अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा ने अध्यक्षता की। इस प्रक्रिया में आवेदकों ने स्वयं पर्ची निकाली और नाम आने पर 112.5 वर्गमीटर के 78 भूखंड लॉटरी से आवंटित किए गए।

### कलेक्ट्रेट में लगाए गए 12 नए वाटर कूलर

**अमृत विचार लखनऊ :** कलेक्ट्रेट में 12 नए वाटर कूलर के अलावा फरियादियों के बैठने के लिए बेंच और पंखे लगाए गए हैं। प्रवेश द्वार के पास एक दूसरी लिफ्ट भी चालू हो गई है। कलेक्ट्रेट आने वाले दिव्यांगजन और आमजन भी इस लिफ्ट से प्रथम एवं द्वितीय तल पर जा सकेंगे। इस लिफ्ट के पास दिव्यांगजनों के लिए रैम्प भी बनाया गया है। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सुभी सिंह ने बताया कि वाटर कूलर के अलावा फरियादियों के लिए सभी कार्यालयों के बाहर बेंच भी लगाई गई हैं।

# आईपीएस के बेटे ने पुलिस चौकी में खींचकर सिपाही को पीटा, फाड़ी वर्दी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पत्नी के साथ कोतवाली पहुंचे आईपीएस बेटे को लेकर चले गए
- तीन साथियों पर रिपोर्ट दर्ज कोतवाली से दे दी गई जमानत

**अमृत विचार:** स्टेडियम पुलिस चौकी के पास रात में इनोवा कार में दोस्तों से झगड़ रहे आईपीएस के बेटे ने साथियों के साथ पुलिस चौकी में खींचकर सिपाही को पीटा और वर्दी फाड़ डाली। पुलिस चौकी में रखा सामान भी इधर-उधर फेंक दिया। पत्नी के साथ हजरतगंज कोतवाली पहुंचे एडीजी बेटे को लेकर चले गए। तहरीर में भी उसका नाम शामिल नहीं किया गया। पुलिस ने तीन हमलावरों पर रिपोर्ट दर्ज की, बाद में उन्हें कोतवाली से जमानत दे दी गई।

हजरतगंज कोतवाली सिपाही अर्जुन चौरसिया ने बताया कि 29 मई की रात में पालीगान 6 पर मौजूद था। देर रात गश्त के दौरान स्टेडियम पुलिस चौकी के पास सफेद रंग की इनोवा कार खड़ी मिली। कार में चार युवक किसी बात को लेकर झगड़ रहे थे। सिपाही हस्तक्षेप कर चारों को शांत कराने का प्रयास किया। आरोप है कि इस पर कार में सवार एडीजी का बेटा भड़क गया और साथियों संग गाली-गलौज शुरू कर दी।

इसके बाद चारों सिपाही को खींचकर स्टेडियम चौकी ले गए, वहां पीटा और वर्दी फाड़ डाली। पुलिस चौकी में रखी सरकारी संपत्ति को भी इधर-उधर फेंक दिया। रोकने पर सिपाही को जान से मारने की धमकी देकर दोबारा पीटा। सिपाही ने मदद के लिए शोर मचाया। इसी बीच हजरतगंज कोतवाली से पहुंचे पुलिस कर्मियों ने किसी तरह सिपाही को चंगुल से छुड़ाया। थाने पहुंचे आईपीएस अपने बेटे को लेकर चले गए। पुलिस ने तीन आरोपियों जयप्रकाश सिंह, अभिषेक चौधरी और सुमित कुमार से चौथे साथी के बारे में पूछताछ की लेकिन उन्होंने कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया। डीसीपी मध्य आशीष कुमार श्रीवास्तव के मुताबिक सिपाही से अभद्रता करने के आरोपी जयप्रकाश सिंह, अभिषेक चौधरी और सुमित कुमार को निजी मुचलके पर कोतवाली से जमानत दे दी गई थी। सिपाही ने तहरीर में सिर्फ तीन का ही नाम बताया था। मामले की विवेचना की जा रही है। हालांकि तहरीर में सिपाही ने लिखा कि पुलिस के आने पर एक युवक इनोवा लेकर भाग गया।

**आईपीएस की पत्नी ने रात्रि अधिकारी से की अभद्रता**

चर्चा है कि आईपीएस के बेटे ने अपने पिता को फोन कर दिया। कुछ देर बाद आईपीएस पत्नी के साथ कोतवाली पहुंच गए। सूत्रों के अनुसार कोतवाली में एडीजी की पत्नी ने रात्रि अधिकारी से अभद्रता की। इसके बाद इनोवा गाड़ी लेकर आईपीएस पत्नी व बेटे के साथ वहां से रवाना हो गए। सिपाही का कहना है कि चारों आरोपी नशे में धुत थे। उधर, मामला विभाग के अधिकारी से जुड़ा होने के चलते पुलिस भी मामले को दबाए रही। यही नहीं कुछ भी बोलने से बचती रही।

## वीआईपी ड्यूटी में लापरवाही पर टीएसआई निलंबित

**अमृत विचार, लखनऊः** वीआईपी ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर एक टीएसआई को निलंबित कर दिया गया है। टीएसआई आसिफ अख्तर की मंगलवार को वीआई मूवमेंट के दौरान भिठौली रेलवे क्रॉसिंग के पास ड्यटी लगी थी। डीसीपी यातायात कमलेश दीक्षित ने बताया कि वीआईपी ड्यूटी के दौरान कार्य में लापरवाही बरतने पर टीएसआई को निलंबित किया गया है।

# सीएचसी, पीएचसी और एएनएम सेंटरों में नहीं हैं पर्याप्त दवाएं

## मरीज हो रहे परेशान, जरूरी दवाएं बाहर से खरीदनी पड़ रहीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी के सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और एएनएम सेंटर में पर्याप्त दवाएं नहीं हैं। एशिनशियल ड्रग लिस्ट (ईडीएल) के अनुसार भी दवाएं अस्पताल में उपलब्ध नहीं हैं। अधिकारी ईडीएल के हिसाब से दवाएं मुहैया कराने में नाकाम हैं। दवाओं की कमी से मरीज परेशान हैं। उन्हें बाजार से दवाएं खरीदनी पड़ रही हैं।

मंडलायुक्त ने 4 जून को लखनऊ मंडल के सीएमओ की बैठक ली थी। इसमें अस्पतालों में दवाओं की उपलब्धता पर कमिश्नर ने चिंता जाहिर की। लखनऊ में सीएमओ के अधीन शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के अस्पतालों में उपलब्ध ईडीएल दवाएं तक नहीं हैं। सूत्रों का कहना है प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में 195 प्रकार की दवाएं होनी चाहिए, लेकिन 96 प्रकार की दवाएं ही उपलब्ध हैं। मानक से 50 प्रतिशत प्रकार की दवाएं भी उपलब्ध नहीं हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में 241 तरह की दवाएं होनी चाहिए, लेकिन 184 प्रकार की ही हैं।

एएनएम सेंटर भी बदहाल है। यहां 84 प्रकार की दवाएं होनी चाहिए किंतु 56 दवाएं ही उपलबध हैं। दवाओं के मामले में राजधानी लखनऊ से रायबरेली जिला बेहतर है। अधिकारियों का कहना है कि डॉक्टरों की उपलब्धता के अनुसार ही अस्पतालों में दवाएं मुहैया कराई जाती हैं। इमरजेंसी, ओपीडी व भर्ती मरीजों के लिए दवाएं निर्धारित की गई हैं।

**पुराने पर्चे पर लिखी जा रही नई दवा**

**अमृत विचार, लखनऊ:** ठाकुरगंज संयुक्त चिकित्सालय के चिकित्सकों ने बाहर की दवाएं लिखने का नया पैतरा निकाला है। अब फॉलोअप के लिए आने वाले मरीजों को पुराने पर्चे पर ही बाहर की दवाएं लिख रहे हैं। बुधवार को भी एक मरीज का वीडियो वायरल हुआ है। अस्पताल प्रशासन ने मामले की जांच करने की बात कही है। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सभी सरकारी अस्पतालों के चिकित्सकों को बाहर की दवाएं न लिखने के निर्देश जारी किया है। इसके बावजूद चिकित्सक मनमानी पर उतारू हैं। ठाकुरगंज संयुक्त चिकित्सालय की ओपीडी में रोजाना करीब 1500 मरीज आते हैं। 31 मई को टीबी एंड चेस्ट क्लीनिक के चिकित्सक पर कई मरीजों ने बाहर की दवाएं लिखने का आरोप लगाते हुए अस्पताल प्रशासन से शिकायत की थी। इस मामले में एडी मंडल डॉ. जीपी गुप्ता के निर्देश पर दो सदस्यीय जांच कमेटी बनाई गई है। जांच अभी प्रचलित है। बुधवार को भी टीबी एंड चेस्ट क्लीनिक के एक चिकित्सक ने फॉलोअप के लिए आए मरीज वरुण के पुराने पर्चे पर बाहर की दवाएं लिख दीं। इतना ही नहीं आरोप है कि चिकित्सक ने एक चिन्हित मेडिकल स्टोर से ही दवाएं लेने की बात कही। मरीज के मुताबिक मेडिकल स्टोर पर दवाएं करीब 800 रुपये कीमत की बताई गईं। पास में पैसे न होने से वह दवा नहीं खरीद सका। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। अस्पताल के सीएमएस डॉ. एसपी सिंह ने मामले की जांच कराने की बात कही है।

## कार्यवाहक निदेशक व बाबू पर भ्रष्टाचार का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मोती नगर के मोहित तिवारी ने भेजी राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को शिकायत

**अमृत विचार :** यूनानी निदेशालय के कार्यवाहक निदेशक और बाबू पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा है। मोती नगर के मोहित तिवारी ने यूनानी निदेशालय में फैले भ्रष्टाचार और अधिकारियों की मनमानी की शिकायत राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री से की है।

मार्च में सपा विधायक रविदास मेहरोत्रा ने भी यूनानी निदेशालय में फैली अनियमितता की शिकायत की थी। विशेष सचिव विधानसभा सचिवालय ने विधायक के पत्र को आयुष के प्रमुख सचिव को भेजकर कार्रवाई के लिए कहा था। विधायक ने प्रदेश के यूनानी महाविद्यालयों में विभिन्न बीमारियों के शोध के लिए आवंटित धन को मनमाने तरीके से खर्च करने, शोध कार्यों के परिणाम से शासन को अवगत न कराने का आरोप लगाया था। अब मोती नगर के मोहित ने आरोप लगाया है कि यूनानी के आला अधिकारी और कनिष्ठ लिपिक कर्मचारियों को प्रताड़ित कर रहे हैं। शासन स्तर में सेक्शन अधिकारी और विभागीय मंत्री के एक करीबी से साठगांठ होने के कारण आरोपी की कार्रवाई नहीं की जाती है। आरोप है कि 20 वर्ष से आरोपी बाबू एक ही जगह तैनात है। आरोप यह भी है कि वर्ष 2019 में एक छात्रा को प्रयोगात्मक परीक्षा में मिलीभगत कर अधिकतम अंक दिलाए गए। यूनानी निदेशक पर आरटीआई के संबंध में तीन बार 25000 रुपये का जुर्माना भी लगाया जा चुका है।



**उफ ये गर्मी** राजधानी में बुधवार को हालांकि तापमान में कुछ गिरावट दर्ज की गई, लेकिन तेज धूप ने लोगों को बेहाल कर दिया। हजरतगंज में धूप से बचने के लिए छाता लगाकर जाती युवती और बच्चे को तौलिया से ढककर ले जाती महिला। अमृत विचार

## चिनहट में निर्माणाधीन बिल्डिंग की सील

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने बुधवार को अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान चलाकर एक अवैध प्लाटिंग ध्वस्त करने के साथ एक बहुमंजिला बिल्डिंग को सील कर दी।

प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि सुनील गुप्ता, रामानंद व अन्य द्वारा सुल्तानपुर रोड पर कासिमपुर में लगभग छह बीघा में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग का करके कालोनी विकसित की जा रही थी।

प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराए बिना निर्माण करने पर सड़क, नाली, बाउन्ड्रीवॉल आदि ध्वस्त कर दिया। इसके अलावा प्रवर्तन टीम ने आरडी त्रिपाठी व अन्य द्वारा चिनहट में एसटीपी रोड पर एक हजार वर्गमीटर के भूखंड पर अवैध रूप से निर्मित की जा रही बहुमंजिला बिल्डिंग सील कर दी। यह बिल्डिंग पूर्व में बिना मानचित्र स्वीकृत कराए निर्माण करने पर सील की गई थी।

# छेड़छाड़ के विरोध पर सिपाही ने छात्रा को दूसरी मंजिल से फेंका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लोहिया अस्पताल में भर्ती छात्रा की रीढ़ की हड्डी में मिली चोट
- विरोध पर आरोपी ने पत्नी व साले संग परिवार को पीटा
- पीड़िता की मां की तहरीर पर बीबीडी थाने में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** बीबीडी इलाके में छेड़छाड़ का विरोध करने पर डॉयल-112 पर तैनात सिपाही ने पत्नी साले के साथ छात्रा को पीटा और मकान की दूसरी मंजिल से धक्का दे दिया। परिवार को भी पीटा और फर्जी मामले में जेल भेजने की धमकी दी। लोहिया अस्पताल में भर्ती छात्रा के रीढ़ की हड्डी में चोट बताई गई है। पीड़िता की मां की तहरीर पर बीबीडी थाने में सिपाही, उसकी पत्नी और साले के खिलाफ जानलेवा हमले, छेड़छाड़ और पॉक्सो एक्ट की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी सिपाही को गिरफ्तार कर लिया गया है। सिपाही की पत्नी ने भी छात्रा और उसके परिवार के खिलाफ तहरीर दी है। जिस पर पुलिस जांच कर रही है।

बीबीडी थाना क्षेत्र में एक मजदूर पत्नी और बेटी के साथ किराए के मकान में रहता है। मकान के दूसरे हिस्से में डॉयल-112 में तैनात सिपाही मुकेश यादव और उसकी पत्नी कुमकुम रहते हैं।

मजदूर ने बताया कि सिपाही इलाके में नए मकान का निर्माण करा रहा है। एक ही मकान में रहने के कारण मजदूर की कक्षा-9 में पढ़ने वाली बेटी अक्सर सिपाही की पत्नी से मिलने के लिए चली जाती है। आरोप है कि करीब तीन महीने से सिपाही छात्रा के साथ छेड़छाड़ कर रहा था। विरोध करने पर उसे धमकाता था।

मजदूर की पत्नी ने बताया कि सोमवार को भी सिपाही ने बेटी से छेड़छाड़ की। छात्रा ने मां और सिपाही की पत्नी को जानकारी दी। इस पर सिपाही की पत्नी छात्रा और उसके परिवार से विवाद करने लगी। इसी बीच सिपाही का साला आ गया।

विवाद शांत होने पर मजदूर काम पर जाने के लिए घर से निकला था। छात्रा दूसरी मंजिल पर बने कमरे में अकेली थी। इस बीच सिपाही, उसकी पत्नी और साले अंकित ने कमरे में घुस कर मारपीट कर छात्रा को दूसरी मंजिल से धक्का दे दिया। छात्रा के परिवार को भी पीटा। इंस्पेक्टर बीबीडी राम सिंह ने बताया छात्रा की मां की तहरीर पर सिपाही मुकेश यादव, कुमकुम यादव और अंकित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

इंस्पेक्टर ने बताया कि छात्रा की हालत में सुधार होने के बाद बयान दर्ज कराए जाएंगे। उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जनेश्वर मिश्र पार्क में बनेगा विशेष एडवेंचर जोन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- उपाध्यक्ष ने सफाई ठीक न मिलने पर फटकारा, रिपोर्ट तलब
- 15 मीटर ऊंचे मल्टी एक्टिविटी टावर पर होगा एडवेंचर स्पोर्ट्स

**अमृत विचार :** गोमती नगर स्थित जनेश्वर मिश्र पार्क में 15 मीटर ऊंचे मल्टी एक्टिविटी टावर पर एडवेंचर स्पोर्ट्स होंगे। यहां लोग जिप लाइन, स्काई साइकिलिंग के अलावा राइफल शूटिंग, आर्चरी, जाइंट स्विंग, रोलर कोस्टर, बुल राइड समेत विभिन्न तरह के खेलों का लुत्फ उठा सकेंगे।

लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बुधवार को पार्क का निरीक्षण किया। सफाई व्यवस्था संतोषजनक न मिलने पर संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाने के साथ कार्यदायी संस्था विमला एसोसिएट की रिपोर्ट तलब की है। उपाध्यक्ष ने बताया कि जनेश्वर मिश्र पार्क में गेट नंबर-4 के पास लगभग 1.5 एकड़ में विशेष एडवेंचर जोन बनेगा। इसमें जिप लाइन, स्काई साइकिलिंग, रोलर कोस्टर, स्काई रोलर आदि एडवेंचर गतिविधियां संचालित होंगी। इसके लिए लगभग 15 मीटर ऊंचा मल्टी एक्टिविटी टावर स्थापित किया जाएगा। इसके अलावा जाइंट स्विंग, बंजी जम्पिंग, रॉकेट इंजेक्शन, बुल राइड, वॉल एंड नेट क्लाइबिंग, राइफल शूटिंग व आर्चरी जैसे मनोरंजक गेम्स होंगे। पूरा एरिया पाथ-वे से कनेक्ट होगा। इससे लोगों को एडवेंचर जोन में आने-जाने में असुविधा नहीं होगी। साथ ही खाने-पीने के लिए दो कैंटीन संचालित की जाएंगी।



पार्क के निरीक्षण के दौरान जानकारी लेते एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार।

कार्यदायी संस्था को एडवेंचर जोन का कार्य तीन महीने में पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उपाध्यक्ष ने लक्ष्मण मेला स्थल पर लखनऊ वॉटर स्पोर्ट्स का भी निरीक्षण किया। यहां गोमती नदी में जेटस्की, स्पीड बोट व मोटर बोट ट्रॉयल रन का संचालन देखा। कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि लोगों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखते हुए स्पोर्ट्स गतिविधियों का संचालन किया जाए।

**वॉटर बॉडी पर बनेगा पेडेस्ट्रियन ब्रिज**

उपाध्यक्ष ने देखा कि जनेश्वर मिश्र पार्क में वॉटर बॉडी व रोज गार्डन की ओर से राष्ट्रध्वज की तरफ जाने के लिए लोगों को लंबा चक्कर लगाकर काफी दूरी तय करनी पड़ती है। लोगों की सुविधा के लिए वॉटर बॉडी पर नया पेडेस्ट्रियन ब्रिज बनाने के निर्देश दिए। कहा कि कंसल्टेंट के माध्यम से ब्रिज की आकर्षक डिजाइन तैयार कराई जाए। इसके बाद मरीन ड्राइव स्थित एडीसीपी कार्यालय के पास गोमती रिवर फ्रंट पर विकसित किए जा रहे फूड कोर्ट के कार्य का निरीक्षण किया। फूड कोर्ट पर पीपीपी मोड पर 10 दुकानें निर्मित की जा रही हैं। निर्देश दिए कि एक माह के अंदर कार्य पूर्ण कराकर दुकानों का संचालन शुरू किया जाए।

## केजीएमयू के डॉक्टर और छात्र सहित आठ कोरोना संक्रमित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी में कोरोना संक्रमितों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। 24 घंटे में केजीएमयू के रेजिडेंट डॉक्टर और एमबीबीएस छात्र सहित आठ नए कोरोना संक्रमित मिले हैं। इनमें तीन महिलाएं हैं। सभी को होम आइसोलेट कर दिया गया है।

केजीएमयू के गायनी ऑन्कोलॉजी विभाग की सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर की रिपोर्ट मंगलवार को पॉजिटिव आई है। वह गृह जनपद लखीमपुर खीरी चली गईं हैं। केजीएमयू में एमबीबीएस तृतीय वर्ष की छात्र की रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई है। इंदिरा नगर के मयूर विहार कॉलोनी के 61 वर्ष के बुजुर्ग की रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई है। उन्हें दिल की गंभीर परेशानी है। डॉक्टरों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती होने की सलाह दी है।

इसके अलावा 33 वर्षीय महिला रक्षा खंड उद्यान, कल्याणपुर के केशव विहार निवासी 42 वर्षीय पुरुष, 66 वर्षीय पुरुष शारदा नगर, 30 वर्षीय महिला चौक, 30 वर्षीय महिला महानगर, 35 वर्षीय पुरुष सरोजिनी नगर, 29 वर्षीय पुरुष चौक निवासी है। सभी मरीज घर पर ही है। स्वास्थ्य विभाग की टीम निगरानी कर रही है।

**अवसर** जिले की सभी ग्राम पंचायतों में मई से अब तक श्रमिकों ने खोदे 2.52 लाख गड्ढे

# पौधरोपण अभियान ने बढ़ाया मनरेगा में रोजगार का ग्राफ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** जिले में पौधरोपण अभियान की तैयारी ने मनरेगा में रोजगार का ग्राफ बढ़ा दिया है। सभी ग्राम पंचायतों में कार्य शुरू होने से कार्यों की प्रगति 100 फीसदी तक पहुंच गई है। इस अभियान में बारिश भर श्रमिकों को काम मिलता रहेगा।

जिले की कुल 484 ग्राम पंचायतों में अप्रैल तक 40 फीसदी में ही मनरेगा के तहत कच्चे-पक्के काम हुए। अन्य में काम की शुरुआत तक नहीं हुई। काम के साथ रोजगार का ग्राफ नहीं बढ़ा। इधर, मई में विकास कार्यों के अतिरिक्त मनरेगा को 12.40 लाख पौधरोपण का लक्ष्य मिला तो ग्राम पंचायतों में अभियान की तैयारी शुरू हो गई। पौधरोपण के लिए श्रमिक गड्ढे खोदने में जुट गए हैं। इस अभियान में 9,735 श्रमिकों को रोजगार मिल गया है। ये श्रमिक एक माह में 2.52 लाख गड्ढे खोद चुके हैं। शेष कार्य करीब 10 दिन में पूरा हो जाएगा। इसके बाद पौधरोपण का कार्यक्रम घोषित होने पर यही श्रमिक पौधे लगाएंगे। पौधरोपण का यह कार्य बारिश भर चलेगा। इससे श्रमिकों को दो माह तक बराबर रोजगार मिलेगा।



बीकेटी में पौधे लगाने के लिए गड्ढे खोदते मनरेगा मजदूर। अमृत विचार

**64,858 मानव दिवस सृजित**

इस वर्ष मनरेगा को 6 लाख मानव दिवस सृजित करने का लक्ष्य मिला है। अप्रैल तक प्रगति बेहद खराब थी। 484 ग्राम पंचायतों के सापेक्ष करीब 200 में काम शुरू हुए थे। इधर, पौधरोपण अभियान के तहत 64,858 मानव दिवस सृजित हुए हैं। पौधरोपण अभियान के अलावा पिछले माह की बकाया मजदूरी मिलने से भी श्रमिकों का मनरेगा के कामों में रुझान बढ़ा है।

बारिश भर अन्य कच्चे-पक्के कार्य प्रभावित रहेंगे। उपायुक्त रोजगार श्रम सुशील कुमार सिंह ने बताया कि सभी ग्राम पंचायतों में काम चल रहे हैं। पौधरोपण की तैयारी के साथ जल संरक्षण के कार्य कराए जा रहे हैं।

# जोनल अधिकारी के खिलाफ प्रदर्शन

## सफाईकर्मी से अभद्रता और जातिसूचक टिप्पणी का आरोप

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** जोनल अधिकारी के खिलाफ बुधवार को नगर निगम के नियमित और संविदा कर्मियों ने प्रदर्शन किया। उन पर सफाई कर्मियों से अभद्रता और जातिसूचक टिप्पणी का आरोप लगाकर कार्रवाई करने व जोन-6 से हटाने की मांग की। इस संबंध में नगर आयुक्त गौरव कुमार और नगर स्वास्थ्य अधिकारी पीके श्रीवास्तव को ज्ञापन दिया है।

लखनऊ सफाई कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष ज्ञान चंद्र भारती ने बताया कि 9 जून को जोनल अधिकारी मनोज यादव ने जोन-6 के सआदतगंज वार्ड में निरीक्षण किया था। उन्हें नाले के पास कूड़े का



प्रदर्शन करते कर्मचारी।

ढ़ेर मिला। आरोप है कि बीट इंचार्ज रोहित धानुक से अभद्र व्यवहार धक्का मुक्की की।

जातिसूचक गालियां देते हुए रोहित से जबरन नाली की सफाई कराई और नौकरी से निकालने की धमकी दी। जोनल अधिकारी के अभद्र व्यवहार से आहत रोहित को कुछ देर बाद ही दिल का दौरा पड़ गया। कर्मचारियों ने उन्हें लारी में भर्ती कराया, आराम मिलने पर घर भेज दिया। घर पहुंचने पर फिर तबियत बिगड़ गई। इसके बाद ऐशबाग के पीली कॉलोनी स्थित रंजना मिश्रा अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां उपचार चल रहा है।

भारत ने आरोप लगाया कि पूर्व में भी जोनल अधिकारी कई बीट इंचार्ज से अभद्र व्यवहार कर चुके हैं। सफाई कर्मचारियों ने नगर आयुक्त से जोनल अधिकारी पर कार्रवाई करने और जोन-6 से हटाने की मांग की है। अध्यक्ष ने कहा कि जोनल अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो जोन-6 के सभी सफाई कर्मचारी काम बंद करके जोनल कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन करेंगे।

# घंटों बिजली न आने पर लोगों ने किया उपकेंद्रों का घेराव

## फैजुल्लागंज और श्रृंगार नगर में सप्लाई हो रही बाधित, व्यापारियों ने चेताया- नहीं सुधरी बिजली व्यवस्था तो होगा प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी के बीच राजधानी के कई इलाकों में घंटो सप्लाई बाधित रही। बुधवार को फैजुल्लागंज और श्रृंगार नगर में सप्लाई के बाधित होने से नाराज उपभोक्ताओं ने उपकेंद्र पर प्रदर्शन किया। इसके साथ ही आलमनगर न्यू उपकेंद्र का घेराव भी किया। उपभोक्ताओं के अनुसार, फैजुल्लागंज चतुर्थ में चार-पांच दिनों से बिजली की समस्या बनी हुई है। 24 घंटे में यहां के लोगों को 10 से 12 घंटे ही बिजली मिल रही है। दिन-रात घंटों बिजली कटौती से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। बिजली जाने के बाद कब आएगी, कोई जवाब देने वाला नहीं है। मंगलवार रात 11 बजे कटी



बिजली जब तीन बजे तक नहीं आई तो आक्रोशित उपभोक्ता उपकेंद्र पर पहुंच गए। यहां किसी कर्मचारी के न होने पर नाराज लोगों ने बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी की। लोगों ने कहा कि रात को 11 बजे बिजली काट दी जा रही, जो कभी केंद्र से रात को बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। घंटों न आने पर नाराज उपभोक्ताओं ने उपकेंद्र पर रात एक तो कभी दो बजे आती है। आज तो हद कर दी, रात तीन बजे तक कटौती रही। श्रृंगार नगर उपकेंद्र पर प्रदर्शन किया।

बुधवार को आलमबाग व्यापार मंडल अध्यक्ष विजय सनमुख की देखरेख में व्यापारियों ने एसडीओ श्रृंगार नगर नरेंद्र यादव से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि 25 दिनों से घंटों बिजली आपूर्ति ठप कर दी जा रही है। शाम को कटौती से व्यापार चौपट हो रहा है। आम लोग परेशान हैं। अगर जल्द ही बिजली आपूर्ति में सुधार नहीं किया गया व्यापारी प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे। इस मौके पर काफी संख्या में व्यापारी थे।

आलमनगर न्यू उपकेंद्र का घेराव आलमनगर न्यू उपकेंद्र के आरडीएसओ फीडर के एक फेज का जंपर रात 12:33 बजे जल गया। इसके कारण इससे जुड़े क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। घंटों बिजली नहीं आने से नाराज स्थानीय लोगों ने उपकेंद्र का घेराव कर दिया। अधिकारियों और कर्मचारियों ने शीघ्र आपूर्ति बहाली का आश्वासन देकर शांत कराया। विभाग के अनुसार लोड को शिफ्ट किया गया था, पर उस लाइन पर इंद्रलोक उपकेंद्र का लोड भी था। ऐसे में पूरा लोड एक साथ नहीं चल पाने से आपूर्ति बाधित हुई।

### लाइन में आग लगने से ठप हो गई आपूर्ति

कानपुर रोड पर अमौसी मेट्रो स्टेशन के पास नादरगंज पावर हाउस से जुड़ी बिजली की लाइन में देर रात अचानक आग लग गई। स्थानीय लोगों ने पावर हाउस पर फोन कर आपूर्ति बंद कराई। उसके बाद स्थानीय लोगों ने सरोजनी नगर फायर स्टेशन को फोन कर खुद आग बुझाने में लग गए। दमकल वाहन जब तक आते आग पर काबू पा लिया गया। आग लगने के कारण क्षेत्र में लगभग तीन घंटे आपूर्ति बाधित रही।

### रात में इन स्थानों पर भी रहा संकट

अहिबरनापुर में ओवरलोडिंग के कारण रात 11 बजे बिजली आपूर्ति ठप हो गई। नाराज लोगों ने 12 बजे उपकेंद्र पहुंच कर रोष जताया। विभाग के अनुसार, आधा घंटा में आपूर्ति बहाल कर दी गई। खदरा सब स्टेशन पर ब्रेकडाउन के कारण दो घंटे आपूर्ति बाधित रही। त्रिवेणी नगर में 10 एमवीए के ट्रांसफार्मर में आई खराबी के कारण देर रात एक घंटा आपूर्ति बाधित रही। विकासनगर लाइन में ब्रेक डाउन के कारण खुर्रम नगर और आसपास के क्षेत्र में दो घंटे बिजली नहीं आई। न्यू कैंपस उपकेंद्र के ब्रेकडाउन होने के कारण नाऊखेड़ा, मुस्लिम नगर, कोटवा, नंदना, गुमानी का पुरवा, मगथ, चंदा का डेरा, भीखापुरवा, अस्ती रोड, विजयपुर, दिनकरपुर झलुआ आदि क्षेत्रों में आपूर्ति बाधित रही। नादरगंज न्यू सब स्टेशन के 10 एमवीए ट्रांसफार्मर को इमरजेंसी शटडाउन लेना पड़ा। जिसके कारण चिल्लावां, अली नगर सुनहरा, नादरगंज औद्योगिक क्षेत्र और आसपास के इलाकों में ढाई से तीन घंटे बत्ती गुल रही।

### बिजली की आवाजाही से गर्मी से बेहाल उपभोक्ता

**अमृत विचार, काकोरी :** विद्युत उपकेंद्र काकोरी के तहत दुर्गागंज फीडर में दिनभर बिजली की आवाजाही लगी रही। इससे दुर्गागंज, बाजनगर, आबिद खेड़ा, मंडौली, गोलकुंवा सहित आसपास के हजारों उपभोक्ता भीषण गर्मी और उमस से परेशान रहे।

## एक नजर

### चिकित्सकों ने प्लास्टिक प्रदूषण के खतरों को लेकर किया जागरुक

**अमृत विचार, लखनऊ :** विश्व पर्यावरण दिवस पर बुधवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और माइको लैव मेकर्स ऑफ डोलो के तत्वावधान में जागरूकता संगोष्ठी आयोजित की गई। रिवर बैंक कॉलोनी स्थित आईएमए भवन में आयोजित कार्यक्रम में आईएमए लखनऊ के सचिव डॉ. संजय सक्सेना ने प्लास्टिक प्रदूषण के खतरों को उजागर करते हुए आम लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुक किया। उन्होंने प्लास्टिक प्रदूषण को एक वैश्विक समस्या बताया। आयोजन का उद्देश्य सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को कम करना और विकल्पों को अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष डॉ. पीके गुप्ता, सचिव डॉ. पियाली भट्टाचार्य, पूर्व अध्यक्ष डॉ. राकेश सिंह, एचबीआई सचिव डॉ. प्रांजल अग्रवाल ने पौधारोपण किया। कार्यक्रम में मेकर्स लैब के जोनल मैनेजर अबरार हुसैन जाफरी, रीजनल मैनेजर सैयद शबीब जाफरी भी मौजूद रहे।

# प्रोटेक्शन बिल ठंडे बस्ते में, मारपीट करने वालों पर कार्रवाई करें तो कैसे

## आएदिन बिजली कर्मचारियों के साथ होती है मारपीट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ठाकुरगंज के गऊघाट की जाफरिया कॉलोनी में बीती शनिवार को कटिया लगाकर बिजली चोरी की शिकायत मिली। चेकिंग के लिए पहुंचे बिजली कर्मचारियों को आसपास के लोगों ने घेर लिया। इसके बाद लोगों ने मौके पर मौजूद बिजली कर्मचारियों के दस्ते पर हमला कर दिया। इस हमले में जेई समेत कई कर्मचारी पिटे और उन्हें गंभीर चोटें आईं।

दूसरा मामला जीएसआई उपकेंद्र का है। दो महीने पहले बिल के बकाये के लिए गये कर्मचारी के साथ परिवार के लोगों ने मारपीट शुरू कर दी। आसपास के लोग भी अभद्रता पर उतारू हो गए। बिजली कर्मचारियों ने यहां से भाग लेने में ही अपनी भलाई समझी। इस बात की जानकारी कर्मचारियों ने अपने अधिकारियों को दी।

बीती 31 मई को बिजली गुल होने के बाद क्षेत्रीय लोग अहिबरनपुर उपक्रेंद्र में घुस गए। यहां पर इन लोगों ने उपकेंद्र पर जमकर हंगामा किया। कर्मचारियों से झगड़ा करने के बाद सड़क पर पांच घंटे तक जाम लगाया। मामला बढ़ता देख इस दौरान बिजली कर्मचारी उपकेंद्र को छोड़कर भाग निकले। बाद में वरिष्ठ अधिकारियों ने क्षेत्रीय लोगों को समझा-बुझा कर वापस भेजा।

यह हादसे तो बानगी भर हैं। आए दिन विभिन्न क्षेत्रों में बिजली कर्मचारियों के साथ कभी मारपीट तो कहीं से उनको खदेड़े जाने की सूचना आ रही है। ऐसे में विभागीय कर्मचारी परेशान हैं कि वह बिजली चोरी की सूचना मिलने या बिल वसूलने के साथ बिजली गुल होने की दशा में उपकेंद्र में रुकें या वहां से चले जाएं। वैसे तो कर्मचारियों को लेकर सख्त सरकारी नियम प्रोटेक्शन बिल के रूप में मौजूद है। लेकिन कर्मचारियों के प्रोटेक्शन की ओर जिम्मेदारों का ध्यान नहीं है। कर्मचारी कहते हैं कि अधिकारी इलाकों में नहीं जाते हैं। अधिकांश जगहों पर लाइनमैन या संविदा कर्मचारी ही जाते हैं। फोर्स के लिए पुलिस के जिम्मेदारों से भी संपर्क किया जाता है। लेकिन उन्हें न पुलिस बल मिलता है और न ही सुरक्षा।

पुराने लखनऊ कई इलाके बालागंज, दुबग्गा, चौक, नक्खास, सआदतगंज, बिल्लौचपुरा, मौलवीगंज, कसाई बाड़ा, राजाजीपुरम, ऐशबाग सहित फैजुल्लागंज के कई क्षेत्रों में इस तरह के मामले लगातार बढ़ रहे हैं।

### घटनाओं को रोकने के लिए बना है प्रोटेक्शन बिल

उत्तर प्रदेश बिजली समिति के महामंत्री सुहैल आबिद के अनुसार मारपीट की घटनाओं को रोकने के लिए 2003 में बिजली प्रोटेक्शन बिल लाया गया था, जिसमें कर्मचारी या अभियंता सहित किसी भी अधिकारी के साथ होने वाली अप्रिय घटनाओं के लिए कड़ी कार्रवाई का प्रावधान किया गया है, लेकिन वह सिर्फ कागजों में सिमट कर रहा गया है। इस कानून को आज तक प्रभावी रूप से लागू नहीं किया गया है। इसी के चलते इस तरह की घटनाएं बार-बार हो रही हैं।

> कटिया या बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। कोशिश होगी कि पुलिस बल के साथ ही जांच अभियान आगे बढ़ाया जाए।
>
> –रजत जुनेजा, मुख्य अभियंता, सिस गोमती

# सेवा केंद्रों पर लोगों को न पानी मिल रहा न पंखा

## राजधानी के विद्युत उपकेंद्रों के सेवा केंद्रों पर उपभोक्ताओं को नहीं मिल पा रहीं सुविधाएं

**दृश्य-1** वीआईपी क्षेत्र में शुमार निराला नगर उपकेंद्र के सेवा केंद्र में पेयजल की समस्या है। यहां लगी पानी की मशीन खराब है। खाली पानी के जार इधर-उधर लुढ़कते दिखे। परिसर में लगा नल भी शो पीस है। बिल जमा करने से लेकर मीटर रीचार्ज के लिए लाइन में लगे उपभोक्ताओं को हवा देने के लिए लगा पंखा भी खराब है। इससे उपभोक्ता गर्मी से बेहाल होते दिखे। शौचालय भी गंदा है। इससे सबसे अधिक परेशानी महिलाओं को हो रही है।

**दृश्य-2** सरोजनीनगर के गहरू पावर हाउस में बड़ी संख्या में उपभोक्ता समस्याओं के निवारण कराने के लिए मौजूद थे। यहां उपभोक्ताओं के लिए पेयजल और शौचालय की कोई व्यवस्था नहीं थी। केंद्र पर एक पत्थर पर पानी का डब्बा रखा था। इसमें पानी खत्म होने के बाद उपभोक्ताओं को भटकना पड़ा।

**दृश्य-3** बिजनौर के शारदानगर विस्तार उपकेंद्र में न तो पेयजल की व्यवस्था थी और न ही शौचालय की। उपभोक्ता पीने के पानी के लिए परेशान दिखे।



निरालानगर उपकेंद्र पर खाली पड़े पानी के जार।



सेवा केंद्र का बंद पड़ा पंखा।

नीरज अभिषेक, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी के विद्युत उपकेंद्रों के ज्यादातर सेवा केंद्रों पर पेयजल, हवा के लिए पंखों और शौचालय की सुविधाओं का अभाव है। आरओ मशीन खराब पड़ी हैं। ज्यादातर जगह सबमर्सिबल पंप भी काम नहीं कर रहे हैं। पंखे खराब होने से इस भीषण गर्मी में उपभोक्ता बेहाल हो रहे हैं और पेयजल के लिए उन्हें भटकना पड़ रहा है। सेवा केंद्रों पर प्रतिदिन डेढ़ से 200 तक उपभोक्ता बिल, नया कनेक्शन, बिलों का समायोजन और मीटर रीचार्च कराने जैसे कार्य के लिए पहुंचते हैं।

### इन उपकेंद्रों पर भी दिक्कतें

▶▶ महानगर उपकेंद्र में लगी आरओ मशीन खराब, गंदा शौचालय

▶▶ जीएसआई अलीगंज पावर हाउस में एक ही नल दिखा। यहां पर कर्मचारियों ने बताया कि इससे गंदा पानी आता है। यहां आरओ मशीन खराब पड़ी है।

▶▶ जीवीआरए जानकीपुरम पावर हाउस में सप्लाई का एक ही पंप लगा है। जो जरूरत के हिसाब से नाकाफी है।

▶▶ यही हाल पूरे ट्रांसगोमती के बिजली उपकेंद्रों का है।

▶▶ इंदिरा नगर के एचसीएल पावर हाउस में भी एक ही नल लगा है, जिससे पानी नहीं आता है। लिहाजा उपभोक्ता पानी खरीदकर पीने को मजबूर है। इसका फायदा आसपास के दुकानदार पानी की बोतल की मनमानी कीमत वसूलते हैं।

> अधिकांश उपकेंद्रों पर पेयजल और शौचालय की व्यवस्था को सुनिश्चित की गई है। जिन उपकेंद्रों पर यह व्यवस्था नहीं है और उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, उसे तत्काल दूर कराया जायेगा।
>
> –रजत जुनेजा
> मुख्य अभियंता, सिसगोमती

## सार-संक्षेप

### स्थानांतरण के तनाव से राहत देने की मांग



बलरामपुर अस्पताल में चिकित्सा स्वास्थ्य महासंघ की बैठक में शामिल संगठन के पदाधिकारी।

**अमृत विचार, लखनऊ :** बलरामपुर चिकित्सालय में बुधवार को चिकित्सा स्वास्थ्य महासंघ की बैठक संघ के प्रधान महासचिव अशोक कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग में रिक्त पदों को भरने के लिए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। इसके अलावा, स्थानांतरण सत्र के दौरान नीतिगत स्थानांतरण के संबंध में चर्चा की गई और यह निर्णय लिया गया कि पैरामेडिकल कर्मचारियों को भी चिकित्सकों और नर्सिंग संवर्ग की तरह सेवा काल के आधार पर स्थानांतरण की बाध्यता से मुक्त रखा जाए। चिकित्सा स्वास्थ्य महासंघ ने प्रमुख सचिव और महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य उप्र. को पत्र लिखकर निवेदन किया है कि वर्तमान में भीषण गर्मी और कोविड संक्रमण की आशंका के मद्देनजर चिकित्सालयों में मरीजों की संख्या अधिक होने के कारण, चिकित्सा सेवाओं में कार्यरत कर्मचारियों और अधिकारियों को स्थानांतरण के तनाव से मुक्त होकर अपने राजकीय कर्तव्यों का निर्वहन करने का अवसर मिलना चाहिए। बैठक में विभिन्न एसोसिएशनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिनमें डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन से कपिल वर्मा, अरुण अवस्थी, रजत, श्रवण सचान, लैब टेक्नीशियन एसोसिएशन से कमल श्रीवास्तव, सुनील कुमार और राजकीय नर्सेज संघ से मनीषा, महेंद्र नाथ श्रीवास्तव, जितेंद्र बहादुर सिंह, गीताशुवर्मा, अमिता रौस, राजकीय आप्टोमेटिस्ट एसोसिएशन उप्र. से सर्वेश पाटिल, एक्सरे टेक्नीशियन एसोसिएशन से राम मनोहर कुशवाहा, दिलीप कुमार, डार्क रुम सहायक संवर्ग से भानु राय आदि प्रमुख थे। इस बैठक में लिए गए निर्णयों से आम जनमानस को चिकित्सा सेवाओं में सुधार और कर्मचारियों के हितों की रक्षा करने में मदद मिलेगी।

### आउटरीच कार्यक्रम में समझाया करदाताओं का योगदान



एलआईसी हजरतगंज कार्यालय में आयोजित आउटरीच कार्यक्रम में जानकारी देते आयकर अधिकारी।

**अमृत विचार, लखनऊ :** आयकर निदेशक एसएच उस्मानी के नेतृत्व में एलआईसी हजरतगंज कार्यालय में एक आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें एलआईसी के अधिकारियों और कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। इसमें आयकर विभाग के अधिकारियों की ओर से एलआईसी कर्मचारियों की शंकाओं से संबंधित प्रश्नों के उत्तर दिए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य आयकर दाखिल करने, कटौती, छूट और राष्ट्र निर्माण में करदाताओं की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूकता फैलाना था। आयकर निदेशक एसएच उस्मानी ने कहा कि अपने पैन को सरकार द्वारा अधिकृत संस्थाओं से ही साझा करें अन्यथा जाने अनजाने आप किसी षड्यंत्र का शिकार हो सकते हैं। आयकर अधिकारी नीरज श्रीवास्तव ने आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने की सही प्रक्रिया और जिम्मेदारी के साथ उपलब्ध कटौती और छूट का सही दावा जैसे महत्वपूर्ण विषयों को विस्तार से समझाया। कार्यक्रम में आयकर निदेशक एसएच उस्मानी, अपर आयकर निदेशक आरआरएन शुक्ला, उप आयकर निदेशक अशोक कुमार विश्रांत, आयकर अधिकारी चित्रसेन सिंह, नीरज श्रीवास्तव, गौरव प्रकाश, ब्रजेश यादव आदि उपस्थित रहे। वहीं एलआईसी की ओर से वरिष्ठ मंडल प्रबंधक संजय कुमार सिंह मौजूद रहे।

# शिक्षामित्रों ने किया पोस्टकार्ड प्रदर्शन


- 16 दिनों से दे रहे इको गार्डन में धरना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** शिक्षामित्रों ने इको गार्डन में पोस्टकार्ड प्रदर्शन किया। शिक्षामित्रों ने अपनी समस्याओं को पोस्टकार्ड के माध्यम से सीएम योगी को भेजा। प्रदेशभर से इकट्ठा हुए शिक्षामित्रों ने जमकर नारेबाजी की। उन्होंने भीख नहीं सम्मान चाहिए, पूरा वेतन मान चाहिए का नारा लगाया।

शिक्षामित्रों का कहना है कि यूपी में करीब 50 हजार शिक्षामित्र हैं जो टीईटी व सीटेट पास हैं और राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीटीई) के मानकों के अनुसार पूरी तरह योग्य हैं। फिर भी लंबे समय से पक्की नौकरी का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 25 साल तक शिक्षा के क्षेत्र में मेहनत की लेकिन उन्हें स्थायी नौकरी नहीं मिली। प्रदर्शन में आए शिक्षामित्रों ने कहा कि विगत कई वर्षों से हम लोग दर-दर की ठोकर खा रहे हैं मगर सुनवाई नहीं हो रही है। लखनऊ में 16 दिनों से लगातार धरना दे रहे हैं। दो वक्त की रोटी की मांग को लेकर हम लोग संघर्ष कर रहे हैं। प्रदेश भर के शिक्षा मित्र सीएम योगी को पोस्टकार्ड भेज कर अपनी बात रख रहे हैं।

# मोदी ने भ्रष्टाचार खत्म किया : पाठक



कार्यक्रम में शामिल उप मुख्यमंत्री, महापौर, महानगर अध्यक्ष व अन्य।

- भाजपा ने आयोजित किया प्रबुद्ध जन समागम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मोदी के नेतृत्व में 11 साल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के लिए हुए कार्यों को हमें जन-जन तक पहुंचाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भ्रष्टाचार को खत्म किया और आज लाभार्थी को सरकार की योजनाओं का पूरा पैसा खाते में पहुंचता है। ये बातें उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कही। वह भाजपा की ओर से सहकारिता भवन में बुधवार को आयोजित हुए प्रबुद्ध जन समागम को सम्बोधित कर रहे थे।

समागम का आयोजन लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के अध्यक्षता में किया गया। क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने कहा कि 2014 से पहले के भारत को याद करिए जब भ्रष्टाचार चरम पर था और अनेकों घोटाले ने कांग्रेस सरकार की पहचान घोटने वाली सरकार के रूप में बन चुकी थी।

भाजपा नेता नीरज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्र में 5 करोड़ लोगों को आवास शहरी क्षेत्र में दो करोड़ लोगों को आवास, उज्ज्वला योजना के तहत 8 करोड़ घरों में सिलेंडर, 12 करोड़ शौचालय, सौभाग्य योजना के तहत 99 प्रतिशत घरों में बिजली पहुंचाने का कार्य किया।

कार्यक्रम में एमएलसी मुकेश शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल सहित सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।


**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र नियाज अली को उसके गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल–अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी अपराधिक कृत्यो अथवा लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। **महबूब पुत्र गुलाम रसूल निवासी 57 चिनहट लखनऊ–226068, मूल निवासी – असवा मोहम्मदपुर नानपारा बहराइच उ0 प्र0।**

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना NER-LJN-2025-61, NER-LJN-2025-96 एवं NER-LJN-2025-97**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु ऑनलाईन 'खुली' ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत् है:– **ई–निविदा सं.: NER-LJN-2025-61; कार्य का नाम:** सहायक मंडल इंजीनियर/मैलानी के अनुभाग के 06 यार्ड (हरगांव, लखीमपुर, फरदहन, गोला गोकरननाथ, बांकेगंज, मैलानी) में सुधार एवं मैलानी यार्ड में **SPART** के लिए बुनियादी सुविधाओं के विकास के संबंध में इगजामीनेशन पिट, पाथवे, हाइड्रेंट आदि के निर्माण का कार्य। (सिविल कार्य); **अनुमानित लागत (₹): ₹8,29,99,976.56; अग्रिम धन (₹): ₹5,65,000/-; समापन अवधि:** 12 माह; **ई–निविदा सं.: NER-LJN-2025-96; कार्य का नाम:** सहायक मंडल इंजीनियर/सीतापुर के अनुभाग के 14 यार्ड (बिसवां, महमूदाबाद, पैंतिपुर, परसेंडी, रमईपुर, सरैंया, टप्पा खजुरिया, तहसील फतेहपुर, सुन्धीयामाऊ, अटरिया, कमलापुर, खैराबाद, सीधौली, सीतापुर) में सुधार का कार्य। (सिविल कार्य); **अनुमानित लागत (₹): ₹15,29,05,051.92; अग्रिम धन (₹): ₹9,14,500/-; समापन अवधि:** 12 माह; **ई–निविदा सं.: NER-LJN-2025-97; कार्य का नाम:** सहायक मंडल इंजीनियर/बहराइच के अनुभाग के 07 यार्ड (मुर्तिहिया, बहराइच, बंगई, बिशेषरगंज, चिलवरिया, गंगाधाम, फरदहन) में सुधार का कार्य (सिविल कार्य); **अनुमानित लागत (₹): ₹7,61,00,216.18; अग्रिम धन (₹): ₹5,30,500/-; समापन अवधि:** 12 माह; **1.** उपरोक्त ई–निविदा संख्या **NER-LJN-2025-61, NER-LJN-2025-96, NER-LJN-2025-97** के लिए ई–निविदा दिनांक 01.07.2025 को 15:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15:00 बजे के बाद ई–निविदा खोली जायेंगी। **2.** उपरोक्त ई–निविदा से संबंधित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई–निविदा सूचना से संबंधित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**मण्डल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग**
मुजाधि/डब्ल्यू–110 लखनऊ

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना NER-LJN-2025-59 & 60**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है – **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-59, कार्य का नाम :** पूर्वोत्तर रेलवे-लखनऊ मंडल में समइं/लाइन/गोंडा के अनुभाग के अन्तर्गत 10 स्टेशन यार्डों में सुधार। (जरवल रोड, बादशाह नगर, बुढ़वल, गोमती नगर, जहांगीराबाद, ऐशबाग, बक्शी का तालाब, डालीगंज, लखनऊ सिटी और मोहिबुल्लापुर) (केवल सिविल कार्य), **अनुमानित लागत** : रु. 14,63,76,502.56, **अग्रिम धन** : रु. 8,81,900.00, **समापन अवधि** : 18 माह। **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2025-60, कार्य का नाम :** पूर्वोत्तर रेलवे-लखनऊ मंडल में समइं/स्पेशल/गोंडा के अनुभाग के अन्तर्गत 02 स्टेशन यार्डों में सुधार। (गोंडा कचहरी, बरुआचक) (केवल सिविल कार्य), **अनुमानित लागत** : रु. 5,37,97,133.00, **अग्रिम धन** : रु. 4,19,000.00, **समापन अवधि** : 12 माह।

**1.** उपरोक्त ई-निविदा संख्या **NER-LJN-2025-59 & 60** के लिए ई-निविदा दिनांक **01.07.2025** को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। **2.** उपरोक्त ई-निविदा से संबंधित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से संबंधित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धिपत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग,**
**मुजाधि/डब्ल्यू-108 पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ**

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

**विशेष रेलगाड़ी सं. 04216/04215 की समय–सारणी में संशोधन**

सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा रेलगाड़ी सं. **04216/04215** सुलतानपुर जं.–साबरमती–सुलतानपुर जं. आरक्षित विशेष एक्सप्रेस की समय–सारणी में संशोधन करने का निर्णय लिया गया है जिसका विवरण निम्नानुसार है:–

| रेलगाड़ी सं. 04216/04215 सुलतानपुर जं.–साबरमती–सुलतानपुर जं. आरक्षित विशेष एक्सप्रेस | | | | 06 फेरे |
|---|---|---|---|---|
| गाड़ी सं. 04216 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04215 | |
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 04:00 | सुलतानपुर जं. | 11:00 | --- |
| 06:20 | 06:30 | लखनऊ जं. | 07:35 | 07:45 |
| 08:20 | 08:25 | कानपुर सेंट्रल जं. | 05:55 | 06:00 |
| 10:20 | 10:25 | इटावा जं. | 02:15 | 02:20 |
| | | वाया शमशाबाद टाउन | | |
| 15:25 | 15:30 | आगरा छावनी | 23:05 | 23:10 |
| 16:35 | 16:40 | भरतपुर जं. | 22:00 | 22:05 |
| 18:20 | 18:25 | बाँदीकुई जं. | 19:40 | 19:42 |
| 19:35 | 19:45 | जयपुर जं. | 18:00 | 18:10 |
| 20:28 | 20:30 | फुलेरा | 17:14 | 17:16 |
| 22:45 | 22:55 | अजमेर जं. | 16:00 | 16:10 |
| 23:40 | 23:42 | ब्यावर | 15:15 | 15:17 |
| 00:50 | 00:55 | मारवाड़ जं. | 14:10 | 14:15 |
| 01:35 | 01:37 | फालना | 13:06 | 13:08 |
| 03:20 | 03:30 | आबूरोड | 11:40 | 11:50 |
| 05:15 | 05:17 | पालनपुर जं. | 10:58 | 11:00 |
| 06:05 | 06:07 | महेसाना जं. | 09:38 | 09:40 |
| 07:30 | ----- | साबरमती | ----- | 08:50 |

**चलने के दिन: 04216 सुलतानपुर जं.** से प्रत्येक शुक्रवार को 13.06.2025 से 27.06.2025 तक और **04215 साबरमती** से प्रत्येक शनिवार को 14.06.2025 से 28.06.2025 तक | **स्थान:** शयनयान एवं समान्य श्रेणी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

1728/2025

पर हमें फॉलो करें

**उत्तर रेलवे**
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अमृत विचार**
एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

**सूचना**

मेरा बीए तृतीय वर्ष, सत्र 2022–23, अनुक्रमांक – 2040580 011373 का अंक पत्र वास्तव में खो गया है। **रवि शंकर कोरी पुत्र भागीरथी कोरी, पता – ग्राम – मोहद्दीनपुर, पोस्ट – भदोही, जिला – प्रतापगढ़ (उ.प्र.)।**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पिता संजय कुमार पुत्र विजय कुमार दिनांक 02.09.2011 से कहीं चले गये हैं तबसे वह घर वापस नहीं आये हैं। **रीता चौधरी पुत्री संजय चौधरी निवासिनी 548घा/70 तेजीखेड़ा, मानकनगर, लखनऊ।**

**सूचना**

मेरा बीएससी प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष, सत्र – 2021 – 22 अनुक्रमांक – 1940580041099 का अंक पत्र वास्तव में खो गया है। **दीक्षा सिंह पुत्री हरगोविंद सिंह पता –ग्राम/पोस्ट – पूरे केशवराय, प्रतापगढ़ (उ.प्र.)**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम MOHAMMAD SUHAIL AKHTER पुत्र दिलशाद हुसैन जाफराबाद पोस्ट जलालपुर जनपद अम्बेडकर नगर है।जो कि आधार कार्ड समेत अन्य अभिलेखों में दर्ज है। परंतु मेरे पासपोर्ट नम्बर E 2191426 में त्रुटिवश MOHAMMAD SUHEL AkHTAR पुत्र दिलशाद हुसैन दर्ज हो गया है,जो कि गलत है। मुझको मेरे सही नाम से जाना एवं पहचाना जाए। **MOHAMMAD SUHAIL AKHTER पुत्र दिलशाद हुसैन 421 जाफराबाद पोस्ट जलालपुर जनपद अम्बेडकर नगर 224149**

**सूचना**

मैं अर्चना द्विवेदी पत्नी उदय शंकर नि. 257 ख निशानिया पैकोली, भाटपार रानी भींगारी बाजार देवरिया, शादी के बाद अपना नाम बदलकर अर्चना रख लिया है जो कि मेरे सभी दस्तावेजों में दर्ज है भविष्य में हमें अर्चना के नाम से ही जाना पहचाना जाये।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र का सही नाम हर्ष मिश्रा पुत्र अजय कुमार मिश्रा है जो उसके शैक्षिक अभिलेखों में अंकित है। त्रुटिवश मेरे पुत्र के आधार (संख्या – 2093 4787 6673) में उसका नाम सार्थक मिश्रा अंकित हो गया है। जो कि उसका घरेलु नाम है। भविष्य में मेरे पुत्र को उसके सही नाम हर्ष मिश्रा पुत्र अजय कुमार मिश्रा के नाम से जाना व पहचाना जाए। एतदद्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकतायें स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गई हैं। **अजय कुमार मिश्रा पुत्र स्वर्गीय – लक्ष्मी नारायण मिश्रा मोहनलाल गंज लखनऊ (उत्तर प्रदेश)**

**सूचना**

मैने अपने बेटे अजितेश सिंह के नाम से भारतीय जीवन बीमा निगम से एक पालिसी ली थी, पालिसी संख्या 268258448 है। यह पालिसी मैने दिनांक 26.05.2023 को ली थी, अब सभी अभिलेखीय रिकार्ड में अजितेश सिंह का नाम हर्षवर्धन सिंह कर दिया है। अत: अब हर्षवर्धन सिंह से जाना पहचाना जाएगा। **धनंजय प्रताप सिंह निवासी ग्रा व पो. सिसई बेलसर गोंडा।**

**सूचना**

मै दिनेश शर्मा पुत्र श्री धर्मवीर शर्मा निवासी ई 2/120– 2/121 सेक्टर एल, कानपुर रोड योजना, एल डी ए कालोनी लखनऊ सूचित करता हूं कि, मेरे मकान संख्या ई 2/120 का कब्जा और आवंटन पत्र एवं ई 2/121 का कब्जा पत्र कहीं खो गया है। इसका उपयोग करना गैरकानूनी है, अत: जिस भी व्यक्ति को यह प्रपत्र प्राप्त हों, वो उपरोक्त पते पर पहुंचाने की कृपा करें।

**सूचना**

मेरा बड़ा लड़का रामजी व उसकी पत्नी शशी मेरे परिवार से अलग रहते हैं। उनके किसी कार्य से मेरा कोई लेना–देना नहीं है। दोनों को चल –अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। **सुरेश सिंह पुत्र स्व0 हरनाम सिंह, नि0 राजपुर म0 बैरी दरियाव तह0 मैथा जनपद कानपुर देहात।**

**सूचना**

मैं अपने बड़े पुत्र शिवम एवं उनकी पत्नी ज्योति व दूसरे नंबर के पुत्र राज को उनके गलत आचरण के चलते तीनों लोगों को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किए गए लेनदेन व किसी प्रकार की क्रियाकलापों व (कृत्य) के प्रति हम उत्तरदाई नहीं होंगे। **सुभाष चक्रवर्ती पुत्र मेवाराम ग्राम ऐरवा टीकुर (पछेला) थाना ऐरवा कटरा जिला (औरैया)।**

**सूचना**

सूचित किया है कि ग्राम पंचायत गोड़वा वीशुनपर पोस्ट अटेसुआ थाना दही निवासी रामू पुत्र हीरालाल दिनांक 16 फरवरी 1990 को गांव से लापता हो गए थे। परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन उनका कहीं पता नहीं चल सका। वह जहां कहीं भी हों घर आने का कष्ट करें। **आपके भाई भुल्लन व सर्वेश कुमार ग्राम सभा गोड़वा वीशुनपर पोस्ट अटेसुआ थाना दही जनपद उन्नाव।**

**सूचना**

सूचित करना है कि मेरे आधार कार्ड में आशा देवी है तथा वोटर आईडी कार्ड में गीता है जबकि गीता एवं आशा देवी दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है। मेरा नाम गीता सत्य व सही है। कोई तथ्य छिपाया नहीं गया है। **गीता पत्नी उदयभान ग्राम विशुनपुरखुर्द धमरैया परगना ग्वारिच तहसील करनैलगंज जनपद गोंडा।**

**सूचना**

मैं अमरनाथ पाण्डे पुत्र कन्हैया लाल पाण्डे निवासी ग्राम पूरे मंशा मजरे किठवा थाना व तहसील सलोन जिला रायबरेली का निवासी हूं। मेरे सबसे छोटे पुत्र दुर्गेन्द्र पाण्डे व उनकी धर्म पत्नी प्रमिला पाण्डे आए दिन लड़ाई झगड़ा किया करते हैं, जिससे पीड़ित होकर मैं अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूं। भविष्य में इनके द्वारा किए गए कृत्यों का मेरा और मेरे परिवार के अन्य सदस्यों का कोई सरोकार नहीं होगा।

## एक नजर

### गाजी की मजार की आड़ में दलित वोटबैंक साधने की तैयारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव मंडल ने मुख्यमंत्री पर बहराइच की गाजी की मजार की ऐतिहासिकता को दलितों के वोट बैंक में सेंधमारी की गरज से तोड़ मरोड़ कर पेश करने का आरोप लगाया है। सचिव मण्डल ने प्रसिद्ध इतिहासकार रोमिला थापर की पुस्तक सोमनाथ, इतिहास एक, स्वर अनेक के छठवें अध्याय के पृष्ठ संख्या 131 से 134 में वर्णित तथ्यों के आधार पर मसूद को गोपालकों के साथ गाय की रक्षा करते समय शहीद होना बताया गया है। उसे गोरक्षक कहा गया है। रोमिला थापर ने अपनी पुस्तक में यह भी लिखा है कि महमूद गजनवी के जुड़वा बेटों में से बड़े का नाम भी सालार मसूद था जो उनके साथ युद्धरत रहा।

### पुनर्वास विवि में योग पुस्तकों का हुआ सामूहिक वाचन

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने के लिए विश्वविद्यालय कुलाध्यक्ष व प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के निर्देश एवं विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य संजय सिंह के मार्गदर्शन में योग पुस्तकों का सामूहिक वाचन किया गया। कार्यक्रम विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानन्द केन्द्रीय पुस्तकालय में संपन्न हुआ।

# अस्पताल में मशीन फिर भी बाहर से करवाना पड़ रहा अल्ट्रासाउंड

## चंदर नगर 50 बेड अस्पताल में अल्ट्रासाउंड ठप, रेडियोलॉजिस्ट चिकित्सीय अवकाश पर, विकल्प के लिए किसी की तैनाती नहीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ये दो केस महज उदाहरण के लिए दिए गए हैं। आलमबाग चंदर नगर 50 बेड संयुक्त अस्पताल में मशीन होने के बावजूद काफी समय से अल्ट्रासाउंड जांच ठप पड़ा है। यहां तैनात रेडियोलॉजिस्ट गंभीर बीमारी के चलते अनिश्चितकालीन अवकाश पर है। उसकी जगह पर दूसरे रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती न होने के कारण अल्ट्रासाउंड मशीन महज शोपीस बनकर रह गई है। यहां आने वाले मरीजों को डॉक्टर दूसरे सरकारी अस्पतालों में अल्ट्रासाउंड करने के लिए भेज रहे हैं। कई मरीज निजी जांच केंद्रों पर अल्ट्रासाउंड कराने को मजबूर हैं।

चंदर नगर 50 बेड संयुक्त अस्पताल में रोजाना एक हजार से अधिक मरीजों को ओपीडी में देखकर इलाज दिया जाता है। रोजाना करीब 15 से 20 अल्ट्रासाउंड किए जाते थे। यहां रेडियोलॉजिस्ट गंभीर बीमारी की वजह से करीब दो माह से लंबी छुट्टी पर है। ऐसे में यहां आने वाले मरीजों को ओपीडी में फिजिशियन और दूसरे डॉक्टर देखकर इलाज तो दे रहे हैं, लेकिन उन मरीजों का अल्ट्रासाउंड नहीं हो पा रहा है। मरीजों को लोकबंधु और राजाजीपुरम के रानी लक्ष्मीबाई अस्पताल में अल्ट्रासाउंड के लिए भेजा जा रहा है।

इन अस्पतालों में पहले से मरीजों का भार है। ऐसे में वहां उनको आगे की तारीख दे दी जा रही है। मरीजों को मजबूरन निजी केंद्रों पर अल्ट्रासाउंड जांच करवानी पड़ रही है। अस्पताल प्रशासन ने स्वास्थ्य विभाग के आला अफसरों को मामले की जानकारी देते हुए एक डॉक्टर की मांग की थी, लेकिन अभी तक अल्ट्रासाउंड के लिए रेडियोलॉजिस्ट नहीं मिल सका है। ऐसे में मरीजों की मुश्किल कम होती नहीं दिख रही है।

सीएमएस डॉ. आनंद त्रिपाठी का कहना है कि सीएचसी की एक चिकित्सक गर्भवतियों का अल्ट्रासाउंड करने के लिए सप्ताह में दो दिन सोमवार और गुरुवार को आती हैं। रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती न होने के कारण सामान्य मरीजों का अल्ट्रासाउंड नहीं हो पा रहा। इस संबंध में पत्राचार कर रेडियोलॉजिस्ट की मांग की जा चुकी है। जब तक किसी की तैनाती नहीं होती है तब तक समस्या का निस्तारण करना सम्भव नहीं है। इसके अलावा एक्सरे मशीन भी जल्द आने की उम्मीद है।

**केस 1** राजाजीपुरम निवासी नेहा गर्भवती होने पर चंदर नगर 50 बेड अस्पताल से इलाज करा रहीं है। बीते दिनों कुछ परेशानी होने पर डॉक्टर ने अल्ट्रासाउंड कराने की सलाह दी। पता चला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन तो है, लेकिन रेडियॉलजिस्ट न होने के कारण जांच संभव नहीं है। नेहा के मुताबिक लोकबंधु जाने पर भी वेटिंग बताई गई। हताश होकर निजी केंद्र से 1800 रुपये में जांच करवानी पड़ी।

**केस 2** आलमबाग की नूपुर पेट संबंधी समस्या होने पर चंदर नगर 50 बेड अस्पताल में महिला चिकित्सक को दिखाया। 10 दिन की दवा देने पर भी फायदा न होने पर चिकित्सक ने अल्ट्रासाउंड कराने की सलाह दी। अस्पताल में अल्ट्रसाउंड ठप होने से लोकबंधु जाने को कहा गया। यहां भी वेटिंग बताई गई। जिसके बाद उन्होंने 1200 रुपये देकर निजी केंद्र से जांच कराई।



चंदर नगर 50 बेड संयुक्त अस्पताल। अमृत विचार

### फिजिशियन छुट्टी पर, पैथोलॉजिस्ट ने देखे मरीज

लापरवाही का आलम यह है कि मंगलवार को फिजिशियन की सीट खाली रही। काफी देर तक इंतजार के बाद मरीजों को उनके छुट्टी पर होने की जानकारी दी गई। इसके बाद पैथोलॉजिस्ट ने मरीजों को देखा और दवाएं लिखी।


पैथोलॉजिस्ट के केबिन के बाहर लगी मरीजों की लाइन। अमृत विचार

### इमरजेंसी बता कर चली गईं गाइनी की डॉक्टर

अस्पताल में स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में डॉ .अंजली सिंह की तैनाती है। मंगलवार को ओपीडी के समय करीब 10–12 महिलाएं अपनी बरी का इन्तजार कर रहीं थी। तभी करीब 12 :20 बजे डॉक्टर अपने केबिन से बाहर निकली और इमरजेंसी आने की बात कहकर चली गईं। इससे सुबह से इंतजार कर रही महिलाओं को बिना इलाज के ही वापस लौटना पड़ा। मरीजों ने बताया डॉक्टर रोजाना सुबह 9 बजे के बाद ही अस्पताल आती है।

### एक्सरे टेक्नीशियन तैनात मशीन का पता नहीं

डेढ़ साल पहले शुरू हुए इस अस्पताल में आज तक एक्सरे मशीन तक स्थापित नहीं कराई जा सकी है। अस्पताल जरिए मशीन की कई बार मांग की गई है। जो अभी तक नहीं मिल पाई है। नतीजा मरीजों को जांच के लिए निजी केंद्र या दूसरे सरकारी अस्पताल की दौड़ लगानी पड़ रही है। अहम बात यह है कि शासन ने एक्सरे टेक्नीशियन तैनात कर दिया है मगर मशीन अभी तक गायब है।

## इंजीनियरिंग के छात्रों ने टैबलेट फोन देने में लगाया भेदभाव का आरोप

**अमृत विचार, लखनऊ :** बीकेटी स्थित बीएनसीईटी कॉलेज के इंजीनियरिंग के सैकड़ों छात्र-छात्राएं बुधवार को जिलाधिकारी से मिलने कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने टैबलेट वितरण में भेदभाव का आरोप लगाते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं को दो अलग-अलग कंपनियों के टैबलेट वितरित किये गए। लगभग 400 स्टूडेंट को सैमसंग का टैबलेट वहीं बीटेक तृतीय वर्ष के 204 स्टूडेंट को एसर कंपनी का टैबलेट दिया गया है। छात्रों ने घोटाले का आरोप लगाते हुए कहा कि ऐसर के टैबलेट पर निर्माण तिथि 2021-22 प्रिंट है जबकि स्टीकर 2024-25 का लगा है। सैमसंग के मुकाबले ऐसर कंपनी के टैबलेट फोन में प्रोसेसर और रैम कम है। छात्र-छात्राओं ने बताया कि उन्हें 31 मई को उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से टैबलेट वितरण किया गया था। उनका कहना है कि अभी से ऐसर के टैबलेट में समस्या आने लगी है। इसलिए उन्हें भी सैमसंग कंपनी का टैबलेट दिया जाए। एडीएम वित्त एवं राजस्व ने शनिवार को कॉलेज में शिविर लगाकर समधान का आश्वासन दिया।

# माधव मंदिर में मना जगन्नाथ प्राकट्य उत्सव

## जगन्नाथ जी, बलराम और सुभद्रा की मूर्तियों को कराया सुगंधित जल से स्नान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** डालीगंज स्थित माधव मंदिर में बुधवार को जगन्नाथ प्राकट्य उत्सव धूमधाम से मनाया गया। जगन्नाथ जी, बलराम और सुभद्रा को 108 पात्रों में सुगंधित जल से स्नान कराया गया। 27 जून को रथ यात्रा निकलेगी जाएगी।

माधव मंदिर में जगन्नाथ रथ यात्रा की तैयारियां चल रही हैं। हिंदू पंचांग के अनुसार आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को रथ यात्रा निकाली जाती है। इस बार 27 जून को जगन्नाथ रथ यात्रा निकलेगी। जगन्नाथ भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण करेंगे।

बुधवार को मंदिर में प्रकाट्य उत्सव मनाया गया। पंडित लालता प्रसाद के निर्देशन में बिहारी लाल साहू, कंचन साहू, भारत भूषण गुप्ता, अनुराधा गोयल, अनुराग साहू और रवीना ने जगन्नाथ जी, बलराम व सुभद्रा की मूर्तियों को स्नान कराया। परंपरा के अनुसार जगन्नाथ को 35 मिट्टी के पात्रों, बलभद्र को 33 , देवी सुभद्रा को 22 और सुदर्शन को 18 मिट्टी के पात्रों में पानी से नहलाया गया। माना जाता है कि इस पवित्र स्नान के बाद भाई-बहन के देवताओं को बुखार हो जाता है और उन्हें दो सप्ताह की अवधि के लिए एकांतवास में रखा जाता है।


माधव मंदिर में जगन्नाथ जी, बलराम और सुभद्र जी का पूजन करते भक्त। अमृत विचार

### कैलाश मानसरोवर सेवा समिति ने तीर्थ यात्रियों को दी विदाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए भारत सरकार द्वारा प्रारंभिक लिस्ट में उप्र के 5 तीर्थयात्री ध्रुव प्रकाश गुप्ता, मेघना केसरवानी, उत्कर्ष केसरवानी, डॉ .प्रतुलराज गुप्ता और डॉ .आशुतोष कुमार गुप्ता शामिल है। यह जानकारी कैलाश मानसरोवर सेवा समिति के अध्यक्ष केके सिंह ने दी।

इन तीर्थ यात्रियों को चारबाग रेलवे स्टेशन पर कैलाश मानसरोवर सेवा समिति की ओर से पट्टिका ओढ़ाकर विदाई दी गई। इस अवसर पर कैलाश मानसरोवर सेवा समिति के अध्यक्ष केके सिंह, आशुतोष अग्रवाल, उपाध्यक्ष डॉ. आरएस भदौरिया, महासचिव मथुरा पाठक ने विचार व्यक्त किए। इसके पूर्व इन कैलाश यात्रियों को समिति के कार्यालय में यात्रा के संबंध में ब्रीफिंग की गई। जिसमें यात्रा की तैयारी, आईडी, मेडिकल परीक्षण, आवश्यक सामग्री, जरूरी दवाईयां, कपड़े और विदेशी मुद्रा डॉलर–युवान आदि की व्यवस्था के संबंध में जानकारी दी गई तथा हाई एल्टीट्यूड पर होने वाले जोखिम और उनसे बचने के उपाय बताए गए।


तीर्थ यात्रियों को पुष्प गुच्छ देते कैलाश मानसरोवर सेवा समिति के सदस्य।

## केंद्रीय संस्कृत विवि के प्रो. धनीन्द्र सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के नासिक परिसर में उत्कर्ष महोत्सव-2025 व कुलपति सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इसमें आचार्य प्रो. धनीन्द्र कुमार झा को शिक्षाभूषण से सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, तिरुपति, श्री लालबहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली, विभिन्न विश्वविद्यालयों, परिसरों और संस्थानों के कुलपति, पूर्व कुलपति, निदेशक उपस्थित रहे।

# उभरते कलाकारों के गीतों पर झूम उठे लोग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ समर कार्निवाल में किया प्रतिभा का प्रदर्शन

**अमृत विचार:** यूपी दर्शन पार्क में चल रहे समर कार्निवाल में हरदोई से आये कलाकार मोहम्मद उस्मान सिद्दीकी और अंकित सिंह ने पुकारता चला हूं मैं..., जिंदगी बन गई हो तुम..., धीरे-धीरे बोल कोई सुन ना ले..., बड़ी बड़ी खूब लगती हो बड़ी सुंदर दिखती हो... जैसे गीतों को ऐसे शानदार अंदाज में सुनाया कि सुनने वाले झूम उठे।

श्याम का गाना आज की रात मेरे दिल की सलामी ले ले..., अंशुमान द्वारा किसी की मुस्कुराहट...को भी खूब पसंद किया गया। शुभम का शास्त्रीय नृत्य और अंत में उस्मान, श्याम, और अंशुमान द्वारा प्रस्तुत गीत यह शाम मस्तानी... शाम को वाकई में मस्तानी बना दिया।

लोकनृत्य शिक्षक मोहित कपूर द्वारा प्रशिक्षित बच्चों ने घूमर नृत्य को अच्छे अंदाज में प्रस्तुत किया। सरस्वती वंदना, इत्ती सी हंसी... गीत को अमायरा, अनिका, काव्या, वर्तिका, त्रिशा, अविका, अकशिका, हिमानी, सीमा, अपर्णा, पुष्पा, राजश्री वर्धन, राजश्री भारती तथा श्रुति ने प्रस्तुत किया।

कथक नृत्य की शिक्षिका नित्या निगम ने सुन्दर भावपूर्ण सूफी नृत्य तैयार कराया। जिसमें अनन्या, अराध्या सिंह, फहीम खान, अंशिका तिवारी, सिधिकशा, ईशानवी जायसवाल, अराध्या पाठक आदि ने कथक नृत्य की प्रस्तुति दी।

# 21 को मनाई जाएगी ईद-ए-गदीर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** 21 जून को ईद-ए-गदीर मनाई जाएगी। ईद-ए-गदीर के जश्न की तैयारियों को लेकर आयतुल्लाह सैय्यद सादिक हुसैनी शिराजी के कार्यालय में बुधवार बैठक की गई। बैठक में शिया धर्मगुरु मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने ईद-ए-ग़दीर की बधाई देते हुए कहा कि अभी से इसकी तैयारियां शुरू कर दें।

उन्होंने कहा कि ईद-ए-ग़दीर का दिन अल्लाह और मुहम्मद साहब के परिवार की सबसे बड़ी ईद है। पैगम्बर मोहम्मद ने इस दिन ईद मनाई। इसलिए लोगों को इस दिन जश्न मनाना चाहिए, क्योंकि इस दिन का बहुत महत्व है। क़यामत में ईद-उल-फित्र, ईद-ए-कुर्बान, जुमा और ईद-ए-ग़दीर इन चार दिनों को दुल्हन की तरह अल्लाह के यहां पेश किया जाएगा। मौलाना सैफ अब्बास ने कहा कि ईद-ए-ग़दीर के दिन लोगों को गुस्ल के बाद दो रकाआत नमाज़ अदा करनी चाहिए, रोज़ा रखना, नए कपड़े पहनना, इत्र लगाना और मुस्कुराते हुए लोगों से मिलना चाहिए। इस दिन का रोज़ा 60 वर्ष के गुनाहों को बख्श देता है।

मौलाना ने अपील की कि वे अन्य समुदाय के लोगों को भी ईद-ए-ग़दीर से परिचित कराएं और यह स्पष्ट करें कि ईद-ए-ग़दीर के दिन हजरत अली की विलायत की घोषणा के बाद इस्लाम धर्म पूरा हुआ था। ईद-ए-ग़दीर सबसे बड़ी ईद है।

## लगाए भंडारे


लखनऊ व्यापार मंडल ने भंडारे का आयोजन किया। संगठन प्रमुख चेयरमैन राजेंद्र अग्रवाल ने पूजन–अर्चन कर प्रसाद वितरण की शुरुआत की। वरिष्ठ महामंत्री पवन मनोचा, कोषाध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता, महामंत्री सोहेल हैदर अल्वी, युवा नेता कुश मिश्र, सुमित गुप्ता, अरविंद पाठक, रूबल, कुश सिंह, सतनाम सिंह, नदीम शेख समेत बड़ी संख्या में व्यापारी नेताओं और आम लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### छावनी में सुंदरकांड पाठ के साथ भंडारे का समापन


नेहरू रोड सदर बाजार कैंट में भंडारे में प्रसाद वितरित करते लोग।

**अमृत विचार, लखनऊ :** सदर बाजार में एक माह से चल रहे भंडारे का बुधवार को सुन्दरकांड पाठ के साथ समापन हो गया। राजेश कन्नौजिया, राकेश शर्मा, जन कल्याण सेवार्थ समिति के अध्यक्ष राजेश शर्मा, गीता शर्मा ने पूजन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। प्रमोद शर्मा ने पत्नी डॉ रंजीता शर्मा के साथ समापन किया। अभिषेक राठौर प्रमोद शर्मा ने भंडारे का प्रसाद वितरण किया। अंजुम आरा, जगदीश प्रसाद, धीरज सिंह, मनोज गुप्ता, वीरेंद्र मिश्रा, जय वैश्य, नीतू गुप्ता, गीता शर्मा, राकेश शर्मा, राजेश कनोजिया, राहुल गुप्ता, गोविंद सिंह, प्रताप सिंह, जय कुमार, विकास अग्रवाल, विनय केसरवानी, दीपक कुमार, चन्दन प्रकाश आदि उपस्थित रहे।


समाजसेवी रोहित वीर सिंह ने स्वास्थ्य भवन के पास पूरे ज्येष्ठ माह भंडारे का आयोजन किया। इसमें पूड़ी, सब्जी हलवा और जल का वितरण किया गया। 13 माई से शुरू हुए भंडारे का मंगलवार को समापन हो गया। रोहित ने अपनी माता के साथ भक्तों का प्रसाद वितरित किया। महानगर स्थित अपने आवास के सामने भी भंडारा कराया। अमृत विचार

### श्याम परिवार के भंडारे का समापन

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमती तट स्थित श्याम मंदिर में ज्येष्ठ माह में पूरे महीने चलने वाले भंडारे का बुधवार को समापन हो गया। भंडारे में दो लाख से अधिक भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। श्याम परिवार द्वारा यह भंडारा 13 मई को श्याम कृपा भंडारे के रूप में शुरू हुआ था। बुधवार को भंडारे के समापन के दिन सूजी का हलवा, इमरती राबड़ी एवं फल के जूस की बोतल वितरित की गई। श्याम परिवार के महामंत्री रूपेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, बृजेंद्र अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, पंकज मिश्रा, करिश्मा अग्रवाल, अनिल गुप्ता एवं श्याम परिवार के सदस्यों ने सहयोग किया।


कुंभ–थुण पुस्तक का विमोचन करतीं राज्यपाल व अन्य लोग। अमृत विचार

### डॉ. कमलेश कुमार दुबे की पुस्तक कुंभ-थुण का विमोचन

**अमृत विचार लखनऊ :** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने डॉ . कमलेश कुमार दुबे की पुस्तक कुंभ–थुण का विमोचन किया। शतरंग प्रकाशन की इस पुस्तक में तबले के संदर्भ में खोजपूर्ण सामग्री दी गई है। कमलेश ने बताया कि पुस्तक में खोज पूर्ण ढंग से यह बताने के प्रमाण दिए हैं कि भारतीय संगीत परंपरा में प्राचीन काल से ही तबला अपने प्राचीन रूप कुंभ–थुण के रूप में उपस्थित रहा है। मुगल काल में इस वाद्य यंत्र का नाम तबला रख दिया गया। यह वाद्य विशुद्ध रूप से भारतीय संगीत परंपरा का भारतीय वाद्य है।

# सनातन एकता महासम्मेलन में उठी सनातन बोर्ड की मांग

## अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा ने किया आयोजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ सनातन संस्कृति के रक्षा के लिए सनातनियों की एकजुटता पर दिया गया बल

**अमृत विचार:** अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा की ओर से बुधवार को कबीर आश्रम, दसौली, कुर्सी रोड पर सदगुरू कबीर साहेब जयंती के अवसर पर सनातन एकता महासम्मेलन में सनातन बोर्ड की मांग करते हुए साधू-संतों ने कहा कि सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए हिन्दुओं की एकजुटता जरूरी है।

सम्मेलन का उद्घाटन प्रधानमंत्री जनकल्याण योजना जागरूकता अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनित कौशिक ने दीप प्रज्ज्वलित कर की।

अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी, पूर्व केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर, महंत संतोष दास खाकी, बनगढ़ आश्रम नैमिषारण्य, संजय श्रीवास्तव, सिद्धार्थ दुबे, अमर सिंह यादव, अंजनी पांडे, पंकज तिवारी, राम तिवारी, विजेंद्र निगम, बाबा महादेव, कमल, महंत योगेंद्र दास, शिवपूजन दीक्षित, गौरव वर्मा, श्रवण कुमार मिश्रा और अनीता तिवारी सहित कई प्रमुख लोग मौजूद थे। सम्मेलन में वक्ताओं ने कहा कि देश में सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए हिन्दुओं की एकजुटता के साथ सनातन बोर्ड बनाये जाने की जरूरत है। इस सम्मेलन के माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग की गई देश के बहुसंख्यक सनातन समाज के लिए सनातन बोर्ड बनाये, ताकि उनके हितों की रक्षा की जा सके।

इस मौके पर अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने सनातनियों से आह्वान करते हुये कहा कि देश में सनातन संस्कृति की रक्षा लिये न सिर्फ हिन्दुओं का एकजुट होना जरूरी है बल्कि सनातन समाज को देश को हिन्दू राष्ट्र घोषित करने के लिए एकजुट होना जरूरी है।

जयंती | बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में आयोजित हुआ कार्यक्रम

# प्रेम पर आघात होने पर समाज को झकझोरते हैं कबीर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में संत कबीरदास जयंती पर कबीर अकथ कहानी प्रेम की विषय पर चर्चा का आयोजन किया गया। इसमें कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने कहा कि कबीर केवल संत या समाज-सुधारक नहीं, अपितु भारत की बौद्धिक विरासत के ऐसे युगपुरुष हैं जिन्होंने अनुभवजन्य ज्ञान के माध्यम से जाति, धर्म और पाखंड के विरुद्ध आवाज़ बुलंद की।

प्रो. योगेन्द्र प्रताप सिंह ने कबीर की कविताओं में प्रेम की केंद्रीय भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि जिस प्रकार तथागत बुद्ध ने करुणा को धर्म का स्तंभ बनाया, उसी तरह कबीर ने प्रेम और सद्गुरु को आत्मिक विमर्श का विषय बनाते हुए समाज को जोड़ने की भूमिका निभाई। दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. पूरन चंद टंडन ने कहा कि उनका अनुभव मूलक ज्ञान ही उनकी भक्ति की विशेषता है। कार्यक्रम संयोजक और भाषा एवं साहित्य विद्यापीठ के संकायाध्यक्ष प्रो. राम पाल गंगवार ने कहा कि कबीर की मूल संवेदना प्रेम है। कार्यक्रम में डीएसडब्ल्यू प्रो. नरेंद्र कुमार, कार्यक्रम संयोजक और भाषा एवं साहित्य विद्यापीठ के संकायाध्यक्ष प्रो. राम पाल गंगवार, प्रो. सर्वेश कुमार सिंह एवं डॉ. बुद्धि सागर गुप्ता मौजूद रहे।

द्वितीय सत्र में शोधार्थियों ने कबीर के काव्य और दर्शन पर विचार व्यक्त किए। इस सत्र की अध्यक्षता प्रो. विपिन झा ने कबीर के विचारों को वर्तमान सामाजिक ढांचे के लिए अनुकरणीय बताया और युवाओं को उनसे प्रेरणा लेने की सलाह दी। इसके साथ ही विभाग के शोधार्थियों शिवानी राठी, श्रुतिकीर्ति अग्निहोत्री, शशि प्रकाश पाठक, आनंद कुमार देव, राजीव कुमार ने भी विचार साझा किए।


कार्यक्रम को संबोधित करते कुलपति डॉ . आरके मित्तल। अमृत विचार

# पाठ्यक्रमों में शामिल हो क्रांतिकारियों की गाथा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ जयंती पर याद किए गए रामप्रसाद बिस्मिल

**अमृत विचार :** काकोरी कांड के महानायक पंडित रामप्रसाद बिस्मिल की जयंती पर बुधवार को उन्हें याद किया गया। जानकी विकास महासमिति के तत्वावधान में जानकीपुरम के जानकी विहार पार्क स्थित बिस्मिल की प्रतिमा पर युवा समाजसेवी वत्सल बोरा, महासमिति के पदाधिकारियों के साथ ही टीम डॉ . नीरज बोरा के सदस्यों ने फूल चढ़ाए।

समाजसेवी वत्सल बोरा ने कहा कि क्रांतिकारियों की कथा से हमारी पीढ़ी अनभिज्ञ है। रामप्रसाद बिस्मिल सहित देश की स्वतंत्रता के लिए अपना जीवन देने वाले क्रांतिकारियों का जीवन वृत्त पाठ्यक्रमों में सम्मिलित होना चाहिए। वहीं, जानकी विकास महासमिति के संरक्षक डॉ. संग्राम सिंह चौहान, अध्यक्ष रामभवन मिश्र और डॉ. जानकी शरण शुक्ल ने पंडित रामप्रसाद बिस्मिल की स्वाधीनता संग्राम में योगदान पर चर्चा की। इस अवसर पर निवर्तमान मण्डल अध्यक्ष राकेश पाण्डेय, पूर्व पार्षद बृजकिशोर पाण्डेय, प्रमोद अवस्थी, अनूप मिश्रा, आदित्य मिश्रा, एबी पांडे, सीके वर्मा, सतीश वर्मा, एसके गोपाल, सुनील अग्रवाल, आशीष गुप्ता, मयंक मिश्रा, सागर सक्सेना, विनय कुमार गुप्ता, जितेन्द्र पाण्डेय मौजूद रहे।

## एक नजर

### रिकार्ड में हेराफेरी में स्टोर कीपर गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** उपनिबंधक कार्यालय के रिकार्ड में हेराफेरी करने के मामले में वजीरगंज पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी अनिल कुमार बाजपेयी रजिस्ट्री कार्यालय में स्टोर कीपर था। इंस्पेक्टर वजीरगंज राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस उक्त मामले में अभी तक पांच आरोपियों को जेल भेज चुकी है। आरोपी अनिल करीब चार साल से फरार चल रहा था। लालबाग की रहने वाली शिखा प्रिटिशिया ने 18 दिसंबर 2021 में वजीरगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी थी। बताया था कि जमीन खरीदने वाले पिता की मौत के बाद उसकी दूसरी पत्नी ने उपनिबंधक कार्यालय के स्टाफ की मिलीभगत से रजिस्ट्री की बदलवा दी। फिर इसे दूसरे व्यक्ति को बेच भी दिया। जिसके बाद पीड़िता ने धोखाधड़ी, कूटरचना, छेड़छाड़, मारपीट, साजिश रचने समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करायी थी।

### लापता छात्र को पुलिस ने घंटे भर में तलाशा

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** थाना क्षेत्र से बुधवार दोपहर कक्षा एक का छात्र अथर्व (7) घर से लापता हो गया। सूचना के बाद पुलिस ने घंटे भर में ही उसे तलाश कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मूल रूप से प्रतापगढ़ निवासी गौरव सिंह छत्तीसगढ़ में सीआरपीएफ में तैनात हैं। उनका एक मकान सरोजनी नगर के गंगानगर में है, जहां उनकी पत्नी प्रिया सिंह और 7 वर्षीय बेटा अथर्व रहता है। अथर्व कई दिनों से मां से प्रतापगढ़ में दादा के पास जाने को कह रहा था। जिसके चलते बुधवार दोपहर करीब 2 बजे वह बिना बताए ही घर से चुपचाप निकल पड़ा। अथर्व को घर में न दिखाई पड़ने पर मां ने पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी। पुलिस ने पड़ताल के दौरान हाइडिल चौराहे के पास बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया।

# जयपुरिया मैनेजमेंट कॉलेज में लगी भीषण आग

## गोमतीनगर स्थित परिसर में दूसरे तल पर फैकेल्टी रूम में लगी आग, पांच दमकल ने पाया काबू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** गोमतीनगर स्थित जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट कॉलेज में बुधवार दोपहर दूसरे तल पर फैकेल्टी रूम में आग लग गई। देखते-देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना मिलते ही गोमतीनगर, हजरतगंज व इंदिरानगर से दमकल की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने करीब घंटे भर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। आग से दो फैकेल्टी रूम और उनमें रखे फर्नीचर जलकर बर्बाद हो गए।

बुधवार दोपहर कॉलेज के दूसरे तल से धुआं और आग की लपटें निकलती देख कर्मचारियों ने शोर मचाना शुरू किया। चीख पुकार सुनकर कॉलेज की शिक्षक एवं स्टॉफ निकलकर बाहर आए। पहले कर्मचारियों ने खुद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। लेकिन आग की भयावहता देखते हुए दमकल कंट्रोल रूम पर सूचना दी गयी। जानकारी मिलते ही एफएसओ गोमतीनगर सुशील कुमार यादव तीन गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंचे। दमकल कर्मियों के साथ आग पर काबू पाना शुरू किया।

इस बीच आग दूसरे फैकेल्टी रूम में पहुंच गई। वहां रखा फर्नीचर और सामान भी जलने लगा। जानकारी पर हजरतगंज व इंदिरानगर फायर स्टेशन से भी एक-एक गाड़ी मंगा ली गयी। आग की तपिश से खिड़की में लगे शीशे धमाकों के साथ फटने लगे। दमकल कर्मियों ने हौज लाइन बिछाकर आग को बुझाने का प्रयास शुरू किया। करीब घंटे भर की मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया।

एफएसओ ने बताया कि आग दो फैकेल्टी और बरामदे तक आग पहुंच गई थी। वहां उपकरण और फर्नीचर आदि होने के कारण आग बुझाने में दिक्कत हो रही हैं। धुआं परिसर में भर गया था। शुरुआती जांच में पता चला कि आग शार्ट सर्किट से लगी थी। समय रहते काबू पा लिया गया था। कॉलेज में छुट्टी चल रही है। कुछ बच्चे अपने व्यक्तिगत कार्य से पहुंचे थे। अगर स्कूल में छुट्टी न चल रही होती और आग लगती तो हादसा बड़ा हो सकता था।



जयपुरिया मैनेजमेंट कॉलेज की बिल्डिंग के सेकंड फ्लोर पर लगी आग।



आग बुझाते दमकलकर्मी। अमृत विचार

### छत पर रखे आउट डोर में शार्ट सर्किट से कबाड़ में लगी आग



**अमृत विचार, आलमबाग :** कृष्णानगर की रामगढ़ कॉलोनी में मंगलवार देर रात एक मकान की छत पर पड़े कबाड़ में स्प्लिट एसी के आउट डोर में हुए शार्ट सर्किट से आग लग गई। लपटें उठते देख मकान मालिक परिवार संग बाहर निकल आए। सूचना आलमबाग फायर कंट्रोल रूम को मिली। संकरी गली में मकान होने के कारण गाड़ी वहां तक नहीं पहुंच पा रही थी। दमकल कर्मियों ने हौज पाइप बिछा कर राहत कार्य शुरू किया। आग लगने वाले मकान में तीन गैस सिलेंडर रखे हुए थे। जिन्हें दमकल कर्मियों ने समय रहते बाहर निकाल लिया। एफएसओ धर्मपाल सिंह के मुताबिक रामगढ़ कॉलोनी सिद्धार्थ हॉस्पिटल के पास रूपलाल पाण्डेय का मकान है। रात में कंट्रोल रूम को आग लगने की सूचना मिली। आलमबाग व सरोजनीनगर फायर स्टेशन की चार गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। आग मकान की छत पर लगी थी। रूपलाल पाण्डेय ने बताया कि लपटें उठते देख वह किसी तरह परिवार संग बाहर आ गए थे। दमकल कर्मियों ने मुख्य मार्ग पर गाड़ी खड़ी कर पांच हौज पाइप बिछा कर राहत कार्य शुरू किया। मकान मालिक ने घर में तीन गैस सिलेण्डर रखे होने की जानकारी दी थी। इसपर दमकल कर्मियों ने सबसे पहले गैस सिलेण्डर को बाहर निकाला। उसके बाद आग पर काबू पाया गया।

# पति का भरोसा जीतने के लिए दोस्त संग मिलकर की थी प्रेमी की हत्या

संवाददाता, मलिहाबाद

- रहीमाबाद पुलिस ने तीनों आरोपियों को किया गिरफ्तार

**अमृत विचार:** रहीमाबाद के अहिंदर गांव में विजय उर्फ गप्पू (25) की हत्या पड़ोस में रहने वाली उसकी प्रेमिका ने पति और नए दोस्त के साथ मिलकर की थी। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त दुपट्टा बरामद कर लिया है। बताया जा रहा है कि विजय और प्रेमिका के सालों पुराने संबंध के बीच एक और युवक आ गया था। उधर, महिला के विजय से संबंधों की जानकारी उसके पति को भी हो गई थी। पति का भरोसा जीतने के लिए महिला ने पति और दोस्त के साथ मिलकर योजना बनायी और विजय की हत्या कर दी थी।

इंस्पेक्टर रहीमाबाद आनंद द्विवेदी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में कुंती रावत, उसका पति रामभजन रावत और दोस्त जब्बार हैं। कई साल से कुंती और विजय उर्फ गप्पू से प्रेम संबंध थे। कुछ दिन पहले पति रामभजन को जानकारी हो गयी थी। जिसके बाद वह पत्नी पर विजय से दूर रहने का विरोध करता था। इसके बाद रामभजन के करीबी जब्बार से कुंती की दोस्ती हो गई। जब्बार उनके घर आने-जाने लगा। विजय, कुंती से इसका विरोध करता था। पति का भरोसा जीतने के बाद कुंती ने विजय की हत्या की पटकथा तैयार की। जिसमें पति और नए प्रेमी जब्बार शामिल किया। 7 जून की रात कुंती ने विजय को फोन कर अपने घर बुलाया।

इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी कुंती ने विजय को पहले अपने घर पर शराब पिलाई। जब वह खूब नशे में हो गया तो रामभजन और दोस्त जब्बार आ गए। तीनों ने मिलकर उसका दुपट्टे से गला कसा। इसके बाद धारदार हथियार से रेत दिया। हत्या के बाद विजय के खून से लथपथ शव पशुबाड़े के पास फेंक दिया था। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी रामभजन के खिलाफ रहीमाबाद व माल थाने में आबकारी अधिनियम के छह मामले दर्ज हैं।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। अमृत विचार

# शाहखर्ची के लिए स्नैचिंग करने वाले दो गिरफ्तार

कार्यालय संवादाता, लखनऊ

- गिरोह में शामिल बाल अपचारी भी पकड़ा गया
- 8 व 10 जून को तीन महिलाओं की लूटी थी चेन
- लूटी गई चेन के टुकड़े, दो लॉकेट व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद

**अमृत विचार:** शॉर्टकट में रुपये कमाने व शौक पूरा करने के लिए चेन खींचने वाले दो लुटेरों को गोमतीनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वारदात में शामिल बाल अपचारी को भी पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों के पास से सात चेन के टुकड़े, दो लॉकेट और घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस ने लूट की तीन वारदातों का खुलासा किया है।

डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह ने बताया कि बुधवार को गोमतीनगर पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान खरगापुर क्रॉसिंग के पास से एक बाइक सवार तीन लोगों को पकड़ा। तलाशी के दौरान पुलिस को उनके पास से चेन के टुकड़े, दो लॉकेट मिले। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम विमल रावत निवासी खरगापुर क्रॉसिंग गोमतीनगर और सिद्धार्थ यादव निवासी ग्वारी गोमतीनगर बताया।

डीसीपी ने बताया कि 10 जून की सुबह विराज खंड निवासी गरिमा राय मित्र शशिलता और अंकित संग वॉक पर जा रही थी। तभी विनीत खंड -2 में बाइक सवार तीन बदमाशों ने उनकी चेन खींच ली थी। लूट के दौरान गरिमा के कपड़े फट गए थे और सड़क पर गिरकर वह चोटिल हो गई थी। वारदात में बाइक का नंबर पीड़ितों ने पुलिस को बताया था। उसी दिन गोमतीनगर विस्तार में विज्ञान खंड निवासी हीरावती तिवारी से चेन मॉर्निंग वॉक के दौरान और 8 जून को विभूतिखंड में एमिटी कॉलेज के पद एक महिला से भी चेन छीनी थी।



पुलिस टीम के साथ पकड़े गए लूट के आरोपी। अमृत विचार

एडीसीपी पूर्वी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी विमल और सिद्धार्थ के खिलाफ गोमतीनगर, विभूतिखंड और गोमतीनगर विस्तार थानों में लूट व चोरी के कई मामले पहले से दर्ज हैं। वर्ष 2022 में तीनों की बाल सुधार गृह में मुलाकात हुई थी। जेल में दोस्ती होने के बाद आरोपियों ने महंगी स्पोर्ट्स बाइक खरीदने के लिए लूट की थी। डीसीपी ने आरोपियों को पकड़ने वाली पुलिस टीम को दस हजार रुपये इनाम देने की घोषणा की है।

# मकान निर्माण कराकर ठेकेदार के हड़पे 2.46 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** पीजीआई थाने में ठेकेदार ने मकान मालिक पर करीब 2.46 लाख रुपये हड़पने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि आरोपी ने मकान निर्माण का ठेका देकर एग्रीमेंट किया था। काम पूरा होने के बाद भुगतान मांगने पर आरोपी ने टालमटोल की। दबाव बनाने पर धमकाया। इंस्पेक्टर धीरेंद्र कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

पीजीआई स्थित मोहद्दीनपुर निवासी अर्जुन मकान निर्माण का ठेका लेते हैं। जून 2024 में उन्नाव बीघापुर निवासी अवधेश कुमार ने ओमेक्स सिटी स्थित प्लॉट पर निर्माण कराने के लिए अर्जुन से सम्पर्क किया। एग्रीमेंट के बाद निर्माण कार्य शुरू हुआ। पीड़ित ने बताया कि 4,66,336 रुपये का सामान उसने लगाया था। अवधेश ने सिर्फ 2.20 लाख का ही भुगतान किया। बचे हुए करीब 2.46 रुपये मांगने पर अवधेश ने तीन माह की मोहलत मांगी। तय समय बाद संपर्क करने पर आरोपी ने साथियों के साथ मिल कर गाली गलौज करते हुए धमकाया। पीड़ित ठेकेदार ने पीजीआई थाना और आईजीआरएस पर शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित ने कोर्ट में गुहार लगाई। जिसके बाद पुलिस ने अवधेश कुमार और चार अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी, गाली गलौज, धमकी और एससीएसटी एक्ट की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## सार-संक्षेप

### युवक पर जानलेवा हमला, जबरन ट्रांसफर कराए रुपये

**अमृत विचार, आशियाना :** थाना क्षेत्र स्थित जोनल पार्क के पास चाउमीन खाने गये युवक पर पार्किंग के लड़कों ने जानलेवा हमला कर दिया। आरोपियों ने मारपीट कर 15 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करा लिए। एलडीए कॉलोनी के सेक्टर डी1 निवासी हरिशंकर सिंह ने बताया कि उनका बेटा हर्षित सिंह अपने यहां काम करने वाले एक लड़के के साथ रविवार रात 10 :30 बजे आशियाना के जोनल पार्क के पास चाउमीन खा रहा था। तभी जोनल पार्किंग के कुछ युवक उसके पास आये और बेटे हर्षित के साथ मारपीट शुरू कर दी। हर्षित के साथ मौजूद लड़के ने विरोध किया तो उन लोगों ने उसे भी पीटना शुरू कर दिया। मारपीट के दौरान उसका मोबाइल गिर गया। इसपर आरोपी मोहम्मद नाबिद और प्रगेश नाम के युवकों ने मोबाइल से 15 हजार रुपये भी जबरन ट्रांसफर करवा लिये। इसी बीच किसी राहगीर द्वारा हर्षित के परिजन को मारपीट की सूचना दी तो वह भी मौके पर पहुंच गये। आरोप है कि इस दौरान उन हमलावरों ने हर्षित के माता पिता व बहनों पर भी हमला कर दिया। हमले के दौरान धारदार हथियार से सिर पर किए गए हमले में हर्षित और उसके पिता बेहोश होकर जमीन पर गिर गये। वारदात के बाद आरोपी धमकाते हुए भाग निकले। आरोप है कि मारपीट में शामिल कुछ लड़के एक नॉनवेज दुकान के अन्दर से भी निकले थे।

### निजी फर्म संचालिका समेत दो के खाते से उड़ाए 1.78 लाख

**अमृत विचार, लखनऊ :** साइबर जालसाज ने निजी फर्म संचालिका समेत दो महिलाओं के खातों से 1.78 लाख रुपये उड़ा लिए। इंदिरानगर सेक्टर-11 निवासी रतना सिंह का बचत खाता स्टेट बैंक ऑफ इंडिया मुंशी पुलिया शाखा में है। उन्होंने बताया कि 29 मई को टेलीग्राम पर पार्ट टाइम जॉब का मैसेज आया। संपर्क करने पर जालसाज ने बातों में फंसाया। फिर निवेश कराकर मुनाफा दिया। उसके बाद पैड टास्ट बताकर कई बार में 1.38 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। मांग बढ़ने पर पीड़िता को शक हुआ। पड़ताल की तो ठगी का पता चला। रतना ने साइबर सेल में शिकायत करने के बाद गाजीपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं, कैंट के सदर स्थित सुभाष मोहाल निवासी आंचल वैश्य की अनुभव इंटरप्राइजेज के नाम से फर्म है। फर्म का खाता पंजाब नेशनल बैंक में है। कुछ दिन पहले आंचल ने फर्म खाते का बैंक स्टेटमेंट चेक किया तो पैरों तले जमीन खिसक गयी। पता चला कि खाते से 40 हजार रुपये निकले हैं। बैंक में शिकायत करने के बाद पीड़िता ने कैंट कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

### शोध छात्र ने प्रोफेसर पर लगाया प्रताड़ना का आरोप

**अमृत विचार, आशियाना :** भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के शोध छात्र की शिकायत पर डीसीपी मध्य आशीष श्रीवास्तव के आदेश के बाद बुधवार को प्रोफेसर के खिलाफ आशियाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। रायबरेली के बछरावां थाना क्षेत्र स्थित दोस्तपुर निवासी आशीष कुमार बीबीएयू में इनवायरनमेंटल माइक्रो बायोलॉजी का पीएचडी छात्र है। कुछ दिनों पहले उसने विभागाध्यक्ष व संकायाध्यक्ष प्रोफेसर राजेश कुमार के खिलाफ आईजीआरएस पर शिकायत की थी। आरोप है कि तभी से राजेश कुमार छात्र पर भड़के हुए थे। आरोप है कि बीते 2 जून को राजेश कुमार उसे सीढ़ी से बुलाकर अपने ऑफिस ले गये। उसके बाद गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। यही नहीं आरोपी ने भविष्य खराब करने की धमकी दी। बोला कि अगर छात्र विश्वविद्यालय में कहीं भी दिखाई पड़े तो लाश भी नहीं मिलेगी। स्थानीय थाने में शिकायत के बाद भी कोई सुनवायी न होने पर पीड़ित ने डीसीपी मध्य से शिकायत की थी। जिसके बाद आशियाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। रमाबाई चौकी प्रभारी अमरपाल अग्निहोत्री ने बताया कि पूर्व में छात्र ने प्रोफेसर के खिलाफ आईजीआरएस पर उसे परेशान करने का आरोप लगाया था। दी गयी तहरीर में गाली गलौज और जान से मारने की धमकी का आरोप था, जिसके आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### 1090 पर रोडवेज बस के नीचे आई बाइक, दो युवक घायल

**अमृत विचार, लखनऊ :** 1090 चौराहे से समता मूलक की तरफ जा रही रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। बस के नीचे फंस कर बाइक काफी दूर तक घिसटती चली गई। हादसे से बस में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह ने बताया कि बुधवार रात करीब 8 :30 बजे बस की टक्कर से लखीमपुर खीरी सकरन निवासी अजय और श्यामजी गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से दोनों को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। इंस्पेक्टर ने बताया कि पुलिस ने बस चालक को हिरासत में ले लिया है। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

### अज्ञात व्यक्ति का मिला शव

**अमृत विचार, गोसाईंगंज :** सुशांत गोल्फ सिटी के अर्जुनगंज सब्जी मंडी में पीपल के पेड़ के नीचे बुधवार सुबह एक व्यक्ति मरणासन्न हालत में पड़ा मिला। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे ट्रामा2 ले गई, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की उम्र लगभग 40 साल है। पुलिस ने आसपास के लोगों की मदद से शव की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली।

### संदिग्ध हालत में व्यक्ति की मौत

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** ट्रांसपोर्ट नगर पार्किंग नंबर-10 के पास चबूतरे पर एक व्यक्ति बेसुध हालत में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची सरोजनीनगर पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर राजदेव राम प्रजापति ने बताया कि गार्ड प्रमोद यादव ने बुधवार सुबह करीब 10 बजे सूचना दी थी। मृतक की जेब से मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान सरोजनीनगर सहगल फॉर्म कॉलोनी हाइडिल में रहने वाले उमेश कुमार मिश्र (43) के रूप में हुई। उमेश मूल रूप से गोरखपुर का रहने वाला था।

# निकांत जैन की पत्नी व भाई रडार पर, पुलिस ने बैंक से मांगे पेपर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जेल में बंद आरोपी निकांत से पूछताछ करेगी पुलिस

**अमृत विचार:** निलंबित आईएएस अभिषेक प्रकाश के करीबी और जालसाजी में शामिल निकांत जैन की पत्नी वैशाली जैन और भाई सुकांत जैन हजरतगंज पुलिस की रडार पर हैं। पुलिस दोनों के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य जुटा रही है। ताकि दोनों पर कानूनी शिकंजा कसा जा सके। हजरतगंज में तीनों आरोपियों के खिलाफ दर्ज मामले की जांच तेज कर दी है। जांच अधिकारी उपनिरीक्षक इरफान अहमद ने रिपोर्ट दर्ज कराने वाले इंडियन बैंक के मुख्य शाखा प्रबंधक आशीष जिंदल से दस्तावेज मांगे हैं। माना जा रहा है कि दस्तावेज मिलने के बाद पुलिस उनके बयान दर्ज करेगी।

वहीं, वजीरगंज कोतवाली में हसन रजा अब्बासी द्वारा दर्ज कराए गए मामले में पुलिस जेल में बंद धोखाधड़ी व धमकी के आरोपी निकांत जैन से पूछताछ करने की तैयारी कर रही है। वजीरगंज पुलिस जल्द ही कोर्ट से इजाजत लेकर जेल में जाकर निकांत जैन से पूछताछ करेगी। बताया जा रहा है कि अभिषेक प्रकाश के करीबी निकांत जैन के खिलाफ मेरठ, एटा के अलावा लखनऊ के गोमतीनगर, वजीरगंज और हजरतगंज में करीब आधा दर्जन मामले दर्ज हैं।

इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह ने बताया कि इंडियन बैंक के मुख्य शाखा प्रबंधक आशीष जिंदल ने आरोप लगाया था कि निकांत जैन ने सरोजनीनगर स्थित एक जमीन को गिरवी रख कर करीब 4 करोड़ का लोन लिया था। खाता एनपीए होने पर बैंक ने रिकवरी की कार्रवाई शुरू की। पता चला कि एसएसजे एग्रोटेक कंपनी के डॉयरेक्टर निकांत जैन ने बैंक वैल्यूवर की मदद से जमीन की अधिक कीमत दिखा कर लोन हासिल किया था। इस मामले में निकांत की पत्नी वैशाली और भाई सुकांत भी शामिल था।

### बेकाबू कार की टक्कर से निजी कंपनी कर्मी की मौत

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बिजनौर स्थित शहीद पथ पर बुधवार शाम बेकाबू कार ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सरोजनीनगर के बदाली खेड़ा स्थित शमा विहार कालोनी निवासी जुम्मन खान का बेटा अशरफ खान (20) हार्डवेयर नेटवर्किंग का काम करता था। बुधवार शाम करीब 6 :30 बजे वह रायबरेली रोड की तरफ से बाइक से शहीद पथ होते हुए घर आ रहा था। रास्ते में बिजनौर के शहीद पथ स्थित छुआरा खेड़ा के सामने बेकाबू स्विफ्ट डिजायर कार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में अशरफ की मौत हो गयी। घटना के बाद चालक कार छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने बताया कि हादसे के दौरान अशरफ ने हेल्मेट पहन रखा था।

# 50 हजार के इनामी को एसटीएफ ने किया गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सिद्धार्थनगर पुलिस ने घोषित किया था इनाम

**अमृत विचार:** यूपी एसटीएफ ने चारबाग फुट ओवरब्रिज के पास से 50 हजार के इनामी को गिरफ्तार किया है। आरोपी करीब एक साल से सिद्धार्थनगर से 12 लाख के गबन के मामले में फरार चल रहा था। उक्त मामले में सिद्धार्थनगर जिले में गठित एसआईटी जांच कर रही है।

डीएसपी एसटीएफ अवनीश्वर चंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि 9 अक्टूबर 2024 को सिद्धार्थनगर के अपर जिला सहकारी अधिकारी बाबूराम प्रसाद ने थाना शिवनगर डिडई में जाली दस्तावेज के आधार पर धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश व गबन की रिपोर्ट दर्ज करायी थी।



आरोपी शुभम

मामले में फरार आरोपी शुभम पर 50 हजार का इनाम घोषित था। मंगलवार को सूचना पर एसटीएफ ने आरोपी को चारबाग से दबोचा। आरोपी शुभम सेहुडाखुर्द थाना रुधौली जनपद बस्ती का रहने वाला है।

डीएसपी ने बताया कि आरोपी शुभम कुमार सोहराब राईस मिल सेहुडाखुर्द बस्ती में काम करता था। उसके बाद वहीं से सरकारी धान/गेंहू क्रय केन्द्र डीसीएफ सेम्हरानी सिद्धार्थनगर का प्रभारी बनाया गया था। इस दौरान लगभग 12 लाख रुपये का गबन हुआ था। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए मुम्बई चला गया था। अपने एक मित्र की शादी में शामिल होने के लिए लखनऊ आया था। तभी उसे पकड़ लिया गया। आरोपी को सिद्धार्थनगर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है।

# ट्रेन की चपेट में आकर मजदूर की मौत

संवाददाता, आशियाना

अमृत विचार : थाना क्षेत्र के बंगला बाजार भदरूख का रहने वाला 58 वर्षीय बाबू जायसवाल पीओपी कारीगर था। उसके भाई सोनू जायसवाल ने बताया कि बाबू अविवाहित था और ठेकेदार के साथ काम करता था। अधिकतर वह घर से बाहर ही रहता था। मंगलवार दोपहर परिजनों को सूचना मिली कि उनके भाई बाबू की आशियाना स्थित औरंगाबाद रेलवे क्रॉसिंग के पास ट्रेन की चपेट में आ जाने से मौत हो गयी।



खुलासा

## पुलिस ने नामजद आरोपियों को पकड़ा, निशानदेही पर शव बरामद

# बदला लेने के लिए ई-रिक्शा चालक को मार डाला

संवाददाता, आलमबाग

- 8 की रात हत्या के बाद पिपरसंड जंगल में गड्ढे में शव डालकर पाट दिया था
- 10 को मां ने दर्ज कराई थी कृष्णानगर कोतवाली में अपहरण की रिपोर्ट

**अमृत विचार:** केसरीखेड़ा में दोस्त की बहन की शादी में पिटाई का बदला देने के लिए दोस्तों ने ई-रिक्शा चालक राहुल साहू (24) को अगवा कर लिया। उसके बाद पिपरसंड जंगल में ले जाकर पटरे से वारकर हत्या की। फिर हत्या करने के बाद शव को जंगल में खुदे गड्ढे में डालकर मिट्टी से पाट दिया। लापता राहुल की गुमशुदगी दर्ज होने के बाद कृष्णानगर पुलिस ने जांच का दायरा बढ़ाया। रडार पर आए दो युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो सच्चाई सामने आ गयी। एडीसीपी मध्य ममता रानी चौधरी, एसीपी कृष्णानगर विकास पांडेय भी पुलिस टीम संग जंगल में पहुंचे। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर जंगल में खुदाई कराकर शव बरामद कर लिया है। पुलिस नामजद चार युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

एसीपी कृष्णानगर विकास पांडेय ने बताया कि केसरीखेड़ा स्थित गणेशनगर में सविता साहू परिवार के साथ रहती हैं। उनका बेटा राहुल ऑटो चालक था। करीब एक साल पहले राहुल ने मंजू से प्रेम विवाह किया था। मां ने बताया कि 8 जून की रात सूरज गुप्ता, सूरज रावत, गुलशन व लवकुश उनके बेटे राहुल को जबरन ई-रिक्शा पर बैठाकर ले गए। उसके बाद से राहुल घर नहीं लौटा। परेशान परिजन ने हर जगह खोजबीन की लेकिन कुछ पता नहीं चला।

10 जून को मां ने कृष्णानगर कोतवाली में बेटे के अपहरण का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज करायी। परिवार ने तहरीर में चार युवकों पर आरोप लगाया था। जांच शुरू की तो पता चला कि सूरज गुप्ता भी लापता है। शक होने पर पुलिस ने सर्विलांस की मदद ली। जिसके बाद पुलिस ने सूरज रावत, सूरज गुप्ता, लवकुश और गुलशन को पकड़ा। पुलिस ने अपहृत राहुल के बारे में पूछताछ की तो सभी गोलमोल जवाब देते रहे। सख्ती करने पर कबूला कि वे 8 जून को राहुल को ई-रिक्शा पर बैठाकर पिपरसंड ले गए थे। वहां उसकी हत्या कर शव को जंगल में फेंक दिया था। पुलिस आरोपी सूरज रावत को बुधवार देर शाम जंगल में पहुंची, जहां से राहुल का सड़ा-गला शव बरामद कर लिया। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल पर जांच पड़ताल की। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त ई-रिक्शा व पटरा बरामद कर लिया है। एसीपी विकास पांडेय ने बताया कि 2 जून को सूरज गुप्ता की बहन की शादी थी। उसमें किसी बात को लेकर दोस्तों के बीच विवाद हुआ था।

# बीबीएयू में नए डिप्लोमा कोर्स समेत 3 हजार सीटों पर प्रवेश शुरू

## कौशल विकास से संबंधित व्यावसायिक व आधुनिक कोर्स डिजायन किया गया, सेवानिवृत और विषय विशेषज्ञों को भी विश्वविद्यालय देगा अवसर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में 17 नए डिप्लोमा कोर्स आरंभ हो रहे हैं। इसके अलावा कुछ सर्टिफिकेट कोर्स भी आरंभ किए जा रहे हैं। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में शुरू होने वाले नये स्नातक, स्नातकोत्तर डिप्लोमा, प्रमाणपत्र और डिप्लोमा कोर्स की शुरुआत की गई है इसके अलावा मौजूदा पाठ्यक्रमों में भी प्रवेश जारी किया गया है। नए शुरू किए जा रहे पाठ्यक्रमों की विशेषता है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और वर्तमान समय की शैक्षणिक और व्यावसायिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है।

नए पाठ्यक्रमों में स्किल बेस्ड कोर्स शामिल किए जा रहे हैं। जिससे छात्र रोजगारपरक और व्यावसायिक प्रशिक्षण पढ़ाई के दौरान ही प्राप्त कर लेंगे। विश्वविद्यालय नए शुरू हो रहे पाठ्यक्रमों के लिए छात्रावास सुविधाओं, आधारभूत ढांचे, स्टार्टअप्स और उद्यमिता को भी बढ़ावा देने की तैयारी कर रहा है। जिससे अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं आत्मनिर्भर व रोजगारपरक शिक्षा हासिल कर सकें। एक प्रश्न के उत्तर में विश्वविद्यालय में प्रवेश समिति के अध्यक्ष प्रो. अमित कुमार सिंह ने नये पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी देते हुए प्रवेश प्रक्रिया की रूपरेखा, आवेदन की तिथि, योग्यता मानदंड तथा चयन प्रक्रिया से संबंधित महत्वपूर्ण विवरण भी प्रस्तुत किया। इस मौके पर कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल, कुलसचिव डॉ. अश्विनी कुमार सिंह, परीक्षा नियंत्रक प्रो. विक्रम सिंह यादव भी मौजूद रहे।

इस कोर्स की सबसे खास बात है कि इसे पढ़ाने के लिए संबंधित पाठ्यक्रम से जुडे विषय विशेषज्ञों को आमंत्रित किया जाएगा। सेवानिवृत्त और अनुभवी विशेषज्ञों को भी इन कोर्सों में योगदान देने का अवसर मिलेगा, जिससे छात्रों को वास्तविक अनुभव पर आधारित शिक्षण मिल सकेगा। विश्वविद्यालय में यूजी इंटीग्रेटेड पाठ्यक्रमों की भी शुरुआत की जाएगी, जो छात्रों को एक ही छत के नीचे बहुआयामी शिक्षा प्रदान करेंगे।

पर्यावरण को लेकर बीबीएयू ने अभिनव पहल किया है। अब शोधछात्रों को एक पौधा लगाना अनिवार्य होगा। छात्र न केवल उस पौधे को लगाएगा, बल्कि अपने शोधकाल के दौरान उसकी नियमित देखभाल भी करेगा।

### इन पाठ्यक्रमों को किया जाएगा शामिल

जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग द्वारा पीजी डिप्लोमा इन सोशल मीडिया मार्केटिंग, पीजी डिप्लोमा इन फिल्म एंड थिएटर एक्टिंग एंड एडिटिंग, पीजी डिप्लोमा इन डिजाइन एंड ग्राफिक्स, पीजी डिप्लोमा इन कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन, सर्टिफिकेट कोर्स इन रेडियो जॉकी एंड वीडियो जॉकी (आरजे व वीजे), पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग द्वारा पीजी डिप्लोमा इन मैन्यूस्क्रिप्टोलॉजी (पाण्डुलिपि विज्ञान), प्रबंधन अध्ययन विभाग द्वारा द्विवर्षीय एग्जीक्यूटिव एमबीए, डिप्लोमा कोर्स इन डिफेंस एण्ड स्ट्रैटेजिक मैनेजमेंट, बागवानी विभाग द्वारा वन ईयर डिप्लोमा इन पोस्ट-हार्वेस्ट टेक्नोलॉजी फॉर हॉर्टिकल्चरल क्रॉप्स, सर्टिफिकेट कोर्स इन कम्पोस्टिंग, सर्टिफिकेट कोर्स इन गार्डनिंग, फूड एंड न्यूट्रिशन विभाग, वन ईयर डिप्लोमा कोर्स इन फ्रूट एंड वेजिटेबल प्रोसेसिंग एंड प्रिजर्वेशन (अमेठी केंद्र), सिक्स मंथ सर्टिफिकेट कोर्स इन बेकरी एंड कन्फेक्शनरी (अमेठी केंद्र), सिक्स मंथ्स सर्टिफिकेट कोर्स फॉर फूड एनालिस्ट (अमेठी केंद्र), पीजीडिप्लोमा इन न्यूट्रिशन एंड डाइटेटिक्स, योग विभाग द्वारा सर्टिफिकेट कोर्स इन योगा, सर्टिफिकेट कोर्स इन स्किल एनहांसमेंट फॉर पैरामेडिकल प्रोफेशनल, डिप्लोमा कोर्स इन कॉग्निटिव न्यूरो साइंस, डिप्लोमा कोर्स इन योगा एंड नैचुरोपैथी, डिप्लोमा कोर्स इन योगा इंस्ट्रक्टर एवं यूनिवर्सिटी इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी द्वारा डिप्लोमा कोर्स इन ऑफिस ऑटोमेशन एंड टैली आदि पाठ्यक्रम शामिल रहेंगे।

### विश्वविद्यालय की वेबसाइट से करें आवेदन



नए पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया आरंभ कर दी गयी है। पीजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक सभी पात्र उम्मीदवार विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://bbaucuet.samarth.edu.in/pg/ पर जाकर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकरण की प्रक्रिया 24 मई से प्रारंभ हो चुकी है, आवेदन की अंतिम तिथि 18 जून है। सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के उम्मीदवारों के लिए पंजीकरण शुल्क 500 वहीं अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, दिव्यांग श्रेणी के उम्मीदवारों को 300 रुपये देना होगा। विलंब शुल्क 1000 रुपये के साथ 24 जून तक पंजीकरण किया जा सकता है।

विश्वविद्यालय का प्रयास शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार के संतुलन को स्थापित करते हुए एक समावेशी और उन्नत शैक्षणिक वातावरण का निर्माण करना है। इसके लिए विश्वविद्यालय ने सभी हितधारकों से सहयोग की अपील की है, ताकि संस्थान के समग्र विकास में हर किसी की भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

**-प्रो. आरके मित्तल, कुलपति, बाबासाहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय**

## भाषा विश्वविद्यालय में फार्मेसी पाठ्यक्रमों को मिली मान्यता

अमृत विचार, लखनऊ : ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया बैचलर ऑफ फार्मेसी और डिप्लोमा इन फार्मेसी पाठ्यक्रमों की मान्यता प्राप्त हो गई है। डीफार्मा कोर्स को फार्मेसी एक्ट की धारा 12 के तहत स्वीकृति मिली है, जिससे पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद छात्र फार्मासिस्ट के रूप में पंजीकरण के लिए पात्र होंगे। इससे छात्रों के लिए फार्मेसी क्षेत्र में विविध कॅरियर अवसर खुलेंगे। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा यह मान्यता विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और प्रतिबद्धता को दर्शाती है। फार्मेसी संकाय की डीन प्रो. चन्दना डे ने कहा कि यह मान्यता हमारे विद्यार्थियों को शिक्षा और रोजगार दोनों क्षेत्रों में नए अवसर उपलब्ध कराएगी। यह हमारे शिक्षण की गुणवत्ता को भी प्रमाणित करती है। संस्थान की निदेशक प्रो. शालिनी त्रिपाठी ने कहा कि यह सफलता हमारे कुलपति प्रो. अजय तनेजा के कुशल नेतृत्व, शिक्षकों की निष्ठा और स्टाफ की सतत मेहनत का परिणाम है।

## सार-संक्षेप

### अपनी मांगों को लेकर शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा को अपनी समस्याओं के संबंध में ज्ञापन सौंपा। संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पाण्डेय ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों का अंतर्जनपदीय स्थानांतरण के संबंध में विभागीय दिशा निर्देश जारी हुए है। जिसमें प्रदेश के मात्र 15 जनपदों में स्थानांतरण किए जाने के निर्देश दिए गए हैं जो शिक्षकों के हित में उचित नहीं है और प्रदेश के समस्त शिक्षकों में रोष व्याप्त है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों का अंतर जनपदीय स्थानांतरण प्रदेश के समस्त जनपदों में किए जाने हेतु अपने स्तर से पुनः निर्देश जारी करने का कष्ट करें।

### 200 पदों पर भर्ती लेकिन पहुंचे सिर्फ 22 अभ्यर्थी

अमृत विचार, लखनऊ : आईटीआई अलीगंज में रोजगार मेला का आयोजन किया गया, जिसमें एमआरएफ और सैमसंग इंडिया को 200 पदों पर कर्मचारियों की भर्ती करनी थी लेकिन इस रोजगार मेले में सिर्फ 22 अभ्यर्थी ही पंजीकरण कराने पहुंचे। जिनमें 12 को योग्य पाकर नौकरी मिल गई। प्रधानाचार्य राजकुमार यादव ने बताया मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के तहत बुधवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अलीगंज में एमआरएफ टायर्स का कैम्पस ड्राइव का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य ने कम्पनी के प्रतिनिधि से अधिक से अधिक प्रशिक्षार्थियों को चयनित करने के लिए कहा। ट्रेनिंग काउंसिलिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी एमए खां ने बताया कि रोजगार मेले में 22 प्रशिक्षार्थियों ने पंजीकरण किया जिसमें साक्षात्कार के उपरान्त 12 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। स्टाईपेण्ड 18 हजार रुपए प्रतिमाह और अन्य सुविधाएं कम्पनियों द्वारा दी जाएगी। इस रोजगार मेला में जो अभ्यर्थी शामिल नहीं हो पाए वह 12 जून को भी शामिल हो सकते हैं। मेले में सैमसंग इण्डिया, नोएडा के कैम्पस ड्राइव में प्रतिभाग कर सकते हैं। रोजगार मेले को सफल बनाने में मकबूल कादिर, अनुदेशक और जेड रहमान, अनुदेशक ने सहयोग किया।

### सीएमएस छात्रा को 96,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस की छात्रा परी अग्रवाल को उच्चशिक्षा हेतु अमेरिका के प्रतिष्ठित इलिनोईस कालेज द्वारा 96,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। छात्रा को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। परी ने इस सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है। सीएमएस संस्थापिका निदेशिका डॉ. भारती गांधी ने छात्रा की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। सीएमएस के कम्युनिकेशन्स हेड ऋषि खन्ना ने बताया कि इस वर्ष अभी तक सीएमएस के 90 से अधिक छात्रों ने अमेरिका, इंग्लैण्ड, कैनडा, आस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, जर्मनी आदि विभिन्न देशों के ख्यातिप्राप्त विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ चयनित होकर लखनऊ का नाम रोशन किया है।

### पांच सिल्वर पर कब्जा कर सीएमएस छात्र ने लहराया परचम

**अमृत विचार, लखनऊ :** अलीगंज स्थित सिटी मोन्टेसरी स्कूल के प्रतिभाशाली छात्र कृष्ण दुबे ने सीनियर डिस्ट्रिक्ट स्विमिंग चैम्पियनशिप में 5 सिल्वर मेडल जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। प्रतियोगिता का आयोजन लखनऊ एमेच्योर एक्वेटिक एसोसिएशन के तत्वावधान में केडी सिंह बाबू स्टेडियम के तरणताल में किया गया। सीएमएस के कम्युनिकेशन्स हेड ऋषि खन्ना ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कृष्ण दुबे ने अपनी अभूतपूर्व तैराकी प्रतिभा का परचम लहराते हुए 1500 मी फ्री-स्टाइल, 800मी फ्री-स्टाइल, 200मी बटरफ्लाई, 100मी बटरफ्लाई एवं 400मी इण्डिवजुअल मिडले स्पर्धाओं में 5 सिल्वर मेडल अपने नाम किया है। सीएमएस संस्थापिका निदेशिका डॉ. भारती गांधी ने विद्यालय के इस होनहार तैराक के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### शिविर में दिखाई प्रतिभा, सीखा अनुशासन

**अमृत विचार, लखनऊ :** 3 यूपी नेवल यूनिट एनसीसी लखनऊ द्वारा आयोजित संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (सीएटीसी-213) का बुधवार को समापन हो गया। शिविर में लखनऊ, प्रयागराज व वाराणसी ग्रुप के कैडेट ने टीम भावना से प्रतिभा का प्रदर्शन किया और अनुशासन सीखा। यह शिविर 1 से 10 जून तक एलन हाउस पब्लिक स्कूल में आयोजित हुआ। इसमें लखनऊ, प्रयागराज और वाराणसी ग्रुप के कुल 421 एनसीसी कैडेट ने भागीदारी की। करियर से संबंधित मार्गदर्शन पर विशेष ध्यान दिया गया। इसके तहत भारतीय थल सेना, नौसेना, वायुसेना तथा सिविल सेवा से संबंधित अधिकारियों के साथ अतिथि व्याख्यान एवं संवाद सत्र आयोजित किए गए, जिससे कैडेट को विभिन्न करियर विकल्पों की उपयोगी जानकारी प्राप्त हुई। समापन समारोह के अवसर पर 9 जून को एक रंगारंग सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। कैंप कमाण्डेंट कमांडर गौरव शुक्ला ने कैडेट की उपलब्धियों पर गर्व जताते हुए भविष्य में और ऊंचाइयों को छूने का उल्लेख किया।

### मुन्नवर अंजार को मिली उपलब्धि

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी जूडो एसोसिशन के महासचिव और अंतरराष्ट्रीय निर्णायक बुडापेस्ट (हंगरी) में आयोजित आईजेएफ कांग्रेस में भारत की ओर से मुन्नवर अंजार ने प्रतिनिधित्व किया। उन्हें जूडो फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से भेजा गया। एसोसिएशन अध्यक्ष सुधीर हलवासिया ने बताया कि मुनव्वर अंजार पहले भी कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका निभा चुके हैं। उनका आईजेएफ कांग्रेस में देश का प्रतिनिधित्व करना उनकी बड़ी सफलता है।

### कॉल्विन अकादमी ने दर्ज की आसान जीत

**अमृत विचार, लखनऊ :** अंडर-16 गदीर ट्रॉफी में हुए मुकाबले में बुधवार को कॉल्विन अकादमी ने एलडीए अकादमी को 110 रन से हरा कर पूरे अंक बटोरे। चौक के एलसीए ग्राउंड में खेले गए मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करने उतरी कॉल्विन अकादमी ने 30 ओवर में 6 विकेट खोकर 219 रन का लक्ष्य विरोधी टीम के सामने रखा। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी एलडीए अकादमी की शुरुआत खराब रही। इसके चलते पूरी टीम 22.1 ओवर में 109 रन पर सिमट गई।

### एसएमआर, अशर्फी क्लब, स्पोर्ट्स गैलेक्सी और सीएएल ब्लैक ने जीते मुकाबले

**अमृत विचार, लखनऊ :** अंशुल आलोक मेमोरियल अंडर-14 क्रिकेट के मुकाबले में एसएमआर, सीएएल ब्लैक, स्पोर्ट्स गैलेक्सी और अशर्फी क्लब ने अपने-अपने मुकाबले जीतते हुए टूर्नामेंट में पूरे अंक बटोरे। बुधवार को हुए पहले मुकाबले में स्पोर्ट्स गैलेक्सी ने आस्का को 78 रनों से शिकस्त दी। स्पोर्ट्स गैलेक्सी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 147 रन का लक्ष्य रखा। इसके जवाब में आस्का की पूरी टीम 15.3 ओवर में 69 रन पर सिमट गई। वहीं दूसरे हुए मुकाबले में अशर्फी क्लब ने सीएएल पर्पल को 37 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए अशर्फी क्लब ने सीएएल पर्पल के सामने 109 रन के लक्ष्य रखा। इसके जवाब में उतरी पर्पल की पूरी टीम 72 रनों पर ढेर हो गई। तीसरे मुकाबले में एसएमआर क्लब ने ब्लेज विलो को 186 रन के बड़े अंतर से हराया। एसएमआर क्लब की ओर से बल्लेबाज अंश ने 141 और सत्यम ने 113 रनों की आतिशी पारी खेल 341 रन का लक्ष्य विरोधी टीम के सामने रखा। जवाब में उतरी ब्लेज विलो की पूरी टीम 30.3 ओवर में 155 रन बनाकर पैवेलियन लौट गई।


## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ-2025

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:-

| गाड़ी संख्या | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति | चलने के दिन | चलने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04088 | नई दिल्ली | 15:50 | पटना जंक्शन | 08:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04087 | पटना जंक्शन | 10:00 | नई दिल्ली | 03:20 | | | 11.07.2025 तक |
| 04064 | नई दिल्ली | 09:30 | शेखपुरा | 04:30 | द्वि-साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04063 | शेखपुरा | 06:00 | नई दिल्ली | 01:10 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04066 | नई दिल्ली | 21:35 | सहरसा जंक्शन | 22:00 | द्वि-साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04065 | सहरसा जंक्शन | 23:55 | नई दिल्ली | 23:30 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04021 | गोरखपुर | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04081 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:40 | त्रि-साप्ताहिक | सोमवार, बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04082 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | मंगल, गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04012 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | दरभंगा जंक्शन | 20:30 | द्वि-साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04011 | दरभंगा जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 22:40 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04024 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | वाराणसी जंक्शन | 09:45 | त्रि-साप्ताहिक | सोम,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04023 | वाराणसी जंक्शन | 18:35 | दिल्ली जंक्शन | 08:50 | | मंगल,शुक्र,रवि | 11.07.2025 तक |
| 04026 | दिल्ली जंक्शन | 23:05 | रक्सौल जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04025 | रक्सौल जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 17:45 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04018 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 04:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04017 | मुजफ्फरपुर जं | 06:15 | आनंद विहार (ट) | 03:10 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04020 | आनंद विहार (ट) | 19:30 | बरौनी जंक्शन | 18:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04019 | बरौनी जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 19:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04070 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | द्वि-साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04069 | राजगीर | 21:45 | आनंद विहार (ट) | 19:00 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04096 | आनंद विहार (ट) | 04:59 | जयनगर | 05:20 | द्वि-साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04095 | जयनगर | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 08:10 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04098 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | सीतामढी | 02:30 | द्वि-साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04097 | सीतामढी | 03:45 | आनंद विहार (ट) | 01:30 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04094 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04093 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04207 | लखनऊ जंक्शन | 08:05 | नई दिल्ली | 18:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04208 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ जंक्शन | 06:35 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04213 | अयोध्या कैंट | 18:20 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | त्रि-साप्ताहिक | रवि,मंगल,गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04214 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | | सोम,बुध,शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जंक्शन | 06:25 | लखनऊ जंक्शन | 11:45 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ जंक्शन | 16:30 | वाराणसी जंक्शन | 21:50 | | | 30.06.2025 तक |
| 04219 | शाहगंज जंक्शन | 22:35 | अयोध्या धाम जंक्शन | 01:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम जंक्शन | 02:10 | शाहगंज जंक्शन | 04:40 | | | 10.07.2025 तक |
| 02270 | लखनऊ जंक्शन (वंदे भारत स्पेशल) | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में 06 दिन | मंगलवार को छोड़कर | 11.07.2025 तक |
| 02269 | छपरा | 23:00 | लखनऊ जंक्शन | 06:30 | | | 11.07.2025 तक |
| 04604 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 18:15 | वाराणसी जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04603 | वाराणसी जंक्शन | 05:00 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 06:00 | | मंगलवार | 08.07.2025 तक |
| 04206 | वाराणसी जंक्शन | 14:50 | चंडीगढ़ | 07:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 05.07.2025 तक |
| 04205 | चंडीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जंक्शन | 01:20 | | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04518 | बठिण्डा जंक्शन | 20:50 | वाराणसी जंक्शन | 17:30 | द्वि-साप्ताहिक | सोम, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04517 | वाराणसी जंक्शन | 20:40 | बठिण्डा जंक्शन | 17:00 | | मंगल, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04209 | लखनऊ जंक्शन | 20:45 | चंडीगढ़ | 07:55 | त्रि-साप्ताहिक | सोम,बुध,शुक्र | 09.07.2025 तक |
| 04210 | चंडीगढ़ | 10:20 | लखनऊ जंक्शन | 21:30 | | मंगल,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04302 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 13:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 15.07.2025 तक |
| 04301 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 15:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 14:20 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 04610 | जम्मू तवी | 06:20 | वाराणसी जंक्शन | 05:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 09.07.2025 तक |
| 04609 | वाराणसी जंक्शन | 09:00 | जम्मू तवी | 07:45 | | शुक्रवार | 10.07.2025 तक |
| 04304 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | गोरखपुर | 06:20 | साप्ताहिक | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04303 | गोरखपुर | 09:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 00:55 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04602 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 15:10 | पटना जंक्शन | 18:00 | द्वि-साप्ताहिक | बुध, शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04601 | पटना जंक्शन | 20:50 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 23:55 | | गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जंक्शन | 20:10 | दरभंगा जंक्शन | 02:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04607 | दरभंगा जंक्शन | 04:00 | अमृतसर जंक्शन | 10:30 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04212 | सुल्तानपुर जंक्शन | 04:00 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 14:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 23.06.2025 तक |
| 04211 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 16:35 | सुल्तानपुर जंक्शन | 23:00 | | मंगलवार | 24.06.2025 तक |
| 05559 | रक्सौल जंक्शन | 05:30 | उधना जंक्शन | 12:35 | साप्ताहिक | शनिवार | 26.07.2025 तक |
| 05560 | उधना जंक्शन | 15:35 | रक्सौल जंक्शन | 00:15 | | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 04058 | नई दिल्ली | 19:30 | सहरसा जं. | 19:50 | द्वि-साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04057 | सहरसा जं. | 21:40 | नई दिल्ली | 23:30 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04072 | दिल्ली जं. | 11:00 | दरभंगा जं. | 13:30 | द्वि-साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04071 | दरभंगा जं. | 15:00 | दिल्ली जं. | 18:50 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04074 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04073 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04060 | नई दिल्ली | 09:30 | खोरधा रोड जं. | 17:05 | साप्ताहिक | शनिवार | 14.06.2025 तक |
| 04059 | खोरधा रोड जं. | 18:30 | नई दिल्ली | 00:30 | | रविवार | 15.06.2025 तक |
| 03255 | पटना जंक्शन | 22:20 | आनंद विहार (ट) | 18:35 | द्वि-साप्ताहिक | रवि, गुरु | 02.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 03256 | आनंद विहार (ट) | 23:30 | पटना जंक्शन | 18:35 | | सोम, शुक्र | 03.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 05049 | छपरा | 10:15 | अमृतसर जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05050 | अमृतसर जंक्शन | 17:45 | छपरा | 23:55 | | शनिवार | 08.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 04092 | नई दिल्ली | 19:30 | हावड़ा जंक्शन | 21:40 | द्वि-साप्ताहिक | बुध, शनि | 19.07.25 तक |
| 04091 | हावड़ा जंक्शन | 23:50 | नई दिल्ली | 01:00 | | गुरु, रवि | 12.06.25 से 20.07.25 |
| 04216 | सुल्तानपुर जंक्शन | 04:00 | साबरमती | 07:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 13.06.25 से 27.06.25 |
| 04215 | साबरमती | 08:50 | सुल्तानपुर जंक्शन | 11:00 | | शनिवार | 14.06.25 से 28.06.25 |
| 09639 | मदार जंक्शन | 04:30 | रोहतक जंक्शन | 12:50 | प्रतिदिन | | 30.06.25 तक |
| 09640 | रोहतक जं | 13:20 | मदार जंक्शन | 22:35 | | | 30.06.25 तक |
| 04504 | चंडीगढ़ | 23:35 | पटना जंक्शन | 22:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.25 तक |
| 04503 | पटना जंक्शन | 22:45 | चंडीगढ़ | 23:10 | | शुक्रवार | 11.07.25 तक |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनंद विहार (ट.) | 13:40 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.06.25 तक |
| 03436 | आनंद विहार (ट.) | 15:45 | मालदा टाउन | 23:30 | | मंगलवार | 01.07.25 तक |
| 06597 | यशवंतपुर जं | 07:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 10:20 | साप्ताहिक | गुरुवार | 19.06.25 से 03.07.25 |
| 06598 | योग नगरी ऋषिकेश | 17:55 | यशवंतपुर जं | 19:45 | | शनिवार | 21.06.25 से 05.07.25 |
| 05305 | छपरा | 22:00 | आनंद विहार (ट) | 22:10 | द्वि-साप्ताहिक | सोम, गुरु | 17.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05306 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | छपरा | 22:50 | | बुध, शनि | 19.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05057 | गोरखपुर जंक्शन | 22:45 | दिल्ली जंक्शन | 12:50 | साप्ताहिक | गुरुवार | 06.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05058 | दिल्ली जंक्शन | 14:00 | गोरखपुर जंक्शन | 06:25 | | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01701 | जबलपुर | 19:40 | अयोध्या कैंट | 11:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01702 | अयोध्या कैंट | 13:30 | जबलपुर | 04:15 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 03309 | धनबाद जंक्शन | 10:10 | जम्मू तवी | 22:40 | द्वि-साप्ताहिक | मंगल, शनि | 28.06.2025 तक |
| 03310 | जम्मू तवी | 23:30 | धनबाद जंक्शन | 13:00 | | बुध, रवि | 29.06.2025 तक |
| 02397 | गया | 14:15 | आनंद विहार (ट) | 07:10 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 02398 | आनंद विहार (ट) | 08:20 | गया | 00:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 03258 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 28.07.2025 तक |
| 03697 | गया | 14:15 | दिल्ली जंक्शन | 07:45 | सप्ताह में 6 दिन | रवि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 03698 | दिल्ली जंक्शन | 08:55 | गया | 00:30 | | सोम को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 05577 | सहरसा जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | सप्ताह में 5 दिन | गुरु, शनि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 05578 | आनंद विहार (ट) | 05:15 | सहरसा जंक्शन | 10:30 | | शनि, सोम को छोड़कर | 02.07.2025 तक |
| 02393 | राजेंद्र नगर (ट) | 19:45 | नई दिल्ली | 12:10 | सप्ताह में 6 दिन | गुरुवार को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 02394 | नई दिल्ली | 18:30 | राजेंद्र नगर (ट) | 10:00 | | शुक्र को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 02877 | रांची | 23:55 | नई दिल्ली | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 02878 | नई दिल्ली | 04:00 | रांची | 05:00 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जंक्शन | 21:00 | अमृतसर जंक्शन | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 05735 | अमृतसर जंक्शन | 13:25 | कटिहार जंक्शन | 23:45 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल | 22:50 | वाराणसी जंक्शन | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09184 | वाराणसी जंक्शन | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03223 | राजगीर | 06:05 | हरिद्वार जंक्शन | 06:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03224 | हरिद्वार जंक्शन | 07:20 | राजगीर | 07:15 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 03221 | राजगीर | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03222 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 03:15 | राजगीर | 15:00 | | बुधवार | 02.07.2025 तक |
| 05742 | न्यू जलपाईगुड़ी | 13:40 | अयोध्या कैंट | 09:30 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05741 | अयोध्या कैंट | 11:40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03311 | धनबाद जंक्शन | 23:50 | चंडीगढ़ | 04:30 | द्वि-साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 03312 | चंडीगढ़ | 06:00 | धनबाद जंक्शन | 09:00 | | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 05113 | छपरा | 15:45 | आनंद विहार (ट.) | 14:25 | साप्ताहिक | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 05114 | आनंद विहार (ट.) | 16:00 | छपरा | 14:00 | | गुरुवार | 17.07.2025 तक |
| 05301 | मऊ जंक्शन | 04:00 | अंबाला कैंट | 00:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 17.07.2025 तक |
| 05302 | अम्बाला कैंट | 01:40 | मऊ जंक्शन | 22:00 | | शुक्रवार | 18.07.2025 तक |
| 05193 | छपरा | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 14.07.2025 तक |
| 05194 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 00:10 | छपरा | 08:00 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 07363 | हुब्बल्ली जंक्शन | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्ली जंक्शन | 06:30 | | गुरुवार | 27.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01491 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे | 23:55 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09101 | वडोदरा जंक्शन | 16:45 | हरिद्वार जंक्शन | 14:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09102 | हरिद्वार जंक्शन | 16:45 | वडोदरा जंक्शन | 12:00 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07024 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 06:30 | | मंगलवार | 01.07.2025 तक |
| 07621 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 08:45 | हजरत निजामुद्दीन | 14:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 07622 | हजरत निजामुद्दीन | 21:40 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 00:35 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 09309 | इंदौर जंक्शन | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 05:00 | द्वि-साप्ताहिक | शुक्र, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जंक्शन | 21:00 | | शनि, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09003 | मुंबई सेंट्रल | 10:30 | दिल्ली जंक्शन | 10:00 | द्वि-साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 09004 | दिल्ली जंक्शन | 13:05 | मुंबई सेंट्रल | 13:30 | | बुध, शनि | 28.06.2025 तक |
| 09425 | साबरमती | 17:20 | हरिद्वार जंक्शन | 17:00 | द्वि-साप्ताहिक | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09426 | हरिद्वार जंक्शन | 21:00 | साबरमती | 22:30 | | शुक्र, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09603 | उदयपुर सिटी | 01:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 06:35 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09604 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 10:50 | उदयपुर सिटी | 13:55 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 01705 | जबलपुर | 15:45 | हरिद्वार जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01706 | हरिद्वार जंक्शन | 17:40 | जबलपुर | 17:50 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 04050 | नई दिल्ली | 21:35 | ऐशबाग | 12:35 | द्वि-साप्ताहिक | शुक्र, रवि | 13.07.2025 तक |
| 04049 | ऐशबाग | 18:45 | नई दिल्ली | 11:00 | | शनि, सोम | 14.07.2025 तक |
| 04525 | सहारनपुर जं. | 04:40 | अम्बाला कैंट | 06:45 | प्रतिदिन | | 15.07.2025 तक |
| 04526 | अम्बाला कैंट | 20:20 | सहारनपुर जं. | 22:30 | | | 15.07.2025 तक |
| 04068 | नई दिल्ली | 14:00 | भागलपुर | 13:30 | द्वि-साप्ताहिक | रवि, बुध | 09.07.2025 तक |
| 04067 | भागलपुर | 14:30 | नई दिल्ली | 14:30 | | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04030 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:30 | द्वि-साप्ताहिक | मंगल, शनि | 08.07.2025 तक |
| 04029 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:15 | आनंद विहार (ट) | 03:10 | | बुध, रवि | 09.07.2025 तक |
| 04618 | अमृतसर | 20:10 | सहरसा जं. | 02:30 | द्वि-साप्ताहिक | सोम, मंगल | 08.07.2025 तक |
| 04617 | सहरसा जं. | 04:40 | अमृतसर | 14:00 | | बुध, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04520 | बठिण्डा जं. | 20:50 | वाराणसी | 17:30 | द्वि-साप्ताहिक | बुध, शनि | 09.07.2025 तक |
| 04519 | वाराणसी | 20:40 | बठिण्डा जं. | 17:00 | | गुरु, रवि | 10.07.2025 तक |
| 05219 | मुजफ्फरपुर जं. | 13:30 | आनंद विहार (ट) | 10:00 | साप्ताहिक | शनि | 19.07.2025 तक |
| 05220 | आनंद विहार (ट) | 12:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 09:45 | | रवि | 20.07.2025 तक |
| 05447 | पीलीभीत जं. | 12:10 | शाहजहाँपुर | 13:50 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 05448 | शाहजहाँपुर | 14:35 | पीलीभीत जं. | 16:30 | | | 30.06.2025 तक |
| 05283 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:30 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 05284 | आनंद विहार (ट) | 07:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:50 | | शनि | 28.06.2025 तक |
| 04687 | बनिहाल | 18:40 | बडगाम | 20:20 | सप्ताह में 6 दिन | शुक्र को छोड़कर | 03.08.2025 तक |
| 04688 | बडगाम | 08:35 | बनिहाल | 10:40 | | | 03.08.2025 तक |
| 04606 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 21:30 | गुवाहाटी | 19:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04605 | गुवाहाटी | 23:20 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 20:45 | | सोम | 14.07.2025 तक |
| 07077 | चर्लापल्ली | 05:00 | देहरादून | 19:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 24.06.2025 तक |
| 07078 | देहरादून | 07:00 | चर्लापल्ली | 22:30 | | गुरुवार | 12.06.25 से 26.06.25 |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
पर हमें फॉलो करें

अप्रशस्तानि कार्याणि यो मोहादनुतिष्ठति।
स तेषां विपरिभ्रंशाद् भ्रंश्यते जीवितादपि ॥

जो मोह – माया में पड़कर अन्याय का साथ देता है,
वह अपने जीवन को नरक– तुल्य बना लेता है।

## संपादकीय

# नए सिरे से काम की जरूरत

भारी एवं मध्यम दुर्लभ खनिजों तथा इनसे जुड़े मैग्नेट के निर्यात पर पाबंदी लगाने की घोषणा से स्पष्ट है कि अमेरिका और चीन के बीच जारी व्यापार युद्ध का असर भारत पर भी पड़ रहा है। चीन से इन दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति बाधित होने पर भारतीय उद्योगों को दूसरे विकल्पों पर विचार करना होगा। ये खनिज वाहन, सोलर पैनल आदि के विनिर्माण में काफी महत्वपूर्ण हैं। साफ है कि चीन से तनातनी के बीच भी देश में खनिजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के सार्थक प्रयास नहीं किए गए। खनन में दीर्घकालीन योजना और प्रगतिशील सुधार की जरूरत को समझते हुए अब इस दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। खनिजों की दृष्टि से समृद्ध भारत में खनन क्षेत्र देश के सकल घरेलू उत्पाद में 2.4 प्रतिशत का योगदान करता है। विकास के उच्च स्तर के बावजूद भारत में खनन क्षेत्र अपनी पूर्ण संभावनाएं हासिल नहीं कर पाया है। भारत के विनिर्माण क्षेत्र और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण 12 खनिजों में से 7 खनिजों के मामले में भारत शत प्रतिशत आयात पर निर्भर है। परंतु देश की खनिज संभावनाओं को खोलने के रास्ते में खोज-बीन को अभी ठीक ढंग से समझा नहीं गया है। खनिज मिशन की 'भारत के विनिर्माण क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण गैर-ईंधन खनिज संसाधनः 2030 के लिए लक्ष्य' रिपोर्ट में सिफारिश की गई है कि आने वाले वर्षों में भारत 2030 में देश के विनिर्माण क्षेत्र की सहायता के लिए इन महत्वपूर्ण खनिजों की भरोसेमंद आपूर्ति सुनिश्चित करने में वर्तमान वैश्विक प्रतिभागियों में शामिल हो जाएगा। जरूरत को देखते हुए, हम वैश्विक प्रतिभागियों की पहचान करने और उनके साथ सहयोग करने में सक्षम होंगे और साथ ही अपने अनुसंधान एवं विकास प्रयासों को अधिक आसानी से आगे बढ़ा सकेंगे।

ब्रुकिंग्स की रिपोर्ट में इस बात का भी ज़िक्र है कि भारत में कई तकनीकी खनिज हैं लेकिन उनकी खोजबीन या तो की नहीं गई है या फिर संभावना से बहुत कम की गई है। इन खनिजों की भविष्य में बहुत ज्यादा मांग होने की संभावना है क्योंकि भारत की जमीन के नीचे सबसे उम्दा खनिजों की खोज-बीन की संभावना बहुत ज्यादा है। महत्वपूर्ण खनिजों के प्रसंस्करण की दिशा में भारत जब तक युद्ध स्तर पर आगे नहीं बढ़ेगा तब तक आयात पर उसकी निर्भरता बनी रहेगी। लीथियम, दुर्लभ खनिजों, ग्रेफाइट और कोबाल्ट सहित कई खनिजों के प्रसंस्करण में भारत को एकदम नए सिरे से काम करना होगा। अर्थव्यवस्था के निर्माण के लिए भारत को महत्वपूर्ण खनिजों की जरूरत होगी। इसलिए खनन क्षेत्र की व्यापक संभावनाओं की अनदेखी नहीं की जा सकती।

# भारत-चीन अमेरिका भू राजनैतिक हित और नेपाल


अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

वैश्विक महाशक्ति के रूप में अमेरिका नहीं चाहता है कि चीन उसे चुनौती दे, इसलिए अपनी इंडो-पैसिफिक रणनीति के अंतर्गत नेपाल में अपनी पकड़ बनाकर चीन को नजदीक से नियंत्रित करना चाहता है, जिसे चीन भली-भांति समझता है।

हाल के भारत पाकिस्तान संघर्ष के पश्चात बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत के पड़ोसी देशों के साथ संबंधों की पुनर्समीक्षा आवश्यक प्रतीत होती है, जिसमें भू राजनैतिक दृष्टिकोण से सर्वाधिक महत्वपूर्ण अवस्थिति नेपाल की है। हिमालय की गोद में बसा नेपाल दो महाशक्तियों चीन और भारत के बीच एक बफर स्टेट के रूप में काम करता है। हाल के दिनों में नेपाल में बढ़ते चीनी प्रभुत्व और सक्रियता के कारण नेपाल में भारत के प्रति वैमनस्य बढ़ा है, वह चिंता का विषय है।

दक्षिण एशिया के बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य के साथ, नेपाल में चीनी हितों और उनकी नीतियों में भी बदलाव आया है। भारत चीन की विस्तारवादी नीति के दायरे में है और 1962 का युद्ध, अरुणाचल प्रदेश, डोकलाम, सिक्किम, उत्तराखंड में लगातार उसके द्वारा किए जा रहे हस्तक्षेप इसके उदाहरण हैं। उधर तिब्बत पर कब्जा कर लेने के बाद से चीन को लगता है कि नेपाल के रास्ते भारत या अन्य सामरिक शक्तियां जैसे अमेरिका उसमें घुसपैठ कर सकता है। इसके लिए वह नेपाल को सुरक्षित रखना चाहता है। इसके अतिरिक्त नेपाल में बसे लगभग लगभग बीस हजार तिब्बतियों की चीन विरोधी गतिविधियों पर नज़र रखने, नेपाल के साथ भारत के पारंपरिक संबंध को कमज़ोर करने और नेपाल में एक चीन समर्थक राजनीतिक वर्ग तैयार करने के उद्देश्य से चीन निरंतर नेपाल में अपनी गतिविधियां बढ़ा रहा है। चीन नेपाल में भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के समग्र प्रभाव को तिब्बत में स्थिरता के लिए चुनौती और बीजिंग की क्षेत्रीय शक्ति गतिशीलता पर खतरे के रूप में देखता है। तिब्बती क्षेत्र में चीन द्वारा किये जा रहे मानवाधिकार उल्लंघनों भारत और अमेरिका द्वारा निरंतर आलोचना की जाती रही है, यह चीन को मंजूर नहीं है। दूसरी तरफ भारत के लिए नेपाल जल, आंतरिक सुरक्षा, बाह्य सुरक्षा और व्यापारिक हितों को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण देश है। हालांकि भारत-चीन के बीच हिमालय एक प्राकृतिक दीवार है परंतु चीन इसे लांघकर इस पार नेपाल में अपना एक आधार क्षेत्र बनाने की दिशा में अग्रसर है, जो भारत की सुरक्षा के लिए ख़तरा है। चीनी प्रभाव मे नेपाल में सक्रिय हो रहे भारत विरोधी गतिविधियों से भारत का चिंतित होना स्वाभाविक है। भारत नेपाल के संबंधों में नेपाल के अनुसार वर्ष 1975,1983 और 2015 की व्यापारिक नाकेबंदी, कालापानी-लिपुलेख सीमा विवाद, बड़े भाई की भूमिका में समान अवसर न देना, असमान राजनयिक समझौते हैं, जिसकारण नेपाल को लगता है कि भारत अपने महाशक्ति होने का नाजायज़ फायदा उठा रहा है और इसलिए वह इसके प्रतिरोध में चीन की ओर झुक रहा है। पहले नेपाली नदियों पर जल विद्युत परियोजनाओं में भारतीय सहभागिता प्रमुख हुआ करती थी, परंतु हालिया समय मे भारत और नेपाल के बीच बढ़ते अविश्वास और उन पर चीनी कंपनियों की उपस्थिति ने स्थिति गंभीर बना दिया है।

राजा वीरेंद्र के समय तक भारत के साथ नेपाल के काफी मधुर संबंध रहे हैं लेकिन राजा ज्ञानेंद्र ने ढाका में दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन के तेरहवें शिखर सम्मेलन के दौरान चीन का खुलकर समर्थन करके नेपाल की चीन के साथ निकटता को मजबूत किया।

चीन की "वन बेल्ट वन रोड" परियोजना भारतीय सामरिक दृष्टिकोण से चिंताजनक है और यह चीन की पहुंच भारतीय सीमा तक बनाती है। इससे भारत की आंतरिक सुरक्षा के लिये ख़तरा उत्पन्न हो सकता है। नेपाल के रास्ते माओवादी गतिविधियां, ड्रग्स, अवैध हथियारों की आवागमन से पहले से ही भारत परेशान रहा है। इस परियोजना के बाद नेपाल के रास्ते चीन अरुणाचल प्रदेश व सिक्किम में अपनी सक्रियता बढ़ा सकता है। वस्तुत नेपाल के बुनियादी ढांचे, ऊर्जा और व्यापार प्रवाह में चीन की बढ़ती पैठ और क्षेत्र की घरेलू राजनीति में उसकी हिस्सेदारी भारतीय चिंता का विषय है। नेपाल में चीन के बढ़ते प्रभाव को काउंटर करने तथा चीन के पास अपनी स्थलीय उपस्थिति बनाने के दृष्टिगत संयुक्त राज्य अमेरिका की भी नेपाल में सक्रियता बढ़ी है। वैश्विक गरीबी उन्मूलन, आर्थिक विकास और कनेक्टिविटी की दिशा में काम करने वाली अमेरिकी विदेशी सहायता एजेंसी ने नेपाल के साथ 500 मिलियन अमेरिकी डॉलर के मिलेनियम चैलेंज कारपोरेशन (एमसीसी) पर हस्ताक्षर किया है जिसका उद्देश्य "सड़क की गुणवत्ता बनाए रखना, बिजली की उपलब्धता और विश्वसनीयता बढ़ाना और नेपाल और भारत के बीच सीमा पार बिजली व्यापार को सुविधाजनक बनाना-निवेश को बढ़ावा देने, आर्थिक विकास में तेजी लाने और गरीबी को कम करने में मदद करना" है। चीन इसे नेपाल में बीआरआई के विरोध के रूप में देखता है।

वैश्विक महाशक्ति के रूप में अमेरिका नहीं चाहता है कि चीन उसे चुनौती दे, इसलिए अपनी इंडो-पैसिफिक रणनीति के अंतर्गत नेपाल में अपनी पकड़ बनाकर चीन को नजदीक से नियंत्रित करना चाहता है, जिसे चीन भली-भांति समझता है। हाल के वर्षों में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल और अधिकारियों का नेपाल दौरा बढ़ा है जिसमें भारत की मौन स्वीकृति शामिल हैं और यह "भारत प्लस वन" दृष्टिकोण का हिस्सा है। इसका उद्देश्य विभिन्न मोर्चों पर नेपाल की सहायता करना एवं चीन द्वारा उत्पन्न चुनौतियों का सामना करना है। यहां ध्यान देने योग्य बात यह है कि भारत या अमेरिका नेपाल को विकास के लिए जो भी धनराशि दे रहा है वो विदेशी सहायता के रूप में है, लेकिन चीन का अधिकांश धन विदेशी कर्ज के रूप में है, इस तथ्य को नेपालियों को समझना होगा।

राजा वीरेंद्र के समय तक भारत के साथ नेपाल के काफी मधुर संबंध रहे हैं लेकिन राजा ज्ञानेंद्र ने ढाका में दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन के तेरहवें शिखर सम्मेलन के दौरान चीन का खुलकर समर्थन करके नेपाल की चीन के साथ निकटता को मजबूत किया। नेपाल में राजशाही के उन्मूलन के बाद, नेपाली राजनीतिक दलों ने अपने-अपने अनुसार भारत और चीन के संबंधो को निभाया है मसलन नेपाली कांग्रेस परंपरागत रुप से भारतीय सहयोग के साथ रहती है जबकि कम्युनिस्ट दल चीन के साथ। नेपाल सेना और चीन के बीच पहला संयुक्त अभ्यास, "सागरमाथा मैत्री" वर्ष 2017 में हुआ था। चीन ने अक्टूबर 2019 में राष्ट्रपति शी जिनपिंग की पहली नेपाल यात्रा की। आजकल नेपाल में राजशाही की पुनर्स्थापना के लिए चल रहे आंदोलन के पीछे चीनी हाथ होना स्वाभाविक है क्योंकि राजा ज्ञानेन्द्र अभी चाहते हैं कि चीनी सहायता से वह वापस सत्ता में आ जाएं और चीन भी यही चाहता है। लोकतांत्रिक देश होने के नाते भारत और अमेरिका ऐसा नहीं चाहेगा।

प्रधानमंत्री बनने के पश्चात ओली ने नेपाली प्रधानमंत्रियों द्वारा पहले नई दिल्ली का दौरा करने की लंबे समय से चली आ रही परंपरा का अंत कर दिया। वर्ष 2017 में नेपाल के चीनी बीआरआई में शामिल होने के बाद तिब्बत से नेपाली सीमा तक रेल संपर्क बढ़ाने की चीन की कोशिश के जवाब में भारत ने सीमा पर नेपाल तक अपने रेल संपर्क बढ़ाने की योजना तैयार की है। शुरुआती चरण में चीनी सहायता नेपाल में बुनियादी ढांचे के निर्माण के साथ-साथ उद्योगों को बढ़ावा देने पर केंद्रित थी, ताकि इसके सहायता कार्यक्रम पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से भारत पर इसकी आर्थिक निर्भरता कम हो सके। सितंबर 2015 के व्यापारिक नाकेबंदी के समय चीनी बंदरगाहों तक नेपाल को पहुंचने की बात की गई परंतु दस साल बाद भी नेपाल के लिए एक भी शिपमेंट चीनी बंदरगाहों से नहीं गुजरा है, लेकिन इससे नेपालियों में यह भावना जरुर उभरी कि चीन भारत के विरुद्ध उसका सहयोग करेगा। भू राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि नेपाल अपनी अवस्थिति के कारण तीन महाशक्तियों अमेरिका-चीन-भारत के बीच फंस गया है। वस्तुत इनके नेपाल वर्चस्व की लड़ाई में फंसा है।

## प्रसंगवश

# रक्षा क्षेत्र में ऊंचाई पर पहुंचा भारत


डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी
अंबेडकरनगर

पिछले 11 वर्षों में भारत ने हर क्षेत्र में प्रगति की है। खासकर रक्षा क्षेत्र में जो ऐतिहासिक परिवर्तन आए हैं, वे देश की सुरक्षा को मजबूत करने के साथ-साथ भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को भी नई ऊंचाइयों पर ले गए हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सत्ता संभालने के बाद से ही पिछले कुछ सालों में भारत ने अपनी सेना और हथियारों को काफी मजबूत किया है। अब 65 प्रतिशत से ज्यादा रक्षा खरीद स्वदेशी है। इससे भारत की सैन्य ताकत और आत्मविश्वास दोनों बढ़े हैं। 11 साल में रक्षा बजट में लगातार वृद्धि के साथ-साथ बेहतर प्रबंधन भी मोदी सरकार की खास उपलब्धि है। 2014-15 में रक्षा बजट लगभग 2.29 लाख करोड़ रुपये था, जो 2025-26 में बढ़कर लगभग 6.81 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। इस बजट का उपयोग नई तकनीकों के विकास, हथियारों की खरीद, सैनिकों के वेतन और कल्याण, और सीमा सुरक्षा को मजबूत करने में किया जा रहा है। पहले रक्षा खरीद प्रक्रिया लंबी और जटिल होती थी, जिससे हथियारों की आपूर्ति में देरी होती थी। मौजूदा सरकार ने इसे सरल, पारदर्शी और तेज बनाया है। 'मेक इन इंडिया' को प्राथमिकता दी गई है, जिससे घरेलू उद्योगों को बढ़ावा मिला है। डिफेंस एक्सपोर्ट प्रमोशन योजना, ई-प्रोक्योरमेंट और फास्ट ट्रैक खरीद जैसी नीतियों ने रक्षा खरीद प्रक्रिया को आधुनिक बनाया है। इससे सेना को समय पर आवश्यक उपकरण और हथियार मिल रहे हैं।

इसके साथ ही, भारत अब लगभग 80 से 100 देशों को सैन्य उपकरणों का निर्यात करता है। भारत का रक्षा निर्यात वित्त वर्ष 2014-15 में 1,941 करोड़ रुपये से वित्त वर्ष 2024-25 में 23,662 करोड़ रुपये तक 1,100 प्रतिशत से अधिक बढ़ गया है। यह भारत की तकनीकी श्रेष्ठता और आत्मनिर्भरता का प्रमाण है। रक्षा निर्यात को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने कई नीतिगत सुधार किए हैं, जिससे भारत वैश्विक हथियार बाजार में अपनी पकड़ मजबूत कर रहा है।

इस दौरान सरकार ने रक्षा उत्पादन में निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा दिया, जिससे न केवल उत्पादन में तेजी आई बल्कि रोजगार के नए अवसर भी पैदा हुए। रक्षा उत्पादन का लक्ष्य 2029 तक 3 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है, जो भारत को वैश्विक रक्षा बाजार में एक प्रमुख खिलाड़ी बनाएगा।

सरकार ने रक्षा क्षेत्र में निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए कई बड़े कदम उठाए हैं। रक्षा क्षेत्र में अब 74 प्रतिशत तक विदेशी निवेश की अनुमति दी गई है, जिससे विदेशी कंपनियां भारत में तकनीकी सहयोग और निवेश कर रही हैं। निजी कंपनियों को बड़े रक्षा परियोजनाओं में शामिल किया गया है, जैसे कि अडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट, स्वदेशी पनडुब्बी निर्माण, और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली। इससे तकनीकी विकास में तेजी आई है और उत्पादन क्षमता में वृद्धि हुई है। भारत ने कई स्वदेशी हथियार प्रणालियों का सफल विकास किया है, जिनमें एस-400 ट्रायम्फ मिसाइल सिस्टम, बराक-8 मिसाइल, आकाश मिसाइल, तेजस हल्का लड़ाकू विमान, और काउंटर-यूएवी तकनीक शामिल हैं। इन हथियार प्रणालियों ने भारत की सैन्य ताकत को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है। वहीं भारत ने अमेरिका, रूस, फ्रांस, इजराइल, जापान, ऑस्ट्रेलिया और कई अन्य देशों के साथ गहरी रक्षा साझेदारी स्थापित की है। इन साझेदारियों के तहत तकनीकी सहयोग, हथियारों की खरीद, संयुक्त सैन्य अभ्यास, और रणनीतिक संवाद बढ़े हैं। मोदी सरकार ने सेना में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा दिया है। भारत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सुरक्षा, हाइपरसोनिक हथियारों, क्वांटम कंप्यूटिंग और अंतरिक्ष तकनीक में तेजी से काम कर रहा है। रक्षा उपग्रहों की मदद से सेना की निगरानी और संचार प्रणाली को बेहतर बनाया गया है। गगनयान मिशन और स्वदेशी स्पेस स्टेशन विकसित करने की योजना से भारत की रक्षा प्रणाली और अधिक सक्षम बनेगी। यह भविष्य की चुनौतियों का सामना करने में भारत को सक्षम बनाएगा।

# दुनिया में पर्यावरण शरणार्थियों की बढ़ती समस्या


प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

विशेषज्ञों का मानना है कि 2050 तक दुनिया भर में 25 करोड़ लोगों को अपने मूल निवास स्थलों से पलायन को मजबूर होना पड़ सकता है।

दुनिया में प्राकृतिक आपदाओं के कारण पिछले एक दशक 2015 से 2024 के दौरान आंतरिक विस्थापन के कारण पर्यावरण शरणार्थियों की संख्या में बढ़ी वृद्धि दर्ज की गई है। इस कारण कुछ क्षेत्रों में अपेक्षाकृत अनेक बार प्राकृतिक आपदा के तीव्र और व्यापक खतरे उत्पन्न हुए। परिणामस्वरूप 210 देशों में 26.48 करोड़ लोगों को आंतरिक विस्थापन झेलना पड़ा है। जो न केवल एक रिकॉर्ड के रूप में सर्वाधिक है, बल्कि 2.65 करोड़ के दशकीय औसत से कहीं अधिक है। इस मामले में पूर्व और दक्षिण एशिया सबसे अधिक प्रभावी क्षेत्र रहे। देशों के स्तर पर बीते एक दशक में चीन, फिलीपींस, भारत, बांग्लादेश और अमेरिका में दर्ज विस्थापन के आंकड़े सबसे ज्यादा हैं। चीन में 4.69 और फिलीपींस में 4.61 करोड़ लोगों को अपने ही देश में विस्थापन का दर्द झेलना पड़ा है। इसी कालखंड में भारत में बाढ़, तूफान और भू-स्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाओं के चलते 3.23 करोड़ लोगों को आंतरिक विस्थापन का संकट उठाना पड़ा है। किसी देश के अंदर विस्थापित होने वाले लोगों की संख्या के लिहाज से चीन और फिलीपींस के बाद भारत विश्व में तीसरे स्थान पर हैं। जिनेवा स्थित आंतरिक विस्थापन निगरानी केंद्र (आईडीएमसी) की एक नई रपट में यह दावा किया गया है।

रपट के मुताबिक वैश्विक स्तर पर 90 फीसदी आपदा जनित विस्थापन बाढ़ और तूफान का परिणाम रहा है। सबसे ज्यादा तूफान के कारण 12.09 करोड़ लोगों को विस्थापन की परेशानी उठानी पड़ी है। इसी अवधि में बाढ़ के कारण 11.48 करोड़ लोगों का विस्थापन हुआ। वर्ष 2020 में वैष्विक स्तर पर समुद्री तूफान से हुए लोगों के विस्थापन में 'अंफान' सहित अन्य चक्रवातों की हिस्सेदारी 92 प्रतिशत रही। इस रिपोर्ट के अनुसार गरीब और निर्बल सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। उन्हें बार-बार और लंबे समय तक पलायन के लिए मजबूर होना पड़ा है। सामाजिक असमानता और आर्थिक विसंगति के कारण इन लोगों को इन प्राकृतिक आपदाओं का भीषण संकट झेलना पड़ा है। जलवायु परिवर्तन के कारण दुनियाभर में हर साल औसतन 3 करोड़ लोगों को समुद्र और नदी तटीय बाढ़, सूखा और चक्रवती तूफानों के चलते भविष्य में भी ऐसी आपदाओं से विस्थापन का संकट झेलना होगा। यानी पर्यावरण शरणार्थियों की संख्या भविश्य में और विकराल रूप में पेश आएगी।

जलवायु विषेशज्ञों का मानना है कि इस विराट व भयानक संकट के चलते यूरोप, एशिया और अफ्रीका का एक बड़ा भूभाग इंसानों के लिए रहने लायक ही नहीं रह जाएगा। तब लोगों को अपने मूल निवास स्थलों से जिस पैमाने पर विस्थापन या पलायन करना होगा, वह मानव इतिहास में अभूतपूर्व होगा। इस व्यापक परिवर्तन के चलते खाद्यान्न उत्पादन में भारी कमी आएगी। अकेले एशिया में कृषि को बहाल करने के लिए हर साल पांच अरब डॉलर का अतिरिक्त खर्च उठाना होगा। बावजूद इसके दुनिया के करोड़ों लोगों को भूख का अभिशाप झेलना होगा। विज्ञान पत्रिका 'साइंस' में प्रकाशित अध्ययन में कहा गया है कि यदि वैश्विक तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होती है तो हिंदू कुश हिमालय के हिमखंडों की बर्फ इस सदी के अंत तक 75 प्रतिशत तक पिघल जाएगी। हिंदू कुश पर्वत के ये ग्लेशियर कई नदियों के उद्गम स्थल हैं और ये नदियां 2 अरब लोगों की आजीविका का साधन बनती हैं। यदि इस सदी के अंत तक दुनिया 2.60 डिग्री सेल्सियस गर्म होती है तो वैश्विक स्तर पर ग्लेशियर की बर्फ का केवल एक चौथाई हिस्सा ही बचेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि 2050 तक दुनिया भर में 25 करोड़ लोगों को अपने मूल निवास स्थलों से पलायन को मजबूर होना पड़ सकता है। जलवायु परिवर्तन की मार मालदीव और प्रशांत महासागर क्षेत्र के कई द्वीपों के वजूद को पूरी तरह लील होगी। इन्हीं आशंकाओं के चलते मालदीव की सरकार ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए चर्चा के लिए समुद्र की गहराई में बैठकर औद्योगिक देशों का ध्यान अपनी ओर खींचा था ताकि ये देश कार्बन उत्सर्जन में जरूरी कटौती कर दुनिया को बचाने के लिए आगे आएं। इस व्यापक बदलाव का असर कृषि पर दिखाई देगा। खाद्यान्न उत्पादन में भारी कमी आएगी। उभरते जलवायु संकट और बढ़ते पर्यावरण शरणार्थियों के चलते इतने शरणार्थियों को अनाज उत्पादन के लिए कृशि लायक भूमि उपलब्ध कराना असंभव होगा। अतएव पर्यावरण शरणार्थियों के इस संकट से निपटना तब और मुश्किल होगा, जब अमेरिका जैसे पूंजीपति देश राहत कोष घटाकर इन शरणार्थियों को भगवान भरोसे छोड़ देने का काम कर रहे हैं।

## सोशल फोरम

# भीड़ है लेकिन आदमी अकेला


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

व्यक्ति स्वातन्त्र्य के नाम पर विश्व बाजार समाज को तोड़ रहा है, भीड़ है लेकिन आदमी अकेला है। बाजार की शक्ति समष्टि पर प्रहार करती है, एकता पर प्रहार करती है, और उसे विच्छिन्न करती है ।समन्वय की प्रणालियों के विरुद्ध वहां तक चली जाती है, जहां तक वह जा सकती है।


बाजारवाद का मतलब है-प्रकृति के शक्ति सिद्धान्त का न्याय, अर्थात् बड़ी मछली छोटी मछली को निगलेगी, जंगल का राजा शेर है। जिसके पास परमाणु बम अधिक होंगे, धरती पर उसी का राज होगा। बाजारवाद का अर्थ हैः राजसत्ता और अर्थसत्ता का गठजोड़। जिसके पास पैसा है, उसी की राजसत्ता है। विश्व बाजार विश्व की सरकारों का नियमन कर रहा है। बाजारवाद सिखाता है कि गरीब आदमी और प्रकृति कच्चा माल है और अमीर-आदमी उपभोक्ता है। भौतिक विकास को जीवन का परम सत्य माना जाने लगा है और इस चक्कर में जीवन यांत्रिक होकर रह गया है।

व्यक्ति स्वातन्त्र्य के नाम पर विश्व बाजार समाज को तोड़ रहा है, भीड़ है लेकिन आदमी अकेला है। बाजार की शक्ति समष्टि पर प्रहार करती है, एकता पर प्रहार करती है, और उसे विच्छिन्न करती है। समन्वय की प्रणालियों के विरुद्ध वहां तक चली जाती है, जहां तक वह जा सकती है।

बाजारवाद का मतलब है-पैसा और पैसा। मनुष्य का मनुष्य से कोई नाता है तो पैसे के कारण और प्रकृति से नाता है तो पैसे के लिए। सबल और धनवान का हित ही सर्वोपरि होता जा रहा है। गरीब और निर्बल की गर्दन पर सबल और धनवान का पंजा कसता चला जा रहा है! गरीब और निर्बल तिनका के सहारे हैं, विवश हैं! आज हम जो कुछ अपने चारों ओर देख-सुन रहे हैं, वह तृष्णा का हाहाकार है। बाजारवाद अनेक प्रकार के मिथ्या-सिद्धांतों का प्रचार करता है, खंडित दृष्टि से मनुष्य को और जीवन को देखता है। बाजारवाद स्वच्छंद-भोग का समर्थन करता है, तृष्णा के पक्ष में तर्क देता है।

-फेसबुक वॉल से

# समुद्र पर मंडराता प्लास्टिक छर्रों का खतरा


पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

प्लास्टिक कचरे की हाल के बाद उस इलाके से पकड़ी गई मछलियों के खरीदार नहीं मिल रहे और इस तरह पहले से गिरावट का शिकार मछली पालन उद्योग घुटनों पर आ जाएगा।

बीते 26 मई को कोच्चि के पास जलमग्न हो गए लाएबेरिया के जहाज से फिलहाल तेल के फैलाव और उसमें भरे रसायनों की पानी से क्रिया से उपजने वाले संभावित प्रदूषण का खतरा सामने नहीं आया है। लेकिन जहाज में लदे कुछ कंटेनर के टूटने के बाद उसमें भरे अनगिनत प्लास्टिक की छोटी-छोटी गेंद के आकार के छर्रे जिन्हें नर्डल्स भी कहा जाता है, का फैलाव अब कन्याकुमारी तक हो गया है और यह न केवल समुद्री त्यात पर बल्कि व्यापक रूप से जल-जीवन के लिए बड़ा संकट बन गया है। उल्लेखनीय है कि समुद्री कंटेनर में भारी सामान को सुरक्षित रखने के लिए इस तरह के छर्रे भरे जाते हैं।

तमिलनाडु के कन्याकुमारी जिले के 42 तटीय गांवों में से 36 के समुद्र तटों पर यह सफेद जहरीले कंकड़ बढ़ते जा रहे हैं। इस प्रदूषण के चलते विशेष रूप से किलियूर तालुक के तटीय आवासीय क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हुए हैं जहां के सभी 16 गांव प्रभावित हुए हैं। कलकुलम और अगस्तीस्वरम तालुकों में भी क्रमशः 13 तटीय बस्तियों में से 10-10 में नर्डल्स देखे गए हैं। प्लास्टिक के ये टुकड़े मंगलवार को कन्याकुमारी शहर के निकट मणाकुड़ी नामक तटीय गांव तक पहुंच चुके हैं। फिलहाल तो इस प्लास्टिक कचरे को बंदरगाहों में रखा गया है हालांकि ये छर्रे विषैले तो नहीं होते, लेकिन इनसे उपजा प्रदूषण लंबे समय तक जहर से कम नहीं होता। इनके अल्पकालिक और दीर्घकालिक प्रभावों में आवासीय पर्यावरण का प्रदूषण, इनके माइक्रो और नैनो प्लास्टिक में टूटना और खाद्य श्रृंखला में प्रवेश करना शामिल है। किनारे लग गए प्लास्टिक को तलाशना और उसे एकत्र करना हालांकि दूभर कार्य है लेकिन यह संभव तो है लेकिन जो प्लास्टिक कण समुद्र में ही रह गए। उनके दुष्प्रभावों से निजात का कोई तरीका ही नहीं हैं। समुद्र रातों-रात ठीक नहीं होता। विज्ञान, इतिहास और अनुभव हमें बताते हैं कि अरब सागर को फिर से सामान्य होने में कितना समय लग सकता है-और क्यों इस समय लंबी अवधि की सोच जरूरी है, न कि केवल तात्कालिक सफाई। मैंग्रोव, प्रवाल भित्तियां, और कीचड़ वाले तट जैसे तटीय पारिस्थितिकी तंत्र विशेष रूप से संवेदनशील होते हैं। प्लास्टिक के कण जड़ों को ढक सकता है और ऑक्सीजन के आदान-प्रदान को रोक सकता है, जिससे पारिस्थितिकविद "पारिस्थितिक मृत" क्षेत्र कहते हैं- ऐसे क्षेत्र जहां जीवन वापस आने के लिए संघर्ष करता है। समुद्री जीव जैसे व्हेल, मछलियां और कछुए प्लास्टिक के कचरे को अपना शिकार समझकर खा लेते हैं। पेट में प्लास्टिक भरे होने की वजह से वे अंदरूनी चोटों का शिकार होते हैं और उनके तैरने की क्षमता भी कम हो जाती है। प्लास्टिक एक ऐसी चीज़ है जो ख़त्म नहीं होती, प्लास्टिक का कचरा छोटे-छोटे हिस्सों में टूट जाता है जो माइक्रोप्लास्टिक कहलाता है और यह इतना महीन होता है कि हम इसे देख भी नहीं पाते। यह माइक्रोप्लास्टिक जलीय जीवों के अंदर जाता है और फिर जलीय जीवों के ज़रिए यह हमारी फूड चैन का हिस्सा भी बन जाता है। आर्ट जिस जीव के शरीर मे यह सूक्ष्म कण समय गए हैं, यदि उन्हे कोई इंसान खाएगा तो वही प्लास्टिक उसके अंगों में भी घर बना लेगी।

हाल में मुंबई के समुद्री तट, श्रीलंका को छूती हिन्द महासागर की सीमा पर प्लास्टिक नरडल्स का आतंक देखा जा चुका है और बहुत सी तकनीक इसके समुद्र में गहरे तक कुप्रभाव को रोक नहीं पाई। इस खतरे को देखते हुए केरल और तमिलनाडु सरकार ने कंटेन्ट के आसपास के इलाकों में मछली पालन पर रोक लगा दी है और यह एक बड़ा आर्थिक-सामाजिक तनाव का कारण बन रहा है। फिलहाल भारत के दक्षिणी समुद्री तट पर मंडरा रहा यह संकट पर्यावरण के साथ-साथ लाखों लोगों की रोजी रोटी से भी जुड़ा है। केरल में मत्स्य पालन क्षेत्र राज्य की कुल आबादी के लगभग 2.98 प्रतिशत को आजीविका प्रदान करता है। इसमें से 77 प्रतिशत समुद्री क्षेत्र में 8 लाख मछुआरे मछली पकड़ते हैं। राज्य में मछली उत्पादों की वार्षिक घरेलू बिक्री लगभग 600 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। प्लास्टिक कचरे की हाल के बाद उस इलाके से पकड़ी गई मछलियों के खरीदार नहीं मिल रहे और इस तरह पहले से गिरावट का शिकार मछली पालन उद्योग घुटनों पर आ जाएगा। विदित हो केरल में 2022-23 में कुल समुद्री उत्पादन 6.90 लाख टन था, जो 2023-24 में घटकर 5.8 लाख टन हो गया। इस कमी के बावजूद, केरल अभी भी समुद्री मछली पकड़ने में देश में दूसरे स्थान पर है। यह मछली प्रजनन का चरम काल है और इस समय प्लास्टिक का प्रदूषण इस पर बुरा असर डालता है। केरल के तट पर हुई इस दुर्घटना के बाद समय आ गया है कि भारत विश्व समुदाय के सामने समुद्री जहाज में इस जहरीले नरडल्स के परिवहन पर रोक और इसके विकल्प के बारे में स्वर उठाए।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत***
0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## एक नजर

### यूपीटी-20 लीग की मिनी नीलामी 18 को होगी

अमृत विचार, लखनऊ : आईपीएल की तर्ज पर उत्तर प्रदेश में यूपीटी-20 लीग के तीसरे संस्करण की तैयारियां अंतिम चरण में है। इसके लिए पहली मिनी नीलामी 18 जून को राजधानी मे आयोजित होगी। इस नीलामी की निगरानी बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला करेंगे। पिछले वर्ष की मेगा नीलामी में 171 खिलाड़ियों में से 91 को छह फ्रेंचाइजियों ने चुना था। छह टीमों ने अपने प्रमुख खिलाड़ियों को पहले ही रिटेन कर चुकी हैं। वहीं रिलीज किए गए कई खिलाड़ियों की जगह भरने के लिए टीमें उत्सुक हैं। मेरठ मावेरिक्स ने लीग के सर्वश्रेष्ठ स्कोरर स्वास्तिक चिकारा और सबसे अधिक विकेट लेने वाले जीशान अंसारी के साथ रिंकू सिंह, रितुराज शर्मा, यश, माधव कौशिक, अक्षय, दिव्यांश, रजत, रितिक, विजय और विशाल को इस बार भी रिटेन किया है। वहीं काशी रुद्र ने कप्तान करण शर्मा, शिवम मावी, शिव, सुनील,यशोवर्धन, अर्नव बलियान और अमर चौधरी को बरकरार रखा है। इसके साथ ही कानपुर सुपरस्टार्स ने मोहसिन खान, समीर रिजवी, आकिब खान, विनीत पनवार, शौर्य सिंह, आदर्श सिंह, मुकेश कुमार, शुभम मिश्रा, पंकज कुमार और अभिषेक पांडे को चुनाव किया है। लखनऊ फाल्कन्स ने तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार, विप्रज निगम, आराध्या यादव, अभिनंदन सिंह, समर्थ सिंह, प्रियम गर्ग, अक्षु बाजवा,कृतज्ञ सिंह, समीर चौधरी, किशन कुमार सिंह, पर्व सिंह और प्रांजल सैनी को बरकरार रखा है। वहीं गोरखपुर लायंस ने ध्रुव जुरेल, यश दयाल, आर्यन जुयाल, अक्षदीप नाथ, शिवम शर्मा, अब्दुल रहमान, विजय यादव, अंकित चौधरी, रोहित द्विवेदी, हरदीप सिंह, विशाल निशाद और सिद्धार्थ यादव को बनाए रखा है। नोएडा किंग्स ने सात खिलाड़ियों जिसमें मोहम्मद अमान, मोहम्मद शरीम, काव्या तेवतिया, कुणाल त्यागी, नमन तिवारी, प्रशांत वीर, आदित्य शर्मा, अजय कुमार और राहुल राजपाल को एक बार रिटेन किया है।

# 100 पंचायतों में लागू करें एक रुपये में कूड़ा कलेक्शन की सुविधा

## डीएम ने कहा, खुले में कूड़ा डालने वालों पर लगाया जाए जुर्माना, कार्यशाला में ग्राम प्रधानों और सचिवों को दिया गया प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मार्स सभागार में जिलाधिकारी विशाख जी की अध्यक्षता में एक रुपए में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम की कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें द्वितीय चरण में चयनित 100 ग्राम पंचायतों के प्रधानों, सचिव, एडीओ पंचायत व नोडल अधिकारियों की उपस्थिति में प्रशिक्षण दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि 50 ग्राम पंचायतों में जिस तरह 1 रुपये में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन किया जा रहा है उसी तरह चयनित 100 ग्राम पंचायतों में भी व्यवस्था लागू की जाए।

उन्होंने कहा कि खुले स्थान या खाली प्लाट में कूड़ा फेंकने वाले व्यक्ति, संस्थान या प्रतिष्ठान के विरुद्ध जुर्माने की कार्रवाई के लिए ग्राम सभा स्तर पर प्रस्ताव पारित किया जाए। कार्यशाला में प्रथम चरण में चयनित 50 ग्राम पंचायतों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रधानों, सचिव व एडीओ पंचायत ने अनुभव साझा किए। इसके बाद यूनिसेफ की टीम ने प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यशाला में मुख्य विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, यूनिसेफ की टीम के सदस्य , समस्त खंड विकास अधिकारी, सहायक अधिकारी पंचायत आदि उपस्थित रहे।

### इन ग्राम पंचायतों के प्रधान व सचिव को प्रशस्ति पत्र

कार्यशाला में ग्राम पंचायत पहाड़नगर टिकरिया विकास खंड गोसाईगंज, ग्राम पंचायत ढकवा विकास खंड माल, ग्राम पंचायत भट्ठी शीर्ष विकास खंड मोहनलालगंज, ग्राम पंचायत खुशहालगंज विकास खंड काकोरी व ग्राम पंचायत रहीमनगर पड़ियाना विकास खंड सरोजिनीनगर के ग्राम प्रधान व सचिव ग्राम पंचायत को अभियान में उत्कृष्ट सहयोग प्रदान करने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### गलत दिशा से आ रहे वाहनों को रोकने के दिए निर्देश



लखनऊ अयोध्या मार्ग का निरीक्षण करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

अमृत विचार, लखनऊ : जिलाधिकारी विशाख जी ने बुधवार को लखनऊ-अयोध्या मार्ग पर चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर लोक निर्माण विभाग के कार्यों का निरीक्षण किया। कमता तिराहे से अवध बस स्टैंड की तरफ विपरीत दिशा में आने वाली बसों तथा यातायात रोकने के लिए व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इसके बाद लखनऊ-अयोध्या मार्ग पर स्थित किसान पथ कट ब्लैक स्पॉट पर कार्यों का निरीक्षण किया। किसानपथ से उतरने वाले भारी वाहनों को शहर में आने से रोकने और मुख्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर यू टर्न न लेने के लिए वैकल्पिक मार्ग का चिन्हांकन कर ट्रायल कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि किसान पथ पर चिन्हित वैकल्पिक एग्जिट रैंप का ट्रैफिक सर्वे कर आख्या प्रस्तुत की जाए। निरीक्षण में अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग सतेंद्र नाथ, सहायक अभियंता चांदनी सेठ, अवर अभियंता विकास कुमार तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### लविवि में योग पर संगोष्ठी सम्पन्न

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में फैकल्टी ऑफ योग व अल्टरनेटिव मेडिसिन विभाग में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के क्रम में भारतीय संस्कृति एवं योग विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। काशी हिंदू विश्वविद्यालय के शरीर रचना विज्ञान, आयुर्वेद संकाय के प्रो. एचएच अवस्थी मुख्य वक्ता उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति अदभुत एवं विलक्षण है, इसमें जीवन का रहस्य छिपा हुआ है। भारतीय संस्कृति में जीवन की उत्पत्ति, उसका विकास तथा उद्देश्यों का वर्णन है। सभी मनुष्यों को चाहिए कि योग मार्ग को अपनाते हुए जीवन में धर्म और कर्म को अपनाना चाहिए। संकाय के कॉर्डिनेटर डॉ. अमरजीत ने बताया कि योग विद्या भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है।

# बाराबंकी और गोरखपुर ने जीते मैच

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते पुलिस महानिरीक्षक किरीट राठौर। अमृत विचार

अमृत विचार: अंतर वाहिनी पीएसी मध्य जोन फुटबॉल प्रतियोगिता में 10वीं वाहिनी बाराबंकी और 26वीं वहिनी गोरखपुर ने अपने अपने मैच जीते। इसके पहले पुलिस महानिरीक्षक किरीट राठौर ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इसके बाद फुटबॉल पर किक लगाकर खेल का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में आठ टीमों के 134 खिलाड़ी भाग ले रहे है।

35वीं वाहिनी पीएसी महानगर में पहला मुकाबला 10वीं वाहिनी पीएसी बाराबंकी और दूसरी वाहिनी सीतापुर के मध्य खेला गया। इसमें बाराबंकी के खिलाड़ियों ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपना लिया। नतीजन तीसरे ही मिनट में शमशेर खान ने गोल कर टीम को 1-0 से बढ़त दिला दी।

▶▶ अंतर वाहिनी पीएसी मध्य जोन फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू

इसके चार मिनट बाद विशाल चौहान ने दूसरा गोल कर बढ़त को 2-0 कर दिया। दूसरे हाफ की शुरुआत में विशाल ने दूसरा गोल कर बढ़त को 3-0 कर दिया। मैच का आखिरी गोल 47वें मिनट में सर्वेश ने किया। दूसरा मैच 26वीं वाहिनी पीएसी गोरखपुर और 30वीं वाहिनी गोंड़ा के बीच हुआ। दोनों टीमों ने एक दूसरे पर कई मूव बनाए, लेकिन कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई। शूटआउट में गोरखपुर ने 3-0 से जीत दर्ज कर पूरे अंक हासिल किए। 35वीं वाहिनी पीएसी के सेनानायक अमत कुमार, उप सेनानायक सुबोध कुमार जायसवाल समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# महिला समेत चार ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: राजधानी में पिछले चौबीस घंटों के अंदर महिला समेत चार लोगों ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। खुदकुशी के यह मामले काकोरी, इंदिरानगर, महानगर व नाका थाना क्षेत्र के हैं।

काकोरी के हलुआपुर गांव निवासी सर्वेश यादव (35) का शव बुधवार सुबह आम की बाग में चादर के फंदे से लटका मिला। भाई अखिलेश ने बताया किसर्वेश का सुबह पत्नी शांति से किसी बात को लेकर विवाद हुआ। इसके बाद वह घर से बाग चला गया था। कुछ देर के बाद लोगों ने उनका शव फंदे से लटका देखा। इंस्पेक्टर सतीश राठौर ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

▶▶ काकोरी, इंदिरानगर, महानगर और नाका में हुई घटनाएं

वहीं, मूल रूप से बिहार के दरभंगा निवासी साकिब (30) इंदिरानगर के तकरोही में किराए के मकान में पत्नी रुखसाना के साथ रहकर टेलरिंग का काम करता था।

साकिब का तीन दिन से पत्नी से काफी लड़ाई झगड़ा हुआ था। मंगलवार रात साकिब घर लौटा। उसके बाद पत्नी, सास व साले सिराज से झगड़ा किया। फिर अपने कमरे में सोने चला गया। बुधवार सुबह जब पत्नी ने दरवाजा खटखटाया तो दरवाजा अंदर से बंद मिला।

लोगों ने दरवाजा तोड़ा तो साकिब का शव लोहे के रॉड से रस्सी के सहारे लटका मिला। इंस्पेक्टर इंदिरानगर सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि परिजन ने कोई आरोप नहीं लगाया है। उधर, मूल रूप से नेपाल निवासी रिक्शा चालक किशन बहादुर (70) महानगर में राज्य भंडारण निगम के सामने रोड किनारे झोपड़पट्टी बनाकर रहता था। महानगर के पुराना बादशाह नगर निवासी उनकी बेटी पूजा ने बताया कि पिता बीमारी के चलते मंगलवार देर रात झोपड़ी के पास लगे पेड़ में साड़ी के सहारे लटक कर जान दे दी।

इसके अलावा नाका चारबाग के सुदर्शन सिनेमा के पास की रहने वाली शिवानी सोनकर (26) ने मंगलवार रात मायके में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उनकी शादी घर के पास रहने वाले शिक्षक पवन बाथम से करीब छह साल पहले हुई थी।




कार्यक्रम में मौजूद भाजपा के पदाधिकारी। अमृत विचार

# जन कल्याणकारी योजनाओं से विकसित भारत की बुनियाद

संवाददाता, बख्शी का तालाब

अमृत विचार : केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भाजपा की ओर से बख्शी का तालाब में प्रोफेशनल मीट का आयोजन किया गया। मीट की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विजय मौर्य ने की। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं लखनऊ जिले के प्रभारी त्र्यंबक त्रिपाठी ने कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य एक कठिन लक्ष्य अवश्य, लेकिन देश के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह रोज देश के उत्थान के लिए एक कदम बढ़ाए तो विकसित राष्ट्र बनने से कोई रोक नहीं सकता।

उन्होंने कहा कि 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही लगभग 111 जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से विकास को गति प्रदान करते हुए जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से देश में विकसित भारत की बुनियाद रखी जा रही है। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य संतोष सिंह ने कहा 2014 से पहले यूपीए सरकार में भ्रष्टाचार एवं घोटाला की इतनी भरमार थी कि कई मंत्रियों को जेल जाना पड़ा एवं कई मंत्रियों को इस्तीफा देना पड़ा था। वहीं पिछड़ा मोर्चा के महामंत्री एवं सदस्य विधान परिषद रामचंद्र प्रधान ने कहा कि आज का भारत नया भारत है पहले हम अपनी सुरक्षा के लिए विदेशी हथियारों के ऊपर निर्भर रहते थे लेकिन आज हम स्वदेशी तकनीक से निर्मित हथियारों के माध्यम से हम रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो रहे हैं।

▶▶ केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर प्रोफेशनल मीट का हुआ आयोजन

इस अवसर पर विधायक योगेश शुक्ला, पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश तिवारी, जिला महामंत्री एवं संयोजक राजकुमार वर्मा, महामंत्री रामलाल वर्मा, उपाध्यक्ष अरविंद यादव, हंसराज लोधी, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष धीरेंद्र पांडे, अनुसूचित मोर्चे के जिला अध्यक्ष कामता प्रसाद रावत, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष अतुल मिश्रा समेत जिले के पदाधिकारी मंडल के अध्यक्ष एवं सेना के रिटायर्ड कर्मचारी एवं अधिकारी शिक्षक व्यापारी किसान आदि लोग उपस्थित रहे।

# सेना के शौर्य को समर्पित हमारा देश हमारे राम ने जीता दिल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: संस्कार भारती अवध प्रान्त ने भारतीय सेना के सम्मान में गोमतीनगर स्थित सिटी मांटेसरी स्कूल के सभागार में सनातन बैण्ड की संगीतमय प्रस्तुति हमारा देश हमारे राम का आयोजन किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक कौशल शामिल हुए जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्कार भारती के राष्ट्रीय संरक्षक एवं वरिष्ठ प्रचारक बांकेलाल गौड़ ने की। भारतमाता और सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ शुरू हुए सनातन बैंड के इस विशेष कार्यक्रम में मौजूद श्रोता राम के प्रति आस्था के भावों में बंधकर देशप्रेम की गंगा में डुबकी लगाते रहे। राष्ट्रीय कवि अभय सिंह निर्भीक द्वारा तैयार किए गए इस विशेष कार्यक्रम में राम जन्म, बाललीला, तपोवन रक्षा, सीता स्वयंवर, राम सीता विवाह, राम वन गमन, केवट संवाद, भरत मिलाप, सीता हरण, शबरी राम प्रसंग, राम सुग्रीव मित्रता, हनुमान द्वारा लंका में सीता की खोज, अक्षय संहार, लंका दहन, राम रावण युद्ध और राम द्वारा लंका विजय की कथा का कविता एवं संगीत की जुगलबंदी के साथ बहुत ही रोचक तरीके से वर्णन किया गया। इस मौके पर जननी जन्मभूमि स्वर्गादपि गरीयसी की अवधारणा पर भारतवर्ष का शौर्यगान, सैनिकों की गाथा, तिरंगे की आरती एवं वंदे मातरम गीत के साथ राम एवं राष्ट्रभक्ति की भावना से ओतप्रोत इस कार्यक्रम का समापन हुआ।



सनातन बैंड पर संगीतमय प्रस्तुति देते कवि अभय सिंह निर्भीक। अमृत विचार

▶▶ सनातन बैंड की संगीतमय प्रस्तुति ने बनाई यादगार शाम

# अस्पताल मालिक पर 23 लाख की धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: अर्जुनगंज स्थित अमृत हॉस्पिटल संचालक पर मेडिकल फर्म संचालक ने 23 लाख की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। आरोप है कि आरोपी ने अस्पताल में ब्लड बैंक संचालन से जुड़े सामान की आपूर्ति की, लेकिन दो साल बाद भी भुगतान नहीं किया।

पेमेंट मांगने पर आरोपी ने साथियों संग धमकाया। पीजीआई पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर कृष्णानगर पीके सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। रायबरेली रोड स्थित कृष्ण विहार कॉलोनी निवासी माधव बाजपेई रजत मेडिकल एंड सर्जिकल के नाम से फर्म चलाते हैं। फर्म में उनके पार्टनर आदर्श मिश्र हैं। उन्होंने बताया कि अगस्त 2022 में गोंडा नवाबगंज निवासी महेश पाण्डेय से मुलाकात हुई। बातचीत में महेश ने कहा कि वे अर्जुनगंज में अमृत हॉस्पिटल का संचालन करते हैं। महेश ने अस्पताल में ब्लड बैंक खोलने के लिए माधव और उनके पार्टनर आदर्श मिश्रा से बात की। साथ ही ब्लड बैंक से जुड़े सामान की आपूर्ति के लिए कहा था।

### वन निगम ने वर्तमान वर्ष में अर्जित की 243.31 करोड़ की आय

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश वन निगम ने वर्ष 2024-25 में 243 .31 करोड़ रुपये की आय अर्जित की। जनजातीय समुदायों को आजीविका उपलब्ध कराने, महाकुंभ जैसे विशाल आयोजन में सहयोग व वैश्विक मानकों पर अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। वन निगम ने काष्ठ आधारित उत्पादों के निर्यात में वृद्धि से विदेशी मुद्रा अर्जित की है। यह उपलब्धि वन निगम की पर्यावरणीय जिम्मेदारी और टिकाऊ वन प्रबंधन के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। अधिकारियों के अनुसार, वन निगम पूरी तरह एक लाभकारी संस्था बन चुका है। निगम ने वर्ष 2020-21 में 150 .55 करोड़, 2021-22 में 151 .65 करोड़, 2022-23 में 227 .66 करोड़ रुपये, वर्ष 2023-24 में 246 .29 करोड़ रुपये व वर्ष 2024-25 में 243 .31 करोड़ रुपये की आय अर्जित की।

# बिना फायर सेफ्टी यंत्रों के दौड़ रहीं परिवहन निगम की कई बसें




आपातकालीन खिड़की के पास लगी सीट। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: परिवहन निगम की कई बसें बिना फायर सेफ्टी यंत्रों के सड़क पर दौड़ रही हैं। यात्री जान जोखिम में डालकर सफर करने को मजबूर है। आए दिन होने वाले अग्निकांडों के बाद भी जिम्मेदार मामूली अग्निशमन यंत्र तक बसों में नहीं लगा पा रहे हैं।

इनमें बड़ी संख्या अनुबंधित बसों की है। शार्ट-सर्किट, फ्यूल पंप आदि में लीकेज की वजह से कई बसों में आग लग चुकी है। परिवहन विभाग की ओर से बसों में सुरक्षा के तमाम दावे किए जा रहे हैं, लेकिन ज्यादातर बसों में आग से बचाव के लिए संसाधन नहीं दिखते हैं। यही नहीं बसों में फर्स्ट एड बॉक्स में सामान तक ढूंढे नहीं मिलेगा। बसों के रखरखाव को लेकर बुधवार को ''अमृत विचार''टीम ने कैसरबाग डिपो की कई बसों के हालात खराब दिखे। इनमें कई अनुबंधित बसें ऐसी थीं जो सेफ्टी नार्मस को पूरा नहीं कर रही थीं। ज्यादातर रूटों पर बसें बिना अग्निशमन यंत्रों की दौड़ती दिखीं। जिनमें बड़ी संख्या में यात्री बैठे मिले।

▶▶ जान जोखिम में डालकर सफर कर रहे बस यात्री

> डिपो की ज्यादातर बसों में अग्निशमन यंत्र हैं। अगर बसों में आग बुझाने के उपकरण नहीं मिलते हैं तो अनुबंधित बसों के मालिकों को अग्निशमन यंत्र और फर्स्ट एड बाक्स लगाने के निर्देश दिए जाते हैं। इसके साथ ही अधिकारियों को भी बसों में अग्शिमन यंत्रों की जांच करने के निर्देश दे दिए गए हैं।
>
> -योगेन्द्र, एआरएम कैसरबाग

### हादसों से नहीं लिया सबक आपातकालीन गेट पर सीट

अगर अचानक कहीं कोई दुर्घटना हो जाये और यात्रियों को जल्द बस से निकलना हो तो आपातकालीन गेट का इस्तेमाल किया जाना आसान नहीं। आपातकालीन गेट पर कैसरबाग डिपो की कई बसों में आपातकालीन गेट पर ही सीट फंसी हुई मिली।

अभ्यास

केजीएमयू में हुए जागरुकता कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने बताई योग की महत्ता

# सांस संबंधी योगासन से बढ़ाई जा सकती है फेफड़ों की क्षमता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



डॉ. सूर्यकांत की देखरेख में योगाभ्यास करते लोग। अमृत विचार

अमृत विचार : सांस संबंधी योगासन से फेफड़ों की कार्यक्षमता को बढ़ाया जा सकता है। उसे कमजोर होने से भी रोका जा सकता है। योग से शरीर के दूसरे अंगों को भी ताकत मिलती है। जिससे मरीज की सेहत में तेजी से सुधार देखा जा सकता है। अस्थमा और सांस के दूसरे मरीज विशेषज्ञ की सलाह व देख-रेख में योग कर सकते हैं। इससे दवाओं की डोज में भी कमी आ सकती है। यह सलाह केजीएमयू रेस्पीरेटरी मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. सूर्यकांत ने दी।

वह बुधवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर केजीएमयू के रेस्पिरेट्री मेडिसिन विभाग में जागरुकता कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। योग विशेषज्ञ डॉ. श्रुति अग्निहोत्री एवं योग प्रशिक्षक संजीव त्रिवेदी ने सभी लोगों को योग प्रोटोकॉल के अनुसार योग व प्राणायम का अभ्यास कराया। जिनमे प्राणायाम अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भ्रामरी व भस्त्रिका मुख्य थे। डॉ. अजय कुमार वर्मा ने कहा केजीएमयू योग के क्षेत्र में बेहतर काम कर रहा है। शोध कार्य भी भी किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में विभाग के चिकित्सक डॉ. आरएएस कुशवाहा, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. आनन्द श्रीवास्तव, रेजिडेंट डॉक्टर, नर्सिंग स्टॉफ स्वास्थ्य कर्मी शामिल हुए।

### गर्भवती महिलाओं को बताए योग के फायदे

केजीएमयू के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग (क्वीनमेरी) में कार्यवाहक विभागाध्यक्ष प्रो. रेखा सचान के नेतृत्व में गर्भवतियों के लिए योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें करीब 200 गर्भवती महिलाएं शामिल हुईं। उन्हें योग के महत्व की जानकारी दी गई। वहीं, करीब 40 गर्भवतियों ने योग विशेषज्ञ की देखरेख में योगाभ्यास किया। इस मौके पर प्रो. अमिता पाण्डेय, प्रो. पुष्पलता संखवार, डॉ. मोना असनानी, डॉ. मोनिका अग्रवाल, डॉ. नम्रता कुमार, डॉ. प्रियंका सिंह और विभाग के रेजिडेंट डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ मौजूद रहा।

### स्वस्थ जीवन के लिए योग जरूरी : प्रो. जेपी

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के पहले विरासत से विकास योग की भूमिका विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने योग की महत्ता पर प्रकाश डाला। कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में कार्य की कुशलता को योग बताया है। योग हमारी विरासत रही है। वित्त अधिकारी केशव सिंह ने कहा कि मानव सभ्यता के विकास में योग की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। विशिष्ट अतिथि के रूप में योग में पीएचडी डॉ. रिचा रस्तोगी ने कहा कि भारत योग की जननी रहा है। लेकिन दुर्भाग्य से जब पश्चिमी देशों ने इसे योगा कर दिया तब हम इसके महत्व को समझ रहे हैं। ऑनलाइन माध्यम से अमेरिका के कैलिफोर्निया से जुड़े योग विशेषज्ञ गौरव रस्तोगी ने अमेरिका में योग को लेकर लोगों की राय बताया। कहा कि वहां योग को लेकर लोग काफी उत्साहित और जागरूक हुए हैं। यह भारत के लिए काफी गर्व की बात है। ऑनलाइन माध्यम से जुड़े योग प्रशिक्षक अंशु श्रीवास्तव ने भी योग पर प्रकाश डाला। इस मौके पर जल संचयन का संदेश देने के लिए जल भरो कलश में जल भरा गया। इस अवसर पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. ओपी सिंह, एसो. डीन डॉ. अनुज कुमार शर्मा, सहायक कुलसचिव डॉ. आयुष श्रीवास्तव, शिक्षक, अधिकारी कर्मचारी और छात्र मौजूद रहे।

# सूर्य नमस्कार में विश्व रिकार्ड की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



लविवि में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों में हिस्सा लेते शिक्षक। अमृत विचार

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय आगामी 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सूर्यनमस्कार में विश्व रिकार्ड कायम करने की तैयारी में जुट गया है। राज्यपाल व कुलाधिपति लखनऊ विश्वविद्यालय आनंदी बेन पटेल के निर्देशानुसार कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने प्रशासनिक भवन में तैयारियों के संदर्भ में समीक्षा बैठक की। आगामी 21 जून को विश्वविद्यालय व संबद्ध महाविद्यालयों में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी मानक योग प्रोटोकॉल का पूर्ण रूप से पालन करते हुए सूर्य नमस्कार आसन और अन्य योग के आसनों को सुबह 7 बजे से 8 बजे के मध्य किया जाएगा। इसके पश्चात कुलाधिपति का संदेश जो ऑडियो और वीडियो में प्रतिभागियों को सुनाया जाएगा। योग दिवस पर शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं छात्रों की सहभागिता अनिवार्य रूप से रहेगी। लखनऊ विश्वविद्यालय से सहयुक्त लखनऊ, सीतापुर, हरदोई, लखीमपुर खीरी और रायबरेली के महाविद्यालयों को कुलसचिव लखनऊ विश्वविद्यालय की तरफ से निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इस कार्यक्रम का जियो टैग फोटोग्राफ और वीडियो रिकॉर्डिंग भी कराया जाएगा।

▶▶ राज्पाल के निर्देश के बाद अंतरराष्ट्रीय योग दिवस तैयारियों को लेकर हुई बैठक

### नोडल अधिकारी, योग प्रशिक्षक रहेंगे तैनात

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सभी जिलों के महाविद्यालयों व छात्रों की संख्या के अनुसार एक दो या तीन नोडल अधिकारी और योग कराने के लिए एक ट्रेनर तैनात होंगे। राष्ट्रीय कैडेट कोर और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों की भागीदारी विशेष रूप से रहेगी।

### बैठक में रहे उपस्थित

प्रति कुलपति प्रो. मनुका खन्ना, कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी, डीन योग प्रो. अशोक सोनकर, डीन अभिनव गुप्त संकाय प्रो. भुवनेश्वरी भारद्वाज, डीन एकेडमिक्स प्रो. गीतांजलि मिश्रा, डीन एडमिशन प्रो. पंकज माथुर, कोऑर्डिनेटर एडमिशन डॉ. अनित्य गौरव, डीन सीडीसी प्रो. अवधेश कुमार, कुलानुशासक प्रो. राकेश द्विवेदी, ऑनरेरी लाइब्रेरियन टैगोर लाइब्रेरी प्रो. केया पाण्डेय, एनसीसी और एनएसएस के समन्वयक सम्मिलित थे।

## एक नजर

### अयोध्या में लिफाफा गिरोह की नई वारदात उजागर

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** अयोध्या के मसौधा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात काउंसलर सत्यबोध गौतम हाल ही में चर्चा में आए लिफाफा गिरोह का शिकार हो गए। 24 मई को वह नाका बाईपास पर सवारी का इंतजार कर रहे थे, तभी लखनऊ नंबर की कार में सवार युवकों ने उन्हें बैठा लिया। पुलिस बताकर रायबरेली रोड ले गए और नकदी चेकिंग के नाम पर एक लिफाफा दिया। पीड़ित ने उसमें छह हजार रुपये रखे। कुछ दूरी पर उन्हें कुरावां मोड़ पर उतार दिया गया। बाद में जब उन्होंने लिफाफा खोला, तो उसमें कागज निकले। सत्यबोध ने अखबार में आरोपियों की तस्वीर पहचानकर थाना पूराकलंदर में रिपोर्ट दर्ज कराई। सीओ आशुतोष तिवारी के अनुसार चारों आरोपियों पर केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। यह घटना लिफाफा गिरोह की बढ़ती सक्रियता और उनकी योजनाबद्ध ठगी को उजागर करती है।

### रिश्वत लेते दरोगा को एंटी करप्शन टीम ने दबोचा

**गोंडा, अमृत विचार :** थानेपुर थाने में तैनात एक दरोगा को एंटी करप्शन टीम ने 5000 रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। आरोपी दारोगा को लेकर एंटी करप्शन टीम नगर कोतवाली चली आई, जहां पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। धानेपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत इटावा कवि गांव के उपेंद्र प्रसाद का मारपीट का मुकदमा चल रहा था, जिसकी विवेचना धानेपुर थाने में तैनात उपनिरीक्षक अंकित यादव कर रहे थे। विवेचना के दौरान सहूलियत देने के नाम पर उपेंद्र से रिश्वत मांगी जा रही थी। रिश्वत न देने पर परेशान किया जा रहा था, जिसकी शिकायत एंटी करप्शन टीम से की गई थी, एंटी करप्शन टीम ने आरोपी को धानेपुर थाना के समीप प्राइवेट रूम में 5 हजार रुपये लेते हुए गिरफ्तार कर लिया है।

### पिकअप की टक्कर से बालिका की मौत, दो घायल

**टिकैतनगर, बाराबंकी अमृत विचार :** थाना टिकैतनगर क्षेत्र में बुधवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ। डीजे साउंड से लदे तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने सुबह की सैर पर निकलीं तीन बच्चियों को टक्कर मार दी। हादसे में एक 12 वर्षीय बालिका की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य सहेलियां घायल हो गईं। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार कस्बा टिकैतनगर के सरावगी मोहल्ला निवासी पलक (12) पुत्री राधे कनौजिया, शिवांशी पुत्री धनीराम और रानी पुत्री राजू रोजाना की तरह सुबह टहलने निकली थीं। जैसे ही वह तीनों थाना गेट के सामने पहुंचीं, पीछे से आ रही तेज रफ्तार डीजे लदी पिकअप ने तीनों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद पलक बिजली के खंभे से टकराकर बेसुध हो गई, जबकि शिवांशी और रानी दूर जा गिरीं। राहगीरों ने तत्काल तीनों को सीएचसी टिकैतनगर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने पलक को मृत घोषित कर दिया।

# नदियों के किनारे और तालाबों के पास होंगे पौधारोपण : डीएम

**संवाददाता, सीतापुर**

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा समिति की संयुक्त बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में वृक्षारोपण अभियान 2025 की कार्ययोजना की गहन समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने अभिषेक आनंद ने निर्देशित किया कि सभी विभाग अपने-अपने वृक्षारोपण लक्ष्यों के अनुसार गड्ढा खुदान की सूचना समय पर उपलब्ध कराएं और यह जानकारी निर्धारित पोर्टल पर फीड की जानी चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से सरायन, गोमती और मंदाकिनी नदियों के किनारे, उनसे जुड़े नालों और आसपास के तालाबों की भूमि पर व्यापक स्तर पर पौधरोपण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्ययोजना में छायादार और फलदार वृक्षों की प्रजातियों का स्पष्ट उल्लेख हो और स्थानों का चयन उसी के अनुरूप किया जाए।

**एक पेड़ मां के नाम 2.0 थीम पर छात्र भी होंगे शामिल :** जिलाधिकारी ने एक पेड़ मां के नाम 2.0 की थीम के अंतर्गत बेसिक व माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों को इस अभियान से जोड़ने के निर्देश भी दिए। साथ ही गोआश्रय स्थलों में गोपाल वन, तथा ग्राम वन, शक्ति वन, मियावाकी व अटल वन की स्थापना के लिए आवश्यक सूचनाएं और प्रस्ताव भी शीघ्र मांगे गए।

# भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ने गिनाईं सरकार की उपलब्धियां

**संवाददाता, बलरामपुर**

**अमृत विचार।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं नोयडा विधायक पंकज सिंह बुधवार को जिले में पहुंचे। जहां पर भाजपाइयों ने उनका जोरदार स्वागत किया। अटल भवन पहुंचकर तुलसीपार्क में लगी प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। जिसके बाद भाजपा कार्यालय पर प्रेस वार्ता आयोजित की गई।

केन्द्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर एमएलके पीजी कॉलेज में प्रबुद्ध सम्मेलन का आयोजन किया गया। एमएलके पीजी कॉलेज में आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं नोयडा विधायक पंकज सिंह ने कहा कि सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण के शासन का 11 वर्ष पूर्ण हुआ है। अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी ने कहा कि 23 शहरों में मेट्रो रेलवे की सुविधा मिल रही है। 99 प्रतिशत गांवों तक सड़क की कनेक्टीविटी मिल चुकी है। 2014 के बाद देश 160 एयरपोर्ट नए बनाए गए हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा कि मोदी सरकार एक विजन व निश्चित मिशन के साथ देश को आगे बढ़ा रही है। गरीबों को आयुष्मान कार्ड के जरिये पांच लाख रुपये का मुफ्त इलाज सरकार दे रही है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्षा आरती तिवारी, विधायक पल्टूराम, कैलाश नाथ शुक्ल व राम प्रताप वर्मा, पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह शैलू सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



भाजपा प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में प्रदेश उपाध्यक्ष का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता।

### कांग्रेस पर जमकर बरसे पंकज सिंह

अटल भवन पर आयोजित प्रेस वार्ता में मुख्य अतिथि पंकज सिंह कांग्रेस पर जमकर बरसे। बोले कि राहुल गांधी तो हर बात का सबूत मांगते हैं। आतंकवादी मारे जाते हैं या पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई होती है तो राहुल रोना रोते हैं। उन्हें भारतीय सेना के शौर्य पर गर्व करने के बजाय पाकिस्तान के नुकसान की चिंता अधिक रहती है। ऑपरेशन सिंदूर हमारे देश की सेना के साहस का परिचायक है। मोदी सरकार रक्षा बजट पर विशेष ध्यान दे रही है। पाकिस्तान एयरवेस व आतंकी शिविरों को टॉरगेट बनाने के लिए ज्यादातर स्वदेशी मिशाइलों का प्रयोग किया गया। भारत के बनाए मिशाइलों की मांग विश्व में बढ़ी है। इस अवसर पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी, जिला पंचायत अध्यक्षा आरती तिवारी, विधायक पल्टूराम, कैलाश नाथ शुक्ल, राम प्रताप वर्मा, पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह शैलू, नपाप अध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू, जिलाध्यक्ष रवि मिश्र, जिला मीडिया प्रभारी डीपी सिंह वैस, जिला मीडिया संयोजक अवधेश पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# गरीब कल्याण को समर्पित मोदी सरकार के 11 साल : सतीश शर्मा

## प्रधानमंत्री मोदी के 11 वर्ष पूरे होने पर खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री ने गिनाईं उपलब्धियां

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश सरकार के खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के मौके पर उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि मोदी सरकार के 11 वर्ष विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का स्वर्णिम काल है। पीएम मोदी ने इन 11 वर्षों में भारत को वैश्विक पहचान दिलाई है। पीएम मोदी 140 करोड़ देशवासियों के विश्वास का प्रतीक बन गए हैं। उनके कार्यकाल में विरासत के साथ विकास की उपलब्धियां गौरवान्वित कर रही हैं। शहर स्थित होटल रॉयल रिलाइट में आयोजित प्रेस वार्ता में राज्यमंत्री ने कहा कि 11 वर्षों का यह कार्यकाल सेवा को संकल्प के रूप में, सुशासन को संस्कृति के रूप में और आंतरिक व बाह्य सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। उन्होंने बताया कि मोदी ने देश का राजनीतिक एजेंडा बदल दिया है। 2014 से पहले देश तुष्टीकरण और विभाजन की राजनीति में डूबा था, जबकि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पॉलिटिक्स ऑफ परफॉर्मेंस, जवाबदेही और रिपोर्ट कार्ड देने वाली राजनीतिक संस्कृति स्थापित हुई है। प्रधानमंत्री मोदी के रूप में परिवारवाद, भ्रष्टाचार एवं तुष्टिकरण की राजनीति से मुक्त, 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की परिकल्पना को साकार करने वाला एक समर्थ व सक्षम नेतृत्व देश को मिला है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के 11 साल ऐसे समय में पूरे हो रहे हैं, जब पूरी दुनिया ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत की सैन्य शक्ति को पाकिस्तान में न सिर्फ परखा बल्कि सेना के अदम्य शौर्य और पराक्रम को भरोसे के साथ देखा। उन्होंने बताया कि 2014 में मात्र 1940 करोड़ रुपए के मुकाबले 2024-25 में रक्षा निर्यात बढ़कर 23 हजार 622 रुपये पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा में सेंध लगाने की कोई कोशिश करेगा तो पीएम मोदी के नेतृत्व में उसका जवाब सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर ही होंगे। इस मौके पर जिला प्रभारी अवनीश सिंह पटेल, एससी-एसटी अयोग के प्रदेश अध्यक्ष बैजनाथ रावत, जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा, एमएलसी अंगद सिंह, पूर्व विधायक शरद अवस्थी, पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव, राम कुमारी मौर्य, विजय आनंद बाजपेई, अमरीश रावत, अजीत प्रताप सिंह, संदीप गुप्ता, गुरुशरण लोधी मौजूद रहे।



प्रदर्शनी का अवलोकन करते राज्यमंत्री सतीश शर्मा व अन्य जनप्रतिनिधि।

### पंचायत चुनाव को जनआंदोलन बनाएगी आप : संजय सिंह



**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में आगामी पंचायत चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी ने कमर कस ली है। बुधवार को अयोध्या प्रांत के एकदिवसीय "संकल्प शिविर" में पार्टी के प्रदेश प्रभारी व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने साफ किया कि पंचायत चुनाव को पार्टी सिर्फ चुनाव नहीं, बल्कि एक जनआंदोलन के रूप में लड़ेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी अकेले, पूरी ताकत और मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी और हर गांव, हर घर तक पार्टी की नीतियों को पहुंचाया जाएगा। संजय सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कोई भी नेता मां की कोख से नहीं बनता, संघर्ष से बनता है और आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता सेवा और संघर्ष के मार्ग पर चलकर उत्तर प्रदेश में एक नई राजनीतिक संस्कृति स्थापित करेंगे। उन्होंने आगामी 1 जुलाई से शुरू हो रहे 'हर घर संपर्क अभियान' की घोषणा करते हुए कार्यकर्ताओं से जन-जन तक पार्टी की विचारधारा पहुंचाने का आह्वान किया। संजय सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी का लक्ष्य सिर्फ सत्ता हासिल करना नहीं, बल्कि राजनीति में सेवा और संघर्ष की नई परिभाषा गढ़ना है। उन्होंने 1 जुलाई से पूरे प्रदेश में चलाए जाने वाले 'हर घर संपर्क अभियान' की घोषणा करते हुए कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया कि हर गांव, हर परिवार तक पार्टी की विचारधारा और दिल्ली मॉडल को कैसे पहुंचाना है।

### 'ये नया भारत जो घर में घुसकर मारता है'

**बाराबंकी, अमृत विचार :** केंद्र की मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर शहर के एक निजी लॉन में प्रोफेशनल मीट का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं ने विकसित भारत की संकल्पना एवं हमारी भूमिका, सशक्त भारत-सुरक्षित भारत एवं सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 11 साल विषयों पर अपने अपने विचार रखे। एमएलसी व जिला प्रभारी ने सशक्त भारत-सुरक्षित भारत विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा कि मोदी के नेतृत्व में आज बदला हुआ युवा भारत है। जो झुकता नहीं है। आंख दिखाने वालों को घर के अंदर घुस कर मारता है। एससी एसटी अयोग के प्रदेश अध्यक्ष बैजनाथ रावत ने विकसित भारत की संकल्पना एवं हमारी भूमिका विषय पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस के 60 वर्षों के कार्यकाल ने भ्रष्टाचार, उग्रवाद, आतंकवाद, परिवादवाद को जैसी समस्याओं को जन्म दिया। मगर मोदी सरकार ने सुशासन और सुरक्षा को सुनिश्चित किया है। मोदी सरकार देश को लूटने वालों के घर से पैसे निकाल रही है।

# ज्येष्ठ पूर्णिमा : मां सरयू का दुग्धाभिषेक कर उतारी महाआरती

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचार :** रामनगरी अयोध्या में ज्येष्ठ पूर्णिमा पर मां सरयू की जयंती धूमधाम से मनाई गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मां सरयू की पवित्र धारा में स्नान कर उनकी आरती उतारी व राम मंदिर, हनुमानगढ़ी मंदिर में दर्शन पूजन किया। देर शाम सरयू तट पर लगभग एक दर्जन स्थान पर भव्य झांकी का भी आयोजन किया गया, जिसमें साधु-संतों और सरयू पुरोहित समाज द्वारा मां सरयू का दुधाभिषेक किया व शाम को महाआरती उतारी। धार्मिक मान्यता है कि मां सरयू का अवतरण हुआ था। माना जाता है कि महाराजा रघु की प्रार्थना पर महर्षि वशिष्ठ ने तपस्या करके ब्रह्मदेव को प्रसन्न कर मां सरयू को पृथ्वी पर अवतरित कराने का वरदान प्राप्त किया था। वहीं शास्त्रों में वर्णित है कि जब ब्रम्हदेव सृष्टि की रचना कर रहे थे तो उससे पहले ही ब्रह्मदेव ने भगवान विष्णु की तपस्या की थी और भगवान विष्णु ने ब्रह्मदेव को दर्शन दिया था।



सरयू जयंती पर आरती उतारते साधु-संत। अमृत विचार


**पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय शिवगढ़, रायबरेली**
महाराजगंज रोड, शिवगढ़ रायबरेली- 229308 (उ.प्र.) दूरभाष : 0535-2978502,
ई मेल: kvshivgarh2024@gmail.com, वेबसाइट: https://shivgarhraebareli.kvs.ac.in

पत्रांक: एफ.26331/2025-26/के.वि.शिवगढ़/ दिनांक: 11/06/2025

**प्रवेश सूचना**

सूचित करना है कि निम्नलिखित कक्षाओं में कुछ स्थान रिक्त हैं:-

| | |
|---|---|
| कक्षा - 2, 4, 5, 7 एवं 9 | सभी वर्गों के लिए |
| कक्षा - 11 (विज्ञान वर्ग) | केवल अनुसूचित जनजाति के लिए |
| कक्षा - 10 एवं 12 (विज्ञान वर्ग) | केवल सर्विस कैटेगरी I & II (केन्द्र सरकार कर्मचारियों) के लिए |

इच्छुक अभिभावक प्रवेश हेतु पंजीकरण फार्म विद्यालय से दिनांक 11.06.2025 से 20.06.2025 तक सभी कार्यालय दिवसों में प्राप्त कर एवं पूर्ण रूप से भरकर जमा कर सकते हैं। (सभी प्रवेश के.वि.सं. के प्रवेश निर्देशिका के अनुसार होंगे)

प्राचार्य



**कार्यालय जिला नगरीय विकास अभिकरण, रायबरेली।**

पत्रांक: 110/डूडा/निविदा/2025-26 दिनांक: 11.06.2025

**निविदा सूचना**

जनपद रायबरेली उ0प्र0 में डूडा द्वारा संचालित मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित व मलिन बस्ती विकास योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में नगर पालिका परिषद रायबरेली के 17 कार्य, नगर पंचायत डलमऊ के 05 कार्य एवं नगर पंचायत लालगंज के 02 कार्य इस प्रकार कुल 24 निर्माण कार्यों की ऑनलाइन निविदा, निविदा सूचना संख्या-109/01/डूडा/निविदा/2024-25 दिनांक 11.06.2025 के द्वारा आमंत्रित की जाती है। इन्हें निम्नलिखित विवरण के अधीन ऑनलाइन निविदायें http://etender.up.nic.in के माध्यम से देखा जा सकता है।

| क्र0सं0 | निविदा विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रकाशन वेब साइट पर तिथि/समय | 17.06.2025 | अपरान्ह 12 बजे |
| 2 | निविदा डाउन लोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 17.06.2025 | अपरान्ह 12 बजे |
| 3 | निविदा डाउन लोड की अन्तिम तिथि/समय | 09.07.2025 | सांय 05 बजे |
| 4 | निविदा ऑनलाइन खोलने की तिथि/समय | 10.07.2025 | अपरान्ह 12 बजे |

परियोजना अधिकारी
डूडा, रायबेरली।


# बेटे को जेल, सदमे में पिता की मौत

**संवाददाता, सलोन, रायबरेली**

**अमृत विचार:** जिले की सलोन पुलिस पर संगीन आरोप लगे है। बेटे के जेल जाने से आहत पिता की मौत हो गई। चोरी के मामले में जेल गए आरोपी पर पुलिस कस्टडी में थाने के अंदर थर्ड डिग्री के साथ उसे अमानवीय यातनाएं देने का आरोप परिजनों ने लगाया है। परिजनों का आरोप है कोतवाली में मारपीट करने के बाद युवक को जेल भेज दिया गया था। जेल के अंदर हालत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल ले जाया गया। गंभीर होने पर उसे एम्स में भर्ती कराया गया है। इन्हीं सब बातों को चोरी के आरोप में जेल गए आरोपी के पिता सदमें में आ गए और मंगलवार की रात उनकी आकस्मिक मृत्यु हो गई। जानकारी के मुताबिक 26 मई को कस्बा चौकी इंचार्ज प्रवीण पुंज और बीट सिपाहियों ने क्षेत्र के विभिन्न इलाकों और गैर थाना क्षेत्रों में हुई चोरियों के प्रकरण में सलोन कस्बे के पैगम्बरपुर पश्चिमी निवासी युवक अनिकेत उर्फ अंकित, मन्तोष, शिवम उर्फ देवा, आनंद शर्मा को हिरासत में लिया था। परिजनों का आरोप है कि चोरी की वारदात कबूलने को लेकर चारों को बेहरमी से पीटा गया था। इसके बाद अनिकेत नामक युवक के ऊपर थाने के अंदर ही थर्ड डिग्री टॉर्चर कर प्रयोग कर अमानवीय तरीके से जमकर मारपीट की गई थी। सलोन क्षेत्राधिकारी यादवेंद्र बहादुर ने बताया कि पिता की मृत्यु से हमारा कोई लेना- देना नही है। आरोपी अनिकेत की हालत बिगड़ने पर उसे एम्स में भर्ती कराया है। चिकित्सक ने आंतों का सड़ना कारण बताया है। लगाए जा रहे आरोप असत्य व निराधार है।

# बैटरी में विस्फोट से पूर्व सैनिक व पत्नी की मौत

**संवाददाता, संग्रामपुर अमेठी**

**अमृत विचार:** मड़ौली गांव में बुधवार सुबह बैटरी में विस्फोट होने से सेवानिवृत्त सैनिक और उसकी पत्नी की मौत हो गई। नवरंग सिंह वर्ष 2008 में भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हुए थे और खेती-बाड़ी कर परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे। बुधवार सुबह करीब आठ बजे नवरंग सिंह घर के बरामदे में एंपियर की झटका मशीन की बैटरी चार्ज कर रहे थे। पत्नी अनुसुइया पास में ही मौजूद थीं। तभी बैटरी जोरदार धमाके के फट गई, जिससे पूरा इलाका दहल उठा। हादसे में नवरंग सिंह (65) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी अनुसुइया सिंह (60) गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें पहले अमेठी सीएचसी और फिर जिला अस्पताल होते हुए रायबरेली एम्स रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान दोपहर करीब एक बजे उन्होंने भी दम तोड़ दिया। सीओ अमेठी मनोज मिश्र ने बताया कि हादसे का कारण बैटरी में विस्फोट होना है। मामले की गहराई से जांच की जा रही है। नवरंग सिंह का बेटा विपिन सिंह वर्तमान में सेना में अलवर में तैनात है, जो सूचना मिलते ही घर के लिए रवाना हो चुका है।

## वर्ग पहेली- 459

**बाएं से दाएं**

1. 1. समय की लघुतम इकाई, दम 2. एक क्षण (चौबीस सेकंड का समय) 3. चार कर्ष की एक प्राचीन तौल।
2. घास-पात से निर्मित कुटी, पर्णकुटी, झोपड़ी।
4. 1. जवान स्त्री 2. हल्दी 3. सोनजुही 4. प्रियंगुलता।
5. 1. अपनी इंद्रियों को वश में रखने वाला, संयमी 2. वश में किया हुआ, अधीन।
7. 1. आंच, ताप 2. पीड़ा, दुख, क्लेश।
8. दहकने की क्रिया या भाव, दहक, धधक, लपट।
9. 1. दरज़ा 2. पद का क्रम।

**ऊपर से नीचे**

1. वह मतवाद जो पशु को देवी या देवता मानने में विश्वास रखता है।
2. जल्दबाज़ी, हड़बड़ी।
3. 1. संसार, जगत, दुनिया, विश्व 2. चैतन्य सृष्टि, संसृति 3. दुनिया के लोग 4. पानी भरने का लंबा पात्र।, जाग्रत।
6. 1. कपटी, दुष्ट 2. जालसाज, बईमान।
7. 1. जो लकड़ी की तरह सूखकर ऐंठ गया हो 2. सूखा, शुष्क।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | | 3 |
| | ■ | ■ | | ■ | |
| | ■ | 4 | | | ■ |
| 5 | | ■ | | ■ | 6 |
| | ■ | 7 | | | |
| 8 | | | | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | 9 | |

### वर्ग पहेली -458 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 का | म | का | 2 जी | ■ | 3 ठु |
| ज | ■ | ■ | 4 व | सी | म |
| ■ | 5 गा | 6 ट | र | ■ | की |
| ■ | ■ | 7 म | सा | नी | ■ |
| 8 चुं | 9 ब | की | य | ■ | 10 सं |
| ■ | ढ़ | ■ | न | ■ | घा |
| 11 वि | त | त | ■ | 12 सृ | त |

## आज का भविष्यफल -पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 12 जून, गुरुवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा-14.27 तक तत्पश्चात द्वितीया।

### आज का पंचांग

(कुंडली: 1 शु., 2 सू., 3 गु. बु., 4, 5 मं. के., 6, 7, 8, 9 चं., 10, 11 रा., 12 श.)

**दिशाशूल**- दक्षिण। **ऋतु**- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-मूल 09.57 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढा।

**मेष** - आज आपके व्यवहार की लोग प्रशंसा करेंगे। आपको बोलते समय वचनों पर नियंत्रण रखना चाहिए। छात्र पढ़ाई को लेकर काफी गंभीर रहेंगे। आप सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। अपनी व्यावसायिक नीतियों में बदलाव ला सकते हैं।

**वृष** - आज उच्च अधिकारी आपके ऊपर काम का दबाव बढ़ा सकते हैं। लेकिन आप चतुराई से अपना काम निकाल लेंगे। छात्रों को पढ़ाई में अधिक ध्यान रखने की आवश्यकता है। असंतुलित खानपान के कारण गैस और पेटदर्द की समस्या हो सकती है।

**मिथुन** - आज आपके जनसंपर्क का दायरा विस्तृत होगा। घर में मेहमानों की आवाजाही हो सकती है। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। संपत्ति को लेकर रुके हुए प्रोजेक्ट पुन: प्रारम्भ हो सकते हैं। योग और मेडिटेशन को अपनी दैनिक दिनचर्या में सम्मिलित करें।

**कर्क** - आज आपको मेहनत का सार्थक परिणाम मिलेगा। संतान को लेकर गौरव का अनुभव कर सकते हैं। अपने प्रेमी से मन की बातें अवश्य करें। आज सभी कार्यों को एकाग्र होकर करें। मित्रों की सहायता से आपके सभी काम आसानी से पूर्ण हो जायेंगे।

**सिंह** - आज कारोबार को लेकर आपको बड़े परिवर्तन करने से बचना चाहिए। माता के स्वास्थ्य की चिंता हो सकती है। जोड़ों और कूल्हों में दर्द को लेकर थोड़ी समस्या हो सकती है। गलतफहमी को लेकर प्रेम संबंधों में अनबन हो सकती है।

**कन्या** - आज सोशल मीडिया पर संभलकर प्रतिक्रिया दें। घर के किसी सदस्य के विवाह को लेकर चर्चा हो सकती है। सर्वाइकल के दर्द से जूझना पड़ सकता है। पड़ोसियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। युवाओं को अपने करियर की चिंता रहेगी। किसी दोस्त के घर मिलने जा सकते हैं।

**तुला** - आज अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। आपको अपनी प्रतिष्ठा की काफी चिंता रहेगी। व्यवसाय में लाभ तो होगा लेकिन तनाव भी बढ़ेगा। कानूनी मामलों में लापरवाही न करें। अजनबी लोगों पर अधिक विश्वास नहीं करना चाहिए।

**वृश्चिक** - आज आपके द्वारा लिए गए निर्णयों की प्रशंसा होगी। प्रतिद्वन्दी आपके सामने कमजोर पड़ते दिखाई देंगे। धार्मिक कार्यों में आप अधिक रुचि ले सकते हैं। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों से उत्तम सहयोग प्राप्त होगा। आपके कार्यों की प्रशंसा होगी।

**धनु** - आज जीवनसाथी की सलाह आपके लिए अत्यधिक लाभप्रद सिद्ध होने वाली है। राजनीति से जुड़े लोगों को महत्वपूर्ण कार्यभार मिल सकता है। व्यापार में आपको पार्टनरशिप करनी पड़ सकती है। दिखावे के चक्कर में आपको नुकसान झेलना पड़ सकता है।

**मकर** - आज व्यवसाय में हुए नुकसान की भरपायी कर सकते हैं। कोई बड़ा कार्य करने से पहले आपको उसकी प्लानिंग अच्छी तरह से कर लेनी चाहिए। सोशल मीडिया में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। धन की उधारी करने से बचना चाहिए।

**कुंभ** - आज आपको अपेक्षा के अनुसार व्यवसाय में परिणाम मिलने में कठिनाई होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धन संबंधित मामलों को लेकर चिंता हो सकती है। अनजान लोगों को धन उधार देने से बचें।

**मीन** - आज कार्यक्षेत्र में आपकी योजना सफल होगी। वैवाहिक संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। जॉब में आपको मान-सम्मान प्राप्त होगा। आज यदि किसी इन्टरव्यू में सम्मिलित हो रहे हैं तो आपको शानदार सफलता मिल सकती है। विदेश में रह रहे अप्रवासियों के लिए दिन शानदार है।

## सुडोकू -6

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | | | 2 | 9 | | |
| 7 | | 8 | | | 3 | | | |
| | 1 | | 7 | | 4 | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | | 3 | |
| | 5 | | | | | | 1 | |
| | 4 | | 2 | 8 | | | | 7 |
| 3 | 2 | | 9 | | 8 | | 6 | |
| | | | 5 | | | 2 | | 1 |
| | | 4 | 1 | | | | 8 | |

### सुडोकू - 5 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 5 | 6 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 |
| 3 | 6 | 9 | 2 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 |
| 2 | 1 | 7 | 8 | 4 | 5 | 6 | 9 | 3 |
| 1 | 7 | 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 5 | 8 |
| 6 | 5 | 8 | 3 | 1 | 2 | 4 | 7 | 9 |
| 9 | 2 | 4 | 5 | 8 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 8 | 3 | 6 | 1 |
| 8 | 3 | 1 | 7 | 6 | 4 | 9 | 2 | 5 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 8 | 4 | 7 |

## एक नजर

### तौकीर रजा के भतीजे पर फायरिंग के मामले में रिपोर्ट

**बरेली :** आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां के भतीजे फैज रजा पर फायरिंग के मामले में कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना भोजीपुरा थाने स्थानांतरित कर दी है। फैज रजा पर मंगलवार रात बिलवा पुल के पास अज्ञात लोगों ने फायरिंग कर दी थी। गोली उनकी कार में लगी थी और हादसे में वह बाल-बाल बच गए थे। वह किसी तरह मौके से अपनी जान बचाकर भागे थे। उसके बाद वह परिवार के लोगों के साथ मंगलवार की रात कोतवाली पहुंचे थे। पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

### व्यापारी के साढ़े सात लाख रुपये लेकर चालक फरार

**बरेली :** कोतवाली क्षेत्र में कमल टॉकीज के पास मंगलवार देर शाम दिल्ली के पटपड़गंज निवासी व्यापारी चिराग की कार में रखे साढ़े सात लाख रुपये लेकर दिल्ली के इंद्रा नगर निवासी चालक अजय साहनी फरार हो गया। व्यापारी अपने कारोबारी मित्र मयंक कपूर से मिलने बरेली आया था। मित्र से मिलने के बाद जब व्यापारी लौटा तो ड्राइवर गायब था और पैसे नहीं थे। व्यापारी की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### कोरोना की एक और संक्रमित मरीज मिली, संख्या हुई 4

**मुरादाबाद :** जिले में कोरोना संक्रमण बढ़ रहा है। बुधवार को एक और महिला की रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद मुरादाबाद में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या चार हो गई है। हालांकि इसमें से सभी बाहर रहते हैं। दिल्ली रोड स्थित मानसरोवर कॉलोनी निवासी महिला (31) दिल्ली के निजी अस्पताल में डॉक्टर हैं। तबीयत खराब होने पर उन्होंने दिल्ली में ही जांच कराई थी, जिसमें कोरोना संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। पिछले दिनों जांच में तीन मरीजों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई थी।

# कमरे में मिला सिपाही का शव, पत्नी और बेटी गायब

## सिर पर चोट का निशान, दंपति में अक्सर होता रहता था विवाद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सुभाषनगर थाना क्षेत्र के मढ़ीनाथ में एक किराये के मकान में कमरे में सिपाही मुकेश कुमार त्यागी का शव खून से लथपथ मिला। सिपाही के सिर में चोट के निशान थे। मौके से सिपाही की पत्नी और बेटी गायब हैं। मकान मालिक की सूचना पर पुलिस और फील्ड यूनिट ने मौके पर जांच की। पुलिस जांच में आया कि दंपति के बीच अक्सर विवाद होता था।

सुभाषनगर इंस्पेक्टर अरुण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि बुधवार दोपहर 3:30 बजे सूचना मिली कि मढ़ीनाथ चौकी के पास वीरेंद्र पाठक के मकान में किराये पर रह रहे सिपाही मुकेश कुमार त्यागी (38) की मौत हो गई है। जानकारी मिलने पर एसएसपी अनुराग आर्य, एसपी मानुष पारीक, सीओ द्वितीय अजय कुमार और फॉरेंसिक टीम ने घटना स्थल पर पहुंच कर साक्ष्य एकत्र किए। उन्होंने बताया कि मुकेश के सिर में चोट का एक गहरा घाव मिला है। संभवतः उसके कारण या अत्यधिक खून बहने के कारण सिपाही की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। सिपाही मुकेश के परिजन को पुलिस ने सूचित कर दिया है। परिजन देर रात तब बरेली पहुंच जाएंगे।



इंस्पेक्टर अरुण कुमार श्रीवास्तव से जानकारी करते एसएसपी अनुराग आर्य।



सिपाही मुकेश कुमार

- विवाद के दौरान पति-पत्नी के बीच धक्कामुक्की होने के दौरान हादसा होने की आशंका

**पत्नी का नहीं उठा फोन :** घटना के बाद पुलिस ने जब सिपाही की पत्नी को फोन से संपर्क करने का प्रयास किया तो उनका फोन रिसीव नहीं हुआ। वह घर पर भी मौजूद नहीं थीं। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि उनकी बेटी और पत्नी साथ रहती थी, लेकिन वे लोग पुलिस को नहीं मिले। जिस स्थान पर शव मिला है, उस स्थान पर आसपास भी खून के धब्बे मिले हैं। वहीं कोने पर भी खून लगा है। संभवतः उसी कोने से टकराने के कारण सिपाही का सिर फट गया होगा। ऐसा लग रहा है कि पति पत्नी के बीच विवाद हुआ होगा, जो धक्कामुक्की तक पहुंच गया होगा। धक्का लगने से सिपाही के दीवार या कोने से टकराने से चोट लगी होगी। कोने पर टाइल्स लगी है। वहां भी खून का धब्बा मिला है। फॉरेंसिक टीम ने खून का नमूना ले लिया है। यदि परिजन तहरीर देते हैं तो उसी आधार पर पुलिस कार्रवाई करेगी।

### लापरवाही बरतने पर चल रहे थे निलंबित, गैरहाजिर भी थे

2011 बैच के सिपाही मुकेश मूलरूप से संभल जिले के चंदौसी कस्बे के मारवाड़ी कैंथल गेट के निवासी थे। अत्यधिक शराब पीने और कार्य के प्रति लापरवाही बरतने पर उन्हें कुछ महीने पहले एसएसपी ने निलंबित किया था। वह पुलिस लाइन में ड्यूटी करते थे। यहां भी उनकी लापरवाही जारी रही। वह 4 जून से अनुपस्थित चल रहे थे। वह मढ़ीनाथ में पत्नी तरुणा त्यागी और बेटी परी के साथ रहते थे। मकान मालिक और आसपास के लोगों ने बताया कि सिपाही अत्यधिक शराब पीते थे, जिससे उनका पत्नी से अक्सर विवाद होता रहता था।

## छात्रा के अश्लील वीडियो वायरल कर की खुदकुशी

**रहरा(अमरोहा) :** धनौरा थाना क्षेत्र के एक युवक ने पहले छात्रा की स्वयं के साथ आपत्तिजनक स्थिति में दर्जनों अश्लील वीडियो बनाईं। सभी वीडियो वायरल की और इसके बाद फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक का रहरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पोस्ट ग्रेजुएशन की छात्रा के साथ काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवक रिश्ते में छात्रा की बहन का देवर बताया जा रहा है। बताया जा रहा कि करीब महीने से छात्रा बिजनौर जनपद के किसी दूसरे युवक से फोन पर बात करती थी। युवक को कुछ ही दिन पहले इस बात का पता लगा था। इसके बाद दोनों में विवाद भी हुआ था। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# एसआईटी ने ठगी के आरोपी भाजपा नेता और उसके भाई के घर पर मारा छापा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- घरों पर ताला मिलने के बाद दोनों के करीबियों से दो घंटे तक की पूछताछ
- 800 करोड़ के घोटाले में सबूत खंगालने पहुंची थी टीम, पुलिस भी सक्रिय

**अमृत विचार :** हजारों निवेशकों से करोड़ों रुपये की ठगी करने के मामले में फरार भाजपा नेता सूर्यकांत मौर्य और उसके भाई शशिकांत पर रिपोर्ट दर्ज होने के बाद एसआईटी सक्रिय हो गई है। एसआईटी ने बुधवार को सिंधुनगर कॉलोनी स्थित दोनों भाइयों के घरों पर छापा मारा, लेकिन घरों पर ताला लटका मिला। इसके बाद टीम ने उनके पहचान के लोगों से घंटों पूछताछ की। पुलिस भी दोनों आरोपियों को तलाश रही है। सूर्यकांत को भाजपा के महानगर मंत्री पद से हटाया जा चुका है।

अमर ज्योति यूनिवर्स निधि लिमिटेड में हजारों निवेशकों ने अपनी जमा-पूंजी जमा की है। करोड़ों रुपये के घोटाले में कंपनी के निदेशक शशिकांत मौर्य, उसके भाई सूर्यकांत, मैनेजर अमित सिंह, एजेंट सुनील बाबू मौर्य के खिलाफ बदायूं कोतवाली में 1 जून को असद अहमद ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बदायूं के थाना कोतवाली में दोनों आरोपियों के खिलाफ 400 से अधिक लोग तहरीर दे चुके हैं। घोटाले का पर्दाफाश होने के बाद दोनों भाई फरार हैं। निवेशक उनके घरों के आसपास मंडरा रहे हैं। निवेशकों के साथ हुई ठगी के बाद से एसआईटी टीम गठित की गई।

बदायूं के एसपी सिटी विजेंद्र द्विवेदी के नेतृत्व टीम ने बुधवार को भी आरोपियों के आवास पर छापा मारा, लेकिन घरों पर ताला लटका मिला। इसके बाद एसआईटी ने वहां पर मौजूद उनके करीबियों से पूछताछ की। बदायूं के निवेशकों को जैसे ही पता चला कि एसआईटी टीम पहुंची है। वैसे ही वे भी पहुंच गए। एसपी सिटी विजेंद्र द्विवेदी ने बताया कि आरोपियों की तलाश जारी है। एसआईटी घोटाले के तथ्य जुटा रही है।

# धर्म स्थलों के साथ धार्मिक शिक्षा केंद्रों की भी हो स्थापना



कूर्म शिला की स्थापना करते शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती, विहिप के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार व अन्य।

कार्यालय संवाददाता, संभल

- कल्कि धाम में कूर्म शिला स्थापना कार्यक्रम में बोले शंकराचार्य सदानंद सरस्वती

**अमृत विचार :** संभल के ऐंचोड़ा कंबोह में कल्कि धाम निर्माण के लिए मुख्य गर्भगृह में 21 फीट नीचे कूर्म शिला की स्थापना जगद्गुरु शंकराचार्य द्वारका शारदा पीठाधीश्वर स्वामी सदानंद सरस्वती और विहिप के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार की उपस्थिति में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ की गई।

शंकराचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि 18 वर्षो के संघर्ष के बाद कल्कि धाम की स्थापना आचार्य प्रमोद कृष्णम ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण सनातन समाज की सफलता है। कहा कि धर्मस्थलों के साथ ही धार्मिक शिक्षा केंद्रों की स्थापना भी की जानी चाहिए। शंकराचार्य ने मनु स्मृति की आलोचना को लेकर कहा कि शास्त्रों का अध्ययन किए बिना हम उलाहना देते हैं, उन पर आक्षेप करते हैं, यह हमारी बौद्धिक योग्यता की कमी है।

आनंद पीठाधीश्वर स्वामी बालकानंद ने कहा कल्कि धाम निर्माण से सुनिश्चित हो गया है कि अब भगवान को आना ही है। विहिप के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शिला को पूजना और शंकराचार्य द्वारा स्थापित करना इस बात की घोषणा करता है कि कोई भी बाधा इस धाम को बनने से नहीं रोक सकती। कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि धाम का निर्माण पूर्ण करना ही उनका लक्ष्य है।



आस्था

पुरी के जगन्नाथ मंदिर में सेवक स्नान बेदी पर भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा की स्नान पूर्णिमा अनुष्ठान के दौरान मौजूद पुजारी व श्रद्धालु। ● एजेंसी

# वर्ष में एक भी दुर्घटना न होने पर रोडवेज चालक होंगे सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मुख्यालय के आदेश पर आरएम ने चारों डिपो के एआरएम से मांगी चालकों की सूची

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ने सड़क सुरक्षा और सुरक्षित ड्राइविंग को बढ़ावा देने के लिए वर्ष में एक भी दुर्घटना नहीं करने वाले रोडवेज बसों के चालकों को सम्मानित करने का निर्णय लिया है। शासन के आदेश पर आरएम ने बरेली रीजन के सभी सहायक प्रबंधकों को पत्र लिखकर दुर्घटना रहित बसें चलाने वाले चालकों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

बरेली रीजन के चार डिपो बरेली, रुहेलखंड, बदायूं और पीलीभीत डिपो में एक हजार से अधिक चालक तैनात हैं। इनमें 500 से अधिक नियमित और अस्थाई ऐसे चालक हैं जो 10 वर्ष से भी ज्यादा समय से बसों को चला रहे हैं। हालांकि इनमें से अब तक 50 चालक ही दुर्घटना रहित बस चलाने वाले मिले हैं। अन्य चालक छोटा-बड़ा हादसा कर चुके हैं।

आरएम दीपक चौधरी ने बताया कि जनवरी से दिसंबर 2024 तक एक भी दुर्घटना नहीं करने वाले चालकों का आकलन करने के बाद सूची मांगी है। अब तक 48 चालकों की जानकारी लगी है। इनमें बरेली और रुहेलखंड डिपो के सर्वाधिक हैं।

## गेहूं खरीद में बरेली सबसे आगे, मुरादाबाद दूसरे नंबर पर

**बरेली :** शासन से आवंटित गेहूं खरीद का लक्ष्य भले ही पूरा नहीं हुआ हो, लेकिन खरीद में बरेली मंडल यूपी में पहले और मुरादाबाद दूसरे नंबर पर है। अधिकारी पिछले साल के मुकाबले इस बार खरीद अधिक होने का दावा कर रहे हैं। गेहूं खरीद 17 मार्च को शुरू हुई थी। गेहूं खरीद के लिए बरेली मंडल के चारों जिलों में पीयीयू, पीसीएफ समेत पांच एजेंसियों के 576 क्रय केंद्र खोले गए। खरीद 15 जून तक होनी है। विभागीय आंकड़ों में 10 जून तक मंडल में 17,581 किसानों से 4,23,500 मीट्रिक टन लक्ष्य के सापेक्ष 1,44,127 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया है।

# जिंदा महिलाओं को मृत दिखा कर बंद कर दी विधवा पेंशन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- प्रधान ने की शिकायत मिलीभगत का लगाया आरोप जांच के दिए गए आदेश

**अमृत विचार :** मझगवां ब्लॉक की ग्राम पंचायत शिवपुरी में जिंदा महिलाओं को कागजों में मृत दिखाकर विधवा पेंशन रोकने का मामला सामने आया है। गांव की महिला प्रधान भागवती देवी ने मामले की शिकायत जिला प्रोबेशन अधिकारी समेत अन्य अधिकारियों से की है। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने मामले को गंभीर बताते हुए जांच के आदेश दिए हैं।

भागवती देवी ने शिकायत में कहा है कि सचिव ने गांव के ही एक व्यक्ति से साठगांठ करते हुए गांव की जीवित विधवा महिलाओं को सत्यापन के दौरान कागजों में मृत दिखाकर उनकी पेंशन रोक दी है। प्रधान ने शिकायती पत्र में उन जीवित महिलाओं के नाम भी खोले हैं, जिन्हें कागजों में मृत दिखाया गया है। आरोप है कि सत्यापन के बाद सचिव ने सूची ब्लॉक में जमा कर दी और अनिवार्य होने के बाद भी प्रधान के हस्ताक्षर नहीं कराए गए या फिर फर्जी हस्ताक्षर किए गए। प्रधान ने कहा है कि इन महिलाओं की पेंशन न रोकी जाए और सचिव और अन्य के खिलाफ कार्रवाई हो। डीपीओ ने मामले में एडीओ शिवानी शर्मा को जांच कर रिपोर्ट देने के आदेश दिए हैं।

## पोल में आ रहे करंट की चपेट में आकर युवक की मौत

**बरेली :** महानगर कॉलोनी के पास बिजली के पोल में आ रहे करंट की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस को परिवार के लोगों ने पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर दिया। इज्जतनगर इंस्पेक्टर विजेन्द्र सिंह ने बताया कि महानगर के पास कूड़ा बीनते समय एक युवक करंट की चपेट में आ गया था। जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया था। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की पहचान थाना भुता के कंजा चकरपुर निवासी मोहन लाल पुत्र दीन दयाल के रूप में हुई।

# बदमाशों ने सर्राफ से 10 लाख के जेवर लूटे

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



सर्राफ अनोज

- कुढ़फतेगहगढ़ से दुकान बंद करके अपनी भाभी के साथ चन्दौसी लौट रहा था व्यापारी

**अमृत विचार :** दुकान बंद कर भाभी के साथ बाइक से लौट रहे सर्राफा व्यापारी को दो बाइक पर सवार पांच बदमाशों ने लूट लिया। व्यापारी के पास से दो बैगों में करीब 10 लाख रुपये के जेवर व 50 हजार रुपये की नकदी थी। पीड़ित व्यापारी ने कोतवाली में तहरीर दी है।

थाना कुढफतेगहढ के गांव बेरनी निवासी अनोज कुमार चन्दौसी के सीकरी गेट में रहते हैं। वह बड़े भाई आवास-विकास निवासी सोनू कुमार रस्तोगी के साथ कुढफतेहगढ में सर्राफे की दुकान करते हैं। बुधवार को वह सुबह दुकान पर गए। जबकि भाई अपनी पत्नी मोनिका के साथ दुकान पर पहुंचे थे। दोपहर में सोनू को चन्दौसी में कोई काम था जिसके चलते वह पत्नी को छोड़कर आ गए। शाम को अनोज कुमार दुकान बंद कर भाभी के साथ बाइक से चन्दौसी आ रहे थे। मोनिका के हाथ में दो बैगों में जेवर व 50 हजार रुपये थे। अनोज कोतवाली क्षेत्र के गांव असालतपुर जारई गांव स्थित वाटर पार्क पर पहुंचे तो पीछे से आ रही दो बाइक सवारों ने उसकी बाइक को ओवरटेक कर रोक लिया। दोनों बाइकों पर 5 लोग सवार थे जिनमें तीन लोग नकाबपोश थे। तीनों नकापपोश उतरे और तमंचा दिखाकर अनोज की भाभी मोनिका से दोनों बैग छीन लिए। इसके बाद दोनों बाइकों पर सवार चन्दौसी की ओर निकल गए। पीड़ित व्यापारी ने कोतवाली में तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली चंदौसी मोहित चौधरी ने कहा कि तहरीर मिल गई है जांच पड़ताल की जा रही है।

# लगातार बुखार, आपके कानों को कर रहा बीमार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** अगर आपको दो दिन तक लगातार तेज बुखार आ रहा है, आप मनमर्जी से दवा खरीद कर सेवन कर रहे हैं तो इससे आपकी सुनने की क्षमता पर गंभीर असर पड़ सकता है। ऐसे मरीज अगर लगातार ईयर फोन और ईयर बड का इस्तेमाल करते हैं तो उनकी सुनने की क्षमता को ज्यादा नुकसान पहुंचने की संभावना रहती है।

**बुखार करता है नस पर गंभीर हमला :** जिला अस्पताल के ईएनटी सर्जन डॉ. एलके सक्सेना के बुखार के साथ ही कोई भी संक्रमण कान की नर्व यानि नस पर अटैक करता है, जिससे नर्व में सूजन आ जाती है। इससे सुनने की क्षमता पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। ऐसा इसलिए कहा जा रहा है कि जिला अस्पताल की ओपीडी में तीन से चार ऐसे मरीज पहुंचे हैं, जिन्होंने डॉक्टर को परामर्श के दौरान स्वीकार किया कि बुखार के दौरान मनमर्जी से दवा ली, जिससे उनके कान में दिक्कत आरंभ हो गई है।



- जिला अस्पताल की कान और गला रोग की ओपीडी में हर माह आ रहे 3-4 मामले
- बुखार के दौरान अधिक देर तक ईयर फोन व बड लगाना भी बढ़ा रहा हियरिंग लॉस का खतरा

### ज्यादा देर तक न लगाएं ईयर फोन

डॉ. सक्सेना के अनुसार हर माह ओपीडी में ऐसे तीन से चार मरीज आ रहे हैं जो कि युवा हैं और बुखार के साथ ही ईयर बड का लंबे समय से उपयोग कर रहे थे, उनकी दिक्कत ज्यादा बढ़ गई। उन्होंने बताया कि हेड फोन या ईयर फोन को तेज आवाज में 20 मिनट से अधिक न लगाएं, अगर कान में किसी भी प्रकार की दिक्कत है तो डीजे, क्लब, कॉन्सर्ट आदि में ज्यादा देर न रहें, तेज आवाज वाली जगह पर इयर प्रोटेक्शन का प्रयोग करें, कान में दिक्कत होने पर ईएनटी विशेषज्ञ को दिखाएं। वहीं अच्छी क्वालिटी के ईयर फोन का उपयोग करें, लेकिन कुछ समय के लिए।

### ऐसे करें बचाव

- लंबे समय तक फोन पर बात न करें।
- ईयर फोन का प्रयोग कम से कम करें।
- महीने में एक बार कानों की जांच करवाएं।
- फोन पर काम ज्यादा है तो प्रति घंटे 10 मिनट का ब्रेक लें, ताजी हवा में जाएं।

## उत्तराखंड

# हेली सेवा में सुरक्षा मानकों से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी हेली सर्विस प्रोवाइडर्स और ऑपरेटर्स को कड़े शब्दों में स्पष्ट किया है कि हेली सेवाओं के सुरक्षा मानकों से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। साफ तौर पर कहा कि हेली सेवा लेने वाले यात्रियों के अधिकाधिक आंकड़ों से आत्ममुग्ध हुए बिना सुरक्षा मानकों को शीर्ष प्राथमिकता दी जाए।

उत्तराखंड में सेवाएं दे रहे सभी हेलीकॉप्टर सर्विस प्रोवाइडर्स तथा ऑपरेटर्स, यूकाडा, एएआईबी एवं डीजीसीए के साथ प्रदेश की हेली सर्विस सेवाओं की बुधवार को समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने गत वर्षों में हुई हेली दुर्घटनाओं के ऑडिट व निरन्तर समीक्षा के निर्देश दिए।



हेली सर्विस ऑपरेटर्स के साथ समीक्षा बैठक करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

- मुख्यमंत्री धामी ने हेली सर्विस ऑपरेटर्स को कड़े शब्दों में आगाह किया
- कहा-हादसों की ऑडिट करें चारधाम वैली में वेदर कैमरा जरूरी

कहा कि राज्य के नोडल के रूप में यात्रियों की सुरक्षा हमारा सबसे बड़ा दायित्व हैं। सीएम ने हेलीकॉप्टर की नियमित फिटनेस जांच का सख्ती से पालन, हेलीकॉप्टर टिकट बुकिंग हेतु ठोस व प्रभावी एसओपी बनाने और उच्च हिमालयी क्षेत्रों में चलने वाले हेलीकॉप्टर के इंजन के सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करने के कड़े निर्देश दिए। मौसम के कारण हेली सेवाओं में बाधाओं, मौसम की सटीक जानकारी एवं सुरक्षा के दृष्टिगत मुख्यमंत्री ने केदार वैली के साथ ही अन्य सभी चारधाम वैली में वेदर कैमरा लगाने को कहा।

उन्होंने यूकाडा को अगले 10 वर्षों के लिए हेली सेवाओं की कार्ययोजना बनाने और भविष्य में केवल डबल इंजन हेलीकॉप्टर्स संचालित करने हेतु ठोस पॉलिसी तैयार करने के निर्देश दिए।

### वैष्णो देवी मॉडल का अध्ययन करें

मुख्यमंत्री ने यूकाडा एवं सम्बन्धित स्टेकहॉल्डर्स को वैष्णो देवी में संचालित की जा रही हेली सर्विस मॉडल का अध्ययन करने और अत्यधिक अनुभवी पायलटों को ही राज्य में हेली सेवाओं में रखने के निर्देश दिए। हेली ऑपरेटर्स को यात्रियों के साथ संवेदनशील व्यवहार बनाए रखने की भी सख्त नसीहत दी ताकि दुनियाभर से आने वाले पर्यटक देवभूमि से सुखद अनुभव लेकर जाएं।

## ड्राइविंग स्कूल अटका आरटीओ-टेस्टिंग ट्रैक को स्वीकृति

**हल्द्वानी :** गौलापार में बनने वाले कुमाऊं के पहले ड्राइविंग स्कूल का पेच फिर अटक गया है। ड्राइविंग स्कूल बनाने के लिए परिवहन विभाग को 4 हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता है। लेकिन रेलवे के दावे के बाद अब एनएचएआई ने भी इस भूमि पर अपना दावा ठोंक दिया है। जिसमें एक ओर 500 फुट रेलवे की जमीन बताई जा रही है और दूसरी ओर 50 फुट एनएचएआई की जमीन है। पर्याप्त जमीन न होने से ड्राइविंग स्कूल का निर्माण लटक गया है। लेकिन आरटीओ कार्यालय और ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक वर्तमान आरटीओ कार्यालय के पास परिवहन विभाग की 1 हेक्टेयर भूमि पर बनाया जाएगा।

# परवान चढ़ा पर्यटन सीजन, कारोबारी खुश

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** सरोवर नगरी का ग्रीष्मकालीन पर्यटन सीजन परवान चढ़ने लगा है। सैलानियों के 15 जून को सर्वाधिक संख्या में पहुंचने की उम्मीद है। बुधवार को नगर के होटलों, होम स्टे व गेस्ट हाउस के अधिकांश कमरें पैक रहे। पार्किंग स्थल भी पर्यटक वाहनों से पट गईं। देर शाम तक नगर में दो हजार से अधिक पर्यटक वाहनों ने नगर में प्रवेश किया। 10 हजार से अधिक सैलानी यहां पहुंचे हैं।

स्नोव्यू, राजभवन, केव गार्डन, बॉटनिकल गार्डन, हिमालय दर्शन व हनुमानगढ़ी की सैर पर सैलानी बड़ी संख्या में पहुंचे। नौका विहार करने वाले सैलानियों का तांता लगा रहा। मालरोड भी सैलानियों से पटी नजर आई। हनुमानगढ़ी व नयना देवी मंदिर में भी सैलानी बड़ी संख्या में पहुंचे। बाजारों में खरीदारी करने वाले सैलानियों की भीड़ रही। रेस्टोरेंट भी सैलानियों से भरे रहे। हल्द्वानी, भवाली व कालाढूंगी रोड पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। खुपाताल, पंगोठ व भीमताल में सैलानी बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। जिस कारण पर्यटन कारोबारी बेहद खुश हैं।



सरोवर नगरी पहुंचे सैलानी। अमृत विचार

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 82515.14 | 25141,40 |
| बढ़त | 123.42 | 37.15 |
| प्रतिशत में | 0.15 | 0.15 |

अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, गुरुवार, 12 जून 2025

## एक नजर

### एलआईसी के सीईओ, एमडी पद के लिए नाम की सिफारिश

**नई दिल्ली।** सरकारी बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों के निदेशकों की तलाश करने वाली संस्था एफएसआईबी ने बुधवार को बीमा क्षेत्र की दिग्गज कंपनी एलआईसी के सीईओ एवं एमडी पद के लिए आर दुरईस्वामी के नाम की अनुशंसा की। वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो ने एक बयान में कहा कि एलआईसी के इन पदों के लिए चार उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया गया।

### यूनियन बैंक ने ऋण पर ब्याज दर में 0.50% की कटौती की

**नई दिल्ली।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने ऋण की ब्याज दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती की है। आरबीआई के प्रमुख नीतिगत दर रेपो में कटौती के बाद बैंक ने यह कदम उठाया है। यूनियन बैंक ने कहा कि बाह्य मानक आधारित ब्याज दर (ईबीएलआर) और रेपो आधारित ब्याज दर (आरएलएलआर) में 0.5 प्रतिशत की कटौती की है।


# वित्त वर्ष में 825 अरब डॉलर से अधिक होगा निर्यात

## उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा- गंभीर भू-राजनीतिक चुनौतियों के बीच भारत विजेता के रूप में उभरा

बर्न (स्विट्जरलैंड), एजेंसी

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि विश्व व्यापार गंभीर भू-राजनीतिक चुनौतियों का सामना कर रहा है, लेकिन भारत ऐसे समय में लगातार विजेता के रूप में उभरा है और देश का वस्तुओं एवं सेवाओं का निर्यात निश्चित रूप से 2025-26 में 825 अरब डॉलर को पार कर जाएगा।

रूस-यूक्रेन संघर्ष, इज़राइल-हमास युद्ध और लाल सागर संकट के कारण वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद देश का समग्र निर्यात 2023-24 में 778 अरब अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 2024-25 में 825 अरब अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। गोयल ने कहा कि कुछ बहुपक्षीय निकायों के अनुमान के अनुसार, वैश्विक व्यापार में संकुचन होगा। उन्होंने कहा, दुनिया गंभीर



उद्योग मंत्री पीयूष गोयल स्वीडन में बैठक के दौरान चर्चा करते हुए।

भू-राजनीतिक चुनौतियों से गुजर रही है... इसलिए यह चुनौतीपूर्ण समय है, लेकिन भारत हमेशा चुनौतीपूर्ण समय में विजेता के रूप में उभरा है। हमने 2024-25 में रिकॉर्ड 825 अरब डॉलर का निर्यात किया। इस साल हमें और बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। गत वित्त वर्ष के आंकड़े पार करने की संभावना संबंधी सवाल पर उन्होंने कहा, हम निश्चित रूप से इसे पार करने में सक्षम होंगे। भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) के अनुमान के अनुसार, देश के समग्र वस्तु एवं सेवा निर्यात के 2025-26 में सालाना आधार पर 21 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 1000 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। फियो के अध्यक्ष एस. सी. रल्हन ने कहा कि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के मद्देनजर अंतरराष्ट्रीय खरीदारों द्वारा अपने स्रोतों में विविधता लाने की चाहत के कारण यह अच्छी वृद्धि संभव हो सकी है।

यूएई, ऑस्ट्रेलिया और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) जैसे देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते भी आने वाले महीनों में निर्यात को बढ़ावा देने में मदद करेंगे। भारत-ईएफटीए व्यापार समझौता इस साल एक अक्टूबर से लागू होने की उम्मीद है। गोयल ने कहा कि कांग्रेस के समय में किए गए एफटीए अच्छे नहीं थे और इनका असर घरेलू कंपनियों पर पड़ा। मंत्री ने कहा कि उन्होंने आसियान जैसे देशों के साथ एफटीए पर हस्ताक्षर किए, जो भारत के प्रतिस्पर्धी हैं। इसके अलावा वे संतुलित नहीं थे। भारत ने उन देशों के लिए और अधिक बाजार खोले.. हालांकि उसके बदले में हमें अच्छे सौदे नहीं मिले।

### राष्ट्रीय ई-कॉमर्स, खुदरा व्यापार नीतियों पर चर्चा जारी

बर्न। पीयूष गोयल ने कहा कि प्रस्तावित राष्ट्रीय ई-कॉमर्स और खुदरा व्यापार नीतियों पर चर्चा जारी है क्योंकि दोनों एक-दूसरे से परस्पर जुड़ी हैं। उन्होंने कहा कि चूंकि ई-कॉमर्स क्षेत्र एक उभरता हुआ और तेजी से बदलता हुआ विषय है इसलिए हमने कुछ विचार सामने रखे हैं, लेकिन मुझे लगता है कि इसे और अधिक समसामयिक बनाने के लिए हमें नीति में संशोधन करना होगा जिस पर चर्चा जारी है। खुदरा व्यापार नीति पर भी चर्चा जारी है, क्योंकि ये दोनों एक-दूसरे से परस्पर जुड़ी हैं। डीपीआईआईटी ने राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड से राष्ट्रीय खुदरा व्यापार नीति तैयार करने के लिए सुझाव देने को कहा है।

# भारत में प्राकृतिक गैस की खपत 2040 तक दोगुनी से अधिक होगी

- पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड की अध्ययन रिपोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में प्राकृतिक गैस की खपत 2030 तक करीब 60 प्रतिशत बढ़ेगी और 2040 तक यह दोगुनी से अधिक हो जाएगी। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) के एक अध्ययन के अनुसार, वाहनों, खाना पकाने और औद्योगिक उद्देश्यों में प्राकृतिक गैस का ईंधन के उपयोग बढ़ना इसकी मुख्य वजह होगी।

अध्ययन में कहा गया कि प्राकृतिक गैस की खपत 2023-24 में 18.7 करोड़ मानक घनमीटर प्रति दिन से बढ़कर 2030 तक 29.7 करोड़ मानक घन मीटर प्रति दिन पर पहुंचने का अनुमान है। इसका इस्तेमाल बिजली उत्पादन, उर्वरक उत्पादन या मोटर वाहन के लिए सीएनजी में परिवर्तित करने और खाना पकाने के लिए पाइप वाली रसोई गैस (पीएनजी) के लिए होता है। 'गुड-टू-गो' परिदृश्य में मौजूदा रुझानों और प्रतिबद्धताओं के आधार पर मध्यम वृद्धि और विकास की बात कही गई है। इसी परिदृश्य के तहत 2040 तक प्राकृतिक गैस की खपत बढ़कर 49.6 करोड़ मानक घन मीटर प्रति दिन पर पहुंचने का अनुमान लगाया गया है। 'गुड-टू-बेस्ट' परिदृश्य के अंतर्गत 2030 तक खपत 36.5 करोड़ मानक घन मीटर प्रति दिन और 2040 तक 63 करोड़ मानक घन मीटर प्रति दिन तक बढ़ सकती है। 'गुड-टू-गो' परिदृश्य नरम वृद्धि की बात करता है जबकि 'गुड-टू-बेस्ट' में तेज वृद्धि को ध्यान में रखा जाता है। इसमें कहा गया, भारत की ऊर्जा मांग में वृद्धि जारी रहने के आसार हैं। प्राकृतिक गैस अन्य जीवाश्म ईंधनों की तुलना में सुविधाजनक, स्वच्छ एवं सस्ता (विकल्प) है।

# एआई से गन्ना उत्पादन में 30 प्रतिशत वृद्धि होने की संभावना

- महाराष्ट्र राज्य सहकारी चीनी कारखाना संघ लिमिटेड के निदेशक जयप्रकाश ने दी जानकारी

संभाजीनगर (महाराष्ट्र), एजेंसी

गन्ने की खेती में कृत्रिम मेधा (एआई) के इस्तेमाल से पानी की जरूरत के 50 प्रतिशत तक कम होने और प्रति एकड़ उत्पादन में करीब 30 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है। इस क्षेत्र के एक विशेषज्ञ ने बुधवार को यह बात कही।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में पुणे में महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार और पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री शरद पवार की उपस्थिति में एक बैठक हुई थी, जिसमें गन्ने की खेती में एआई के उपयोग पर चर्चा की गई थी। महाराष्ट्र राज्य सहकारी चीनी कारखाना संघ लिमिटेड के निदेशक जयप्रकाश दांडेगांवकर ने कहा, माइक्रोसॉफ्ट ने गन्ने की खेती के लिए एआई के इस्तेमाल पर लंबे समय से काम किया है और गन्ने के उत्पादन में 30 प्रतिशत की वृद्धि और पानी के इस्तेमाल (इसकी खेती में) को आधे तक कम करने का आश्वासन दिया है।

# भारत में बढ़ा सामाजिक सुरक्षा दायरा, 64.3 % पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) ने कहा है कि भारत में सामाजिक सुरक्षा दायरे में आने वाले लोगों की संख्या बढ़ी है। 2025 में यह कुल आबादी के 64.3 प्रतिशत तक पहुंच गई, जबकि 2015 में यह आंकड़ा 19 प्रतिशत था। आईएलओ के आंकड़ों के अनुसार, भारत वर्तमान में 94 करोड़ नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करता है।

इसके साथ लाभार्थियों की संख्या के मामले में भारत दुनिया में दूसरे स्थान पर है। आईएलओ के अंतर्राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन के 113वें सत्र में भाग लेने के लिए जिनेवा गये श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने बयान में कहा, यह दुनिया भर में सामाजिक सुरक्षा दायरे में सबसे तेज विस्तार है। यह 'अंत्योदय' यानी



- अंतर्राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन के 113वें सत्र में श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने दिया बयान
- कहा- यह दुनिया भर में सामाजिक सुरक्षा दायरे में सबसे तेज विस्तार

अंतिम छोड़ पर खड़े व्यक्ति को सशक्त बनाने और किसी को भी पीछे न छोड़ने के वादे को पूरा करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### भारत का एआई बाजार 2027 तक 17 अरब अमेरिकी डॉलर होगा

**नई दिल्ली।** भारत के कृत्रिम मेधा (एआई) बाजार के उसके वर्तमान आकार से तीन गुना होकर 2027 तक 17 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक हो जाने की उम्मीद है। बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) के अनुसार, ऐसा उद्यम प्रौद्योगिकी में बढ़ते निवेश, एक समृद्ध डिजिटल परिवेश और कुशल पेशेवरों के दम पर मुमकिन होगा। बीसीजी ने अपनी रिपोर्ट 'भारत की एआई छलांग : उभरती चुनौतियों पर बीसीजी परिप्रेक्ष्य' में कहा कि भारत में 6,00,000 से अधिक एआई पेशेवरों, 70 करोड़ इंटरनेट उपयोगकर्ताओं और पिछले तीन वर्ष में 2,000 से अधिक एआई स्टार्टअप के साथ एक संपन्न एआई परिवेश है।

## सेबी ने पंजीकृत मध्यस्थों के लिए अनिवार्य की नई यूपीआई भुगतान व्यवस्था

**मुंबई।** बाजार नियामक सेबी ने कहा कि उसने प्रतिभूति बाजार के भीतर वित्तीय लेनदेन की सुरक्षा और पहुंच में सुधार के लिए निवेशकों से धन एकत्र करने वाले सभी पंजीकृत मध्यस्थों के लिए नई यूपीआई भुगतान व्यवस्था को अनिवार्य कर दिया है। पंजीकृत मध्यस्थों में शेयर ब्रोकर, मर्चेंट बैंकर, डिपॉजिटरी, निवेश सलाहकार और पोर्टफोलियो प्रबंधक शामिल हैं। ये मध्यस्थ वित्तीय बाजारों में निवेशकों और विभिन्न इकाइयों के बीच कड़ी की तरह काम करते हैं। सेबी के प्रमुख तुहिन कांत पांडेय ने बताया कि यह यूपीआई भुगतान व्यवस्था एक अक्टूबर, 2025 से सक्रिय हो जाएगी।

## एसबीआई ने ग्राहक अनुभव बेहतर बनाने के लिए 13,455 नियुक्ति की

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने देशभर में अपनी शाखाओं में ग्राहकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न पदों पर 13,455 लोगों को नियुक्त किया है। एसबीआई ने बयान में कहा, इस भर्ती का उद्देश्य 35 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में रिक्त पदों को भरना है।

इसमें कहा गया, चयन प्रक्रिया फरवरी एवं मार्च 2025 में प्रारंभिक परीक्षाओं और अप्रैल, 2025 में मुख्य परीक्षाओं के साथ शुरू हुई। कठोर एवं पारदर्शी मूल्यांकन के बाद 13,455 अभ्यर्थियों को नियुक्ति के लिए चुना गया है। एसबीआई के चेयरमैन सी. एस. शेट्टी ने कहा कि बैंक के विभिन्न पदों पर करीब 18,000 लोगों की भर्ती की गई। इनमें से करीब 13,500 लिपिक, 3,000 परिवीक्षाधीन अधिकारी और स्थानीय स्तर के अधिकारी हैं। बयान के अनुसार 2,36,000 से अधिक कर्मचारियों को रोजगार देने वाला एसबीआई सार्थक रोजगार सृजन एवं बैंकिंग पेशेवरों की अगली पीढ़ी को विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है।



# अमरनाथ यात्रा के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम

## उपराज्यपाल सिन्हा ने श्रद्धालुओं से बड़ी संख्या में पवित्र गुफा में बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए आने की अपील की

श्रीनगर, एजेंसी

जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को कहा कि आगामी वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए गए हैं। सिन्हा ने श्रद्धालुओं से बड़ी संख्या में पवित्र गुफा में बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए आने की अपील की। सिन्हा ने पवित्र गुफा में प्रथम पूजा कर इस वर्ष की वार्षिक अमरनाथ यात्रा की औपचारिक शुरुआत की। सिन्हा ने कहा, प्रथम पूजा संपन्न हो गई।

मैं श्रद्धालुओं से अनुरोध करता हूं कि वे बड़ी संख्या में यात्रा के लिए आएं। यह यात्रा तीन जुलाई से शुरू होगी और नौ अगस्त को रक्षा बंधन के दिन समाप्त होगी। उन्होंने कहा कि श्राइन बोर्ड और प्रशासन ने इस वर्ष तीर्थयात्रियों के लिए सुविधाओं में



उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने पवित्र अमरनाथ गुफा में प्रथम पूजा की, जो वार्षिक अमरनाथ यात्रा की औपचारिक शुरुआत का प्रतीक है।

सुधार किया है। सिन्हा ने कहा, जम्मू कश्मीर पुलिस, सेना, सीआरएपीएफ और अन्य सीएपीएफ ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। इसलिए मुझे लगता है कि किसी को कुछ भी सोचने की जरूरत नहीं है, उन्हें आना चाहिए और बाबा का आशीर्वाद लेना चाहिए। उपराज्यपाल ने बाद में 'एक्स' पर कहा, हर हर महादेव! मैंने बाबा बर्फानी को नमन किया और पवित्र गुफा में प्रथम पूजा की, जिसके साथ वार्षिक श्री अमरनाथ जी यात्रा की औपचारिक शुरुआत हुई। बाबा अमरनाथ जी हम सभी पर अपना दिव्य आशीर्वाद बनाए रखें। उन्होंनें कहा कि जम्मू कश्मीर प्रशासन, श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड, सेना, बीआरओ, सीएपीएफ, जम्मू कश्मीर पुलिस और सभी हितधारक पूरी निष्ठा, समर्पण, आपसी सहयोग और स्पष्ट उद्देश्यों के साथ कार्य कर रहे हैं, ताकि श्रद्धालुओं की यात्रा निर्बाध, सुरक्षित और सुगम रहे। उन्होंने कहा, जम्मू कश्मीर की जनता, नागरिक समाज और सभी सेवा प्रदाताओं का अमूल्य योगदान हमेशा से अत्यंत सराहनीय रहा है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस वर्ष सुविधाओं और सेवाओं में किए गए महत्वपूर्ण सुधारों से यह यात्रा सभी श्रद्धालुओं के लिए यादगार और आध्यात्मिक रूप से अत्यंत संतोषजनक सिद्ध होगी।

### कठुआ में श्रद्धालुओं के लिए 36 निवास केंद्र बनाए

जम्मू। वार्षिक अमरनाथ यात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में करीब तीन दर्जन निवास केंद्र और छह रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (आरएफआईडी) पंजीकरण काउंटर स्थापित किये जा रहे हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस वर्ष 38 दिनों तक चलने वाली वार्षिक यात्रा तीन जुलाई को दो मार्गों - अनंतनाग जिले में 48 किलोमीटर लंबे पारंपरिक पहलगाम मार्ग और गांदरबल जिले में 14 किलोमीटर लंबे छोटे लेकिन अधिक खड़ी चढ़ाई वाले बालटाल मार्ग- से शुरू होगी। कठुआ के जिला उपायुक्त राकेश मिन्हास ने बताया, हमारा लक्ष्य लखनपुर को बहु-सुविधा केन्द्र में तब्दील करना है।

## छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ एक नक्सली कमांडर समेत दो नक्सली ढेर

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में बुधवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो नक्सली मारे गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के कुकानार थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुसगुन्ना गांव के करीब जंगल में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक महिला नक्सली समेत दो नक्सलियों को मार गिराया है। उन्होंने बताया कि मारे गए नक्सलियों में से एक की पहचान पेदारास एलओएस (लोकल ऑर्गनाइजेशन स्क्वाड) कमांडर बमन के रूप में हुई है। बमन के ऊपर पांच लाख रुपये का इनाम है। अधिकारियों ने बताया कि कुकानार क्षेत्र में नक्सली गतिविधि की खुफिया सूचना के आधार पर बुधवार को कुकानार थाने के पुलिसकर्मी और सुकमा जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान में रवाना किया गया था।

# अवसंरचना नेटवर्क जीवन सुगमता को दे रहा बढ़ावा

- प्रधानमंत्री ने कहा- 11 साल में बुनियादी ढांचे में हुए बड़े बदलाव

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि बुनियादी ढांचे में क्रांति के 11 साल हो गए हैं और भारत का तेजी से विस्तार ले रहा बुनियादी ढांचा नेटवर्क 'जीवन सुगमता' को बढ़ावा देने के साथ समृद्धि को बढ़ा रहा है। मोदी ने 'एक्स' पर कहा, बुनियादी ढांचे में क्रांति के 11 साल हो गए। बेहतरीन अवसंरचना निर्माण के साथ भारत की विकास यात्रा आगे बढ़ी है।

उन्होंने कहा कि रेलवे से लेकर राजमार्गों, बंदरगाहों से लेकर हवाई अड्डों तक, भारत का तेजी से फैल रहा बुनियादी ढांचा नेटवर्क 'जीवन सुगमता' को गति प्रदान कर रहा है और समृद्धि को बढ़ा रहा है। मोदी ने सरकार के नागरिक सहभागिता मंच से



एक 'थ्रेड' साझा किया, जिसमें पिछले 11 वर्षों में नए भारत के बुनियादी ढांचे के विकास पर प्रकाश डाला गया। 'माईजीओवीइंडिया' पर एक पोस्ट में लिखा गया, स्मार्ट सिटी। सुरक्षित सड़कें। सुगम आवागमन- नए भारत के बुनियादी ढांचे का वादा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का बुनियादी ढांचा भविष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

### पर्यटकों को आमंत्रण




श्रीनगर : पहलगाम आतंकी हमले के एक महीने से अधिक समय बाद, घाटी में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए श्रीनगर की डल झील में आयोजित शिकारा दौड़ में शिकारा वाले हिस्सा लेते हुए। एजेंसी

## एक नजर

### दिल्ली में बच्चों के झगड़े में व्यक्ति की चाकू घोंपकर हत्या

**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली के सुल्तानपुरी इलाके में बच्चों के बीच हुए झगड़े के बाद 35 वर्षीय एक व्यक्ति की उसके पड़ोसियों ने कथित तौर पर चाकू मारकर हत्या कर दी। एक अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान सुल्तानपुरी इलाके के झुग्गी निवासी मुन्ना सिंह के रूप में हुई है। जांच से पता चला कि बच्चों के बीच झगड़ा हुआ था, जिसके बाद पड़ोसियों में विवाद बढ़ गया। हाथापाई के दौरान, आरोपियों में से एक ने उस पर चाकू से हमला किया। घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### नाबालिग से दुष्कर्म, हत्या के दोषी को मौत की सजा सुनाई

**जलपाईगुड़ी।** पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले में यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पोक्सो) के मामलों की विशेष अदालत ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म कर उसकी हत्या करने के मामले में दोषी करार दिये गए व्यक्ति को मृत्यु दंड की सजा सुनाई है। न्यायाधीश ने अपने फैसले में कहा कि दोषी की अपनी बेटी की उम्र भी पीड़िता के बराबर थी और ऐसे में यह मामला दुलर्भ में दुलर्भतम अपराध की श्रेणी में आता है।

## वायनाड से प्रियंका के निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका पर समन

**कोच्चि।** केरल हाईकोर्ट ने पिछले साल वायनाड लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका पर उन्हें समन जारी किया है। प्रियंका की प्रतिद्वंद्वी रहीं भाजपा की उम्मीदवार नव्या हरिदास की याचिका सुनवाई के लिए स्वीकार करते हुए यह आदेश दिया। याचिका में हरिदास ने दावा किया है कि कांग्रेस नेता ने नामांकन पत्र में अपनी और अपने परिवार की संपत्ति का ठीक तरह से खुलासा नहीं किया और गलत सूचना उपलब्ध कराई जो आदर्श आचार संहिता के विरुद्ध तथा भ्रष्ट आचरण के समान है।

## कांग्रेस सांसद व 3 विधायकों के खिलाफ तलाशी अभियान

**बेंगलुरु।** ईडी ने कथित वाल्मीकि घोटाले के संबंध में बुधवार को कर्नाटक के बेल्लारी से कांग्रेस सांसद ई. तुकाराम व पार्टी के तीन विधायकों के खिलाफ तलाशी अभियान चलाया। तुकाराम व तीनों विधायकों के परिसरों पर पीएमएलए के प्रावधानों के तहत तलाशी की जा रही है। इनमें तुकाराम और विधायक नारा भरत रेड्डी, जेएन गणेश और एनटी श्रीनिवास से संबंधित आवास शामिल हैं। खातों से करोड़ों की धनराशि को फर्जी खातों में भेजने तथा फर्जी संस्थाओं के माध्यम से काले धन को सफेद में बदलकर चुनाव खर्च में इस्तेमाल के आरोपों के संबंध में सबूत जुटाने के उद्देश्य से चलाया गया।

### पूर्व विधायक व सहयोगी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** ईडी ने हरियाणा के पूर्व विधायक राम निवास और एचएसवीपी के पूर्व अधिकारी को धन की कथित हेराफेरी से जुड़े एक मामले में धन शोधन रोधी कानून के तहत गिरफ्तार किया है। निवास और सुनील कुमार बंसल को नौ जून को चंडीगढ़ में हिरासत में लिया गया था। निवास 2019 से 2024 के दौरान विधायक थे।

# भगवान जगन्नाथ के स्नान अनुष्ठान को देखने के लिए पुरी में लाखों लोग उमड़े

**पुरी।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और अन्य गणमान्य व्यक्तियों सहित लाखों श्रद्धालु बुधवार को 12वीं सदी के प्रसिद्ध श्री जगन्नाथ मंदिर परिसर में एक खुले पंडाल में आयोजित भगवान जगन्नाथ के पारंपरिक स्नान अनुष्ठान को देखने के लिए यहां एकत्र हुए।

श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि इस अवसर पर भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा को पारंपरिक पहंडी (शोभायात्रा) के साथ 'स्नान मंडप' (स्नान वेदी) में लाया गया। उन्होंने बताया कि तीनों को (भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा को) स्नान मंडप पर स्नान कराया जाता है, जो ग्रांड रोड के सामने स्थित एक ऊंचा स्थान है, जहां भक्तों को स्नान अनुष्ठान देखने का अवसर मिलता है। एक अधिकारी ने बताया, सबसे पहले श्री सुदर्शन को मंदिर से बाहर लाया गया



और सुबह पौने छह बजे स्नान मंडप पर ले जाया गया। इसके बाद भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ की मूर्तियों को स्नान मंडप पर ले जाया गया। पहंडी अनुष्ठान सुबह आठ बजकर 55 मिनट पर संपन्न हो गया। पुरी के सांसद संबित पात्रा के साथ मुख्यमंत्री ने उत्तर द्वार से मंदिर में प्रवेश किया और सुबह की प्रार्थना तथा पारंपरिक शोभायात्रा देखी।

## कांग्रेस ने दिग्विजय सिंह के भाई को पार्टी से निष्कासित किया

नई दिल्ली। कांग्रेस ने पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह को छह साल की अवधि के लिए निष्कासित कर दिया है। लक्ष्मण सिंह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह के छोटे भाई हैं।

उन्होंने पिछले दिनों पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां की थीं। पार्टी की अनुशासनात्मक कार्रवाई समिति के सदस्य सचिव तारिक अनवर की ओर से बुधवार को जारी विज्ञप्ति में उनके निष्कासन की जानकारी दी गई।

# न्यायिक आयोग के सामने पेश हुए पूर्व सीएम केसीआर

- कालेश्वरम परियोजना में अनियमितताओं की जांच तेज

हैदराबाद, एजेंसी

बीआरएस के अध्यक्ष और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव बुधवार को कालेश्वरम परियोजना में कथित अनियमितताओं की जांच कर रहे न्यायिक आयोग के समक्ष पेश हुए। यह सिंचाई परियोजना पिछली बीआरएस सरकार के दौरान बनाई गई थी।

चंद्रशेखर राव पूर्वाह्न करीब 11 बजे आयोग के कार्यालय पहुंचे और अपना बयान दर्ज कराने के बाद अपराह्न एक बजे वहां से चले गए। एक सदस्यीय न्यायिक आयोग का नेतृत्व उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश पी सी घोष कर रहे हैं। केसीआर की मौजूदगी के मद्देनजर बीआरएस के कई नेता और कार्यकर्ता यहां बीआरएस भवन के पास स्थित आयोग के कार्यालय के बाहर एकत्र हो गए। पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। आयोग ने अपनी जांच शुरू होने के बाद से पिछले एक वर्ष में कई इंजीनियरों और अन्य अधिकारियों, विशेषकर सिंचाई विभाग के अधिकारियों से पूछताछ की है।

## कुंभ के दौरान भगदड़ में मरने वाली संख्या छिपाई गई: राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को आरोप लगाया कि महाकुंभ के दौरान मची भगदड़ के दौरान मारे गए लोगों के आंकड़े छिपाए गए। गांधी ने दावा किया भाजपा का यही मॉडल है कि गरीबों की गिनती नहीं करनी है, ताकि जिम्मेदारी भी नहीं लेनी पड़ेगी।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में बीबीसी की एक खबर के हवाले से यह टिप्पणी की। इस खबर में दावा किया गया है कि भगदड़ में 82 लोगों की मौत हुई थी, जबकि सरकार ने केवल 37 लोगों के मारे जाने की पुष्टि की है।

## एक नजर

### इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को टी20 श्रृंखला में 3-0 से हराया

**साउथम्पटन :** वेस्टइंडीज को तीसरे टी20 मैच में 37 रन से हराकर इंग्लैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला 3-0 से जीत ली। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर इंग्लैंड ने तीन विकेट पर 248 रन बनाए। बेन डकेट ने 46 गेंद में 84 रन बनाए और पहले विकेट के लिए जैमी स्मिथ के साथ 120 रन की साझेदारी की। स्मिथ ने 26 गेंद में पांच छक्कों की मदद से 60 रन बनाये। दस ओवर के बाद इंग्लैंड का स्कोर एक विकेट पर 135 रन था। कप्तान हैरी ब्रूक (35) और जैकब बेथेल (36) ने 5.1 ओवर में 70 रन जोड़े। वेस्टइंडीज की टीम आठ विकेट पर 211 रन ही बना सकी। रोवमैन पॉवेल ने 45 गेंद में नाबाद 79 रन बनाये जबकि शाइ होप ने 27 गेंद में 45 रन जोड़े। इंग्लैंड ने वनडे श्रृंखला भी 3-0 से जीती थी।

### टी20 मुंबई फाइनल में मुंबई फाल्कंस का सामना मराठा से

**मुंबई :** श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली सोबो मुंबई फाल्कंस का सामना टी20 मुंबई लीग के फाइनल में बृहस्पतिवार को मराठा रॉयल्स मुंबई साउथ सेंट्रल से होगा। अय्यर की कप्तानी वाली टीम ने पांच में से चार मैच जीते हैं। सेमीफाइनल में इसने नमो बांद्रा ब्लास्टर्स को पांच विकेट से हराया। अय्यर सेमीफाइनल में एक ही रन बना सके लेकिन फाइनल में इस गलती को सुधारना चाहेंगे। कुछ रोज पहले ही आईपीएल फाइनल हारने वाले पंजाब किंग्स के कप्तान अय्यर खिताब जीतने को बेताब होंगे।

### आईपीएल में जीत के जश्न पर चर्चा करेगी बीसीसीआई की शीर्ष परिषद

**नई दिल्ली :** बेंगलुरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम में हुई भगदड़ की दुखद घटना के बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में जीत के जश्न के लिए मानक दिशानिर्देश तैयार करना भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की शनिवार को होने वाली 28वीं शीर्ष परिषद बैठक के एजेंडे में प्रमुख मुद्दों में शामिल होगा। इस भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गयी थी। यह घटना पिछले बुधवार को घटी थी, जब लगभग 2.5 लाख प्रशंसक अपने पसंदीदा सितारों की एक झलक पाने के लिए स्टेडियम और उसके आसपास के इलाकों में उमड़ पड़े थे।

### भारतीय टीम में कोहली की कमी खलेगी: ओली पोप

**नई दिल्ली :** इंग्लैंड के उपकप्तान ओली पोप का मानना है कि शुभमन गिल की अगुआई वाली युवा भारतीय टीम में काफी गहराई और प्रतिभा है लेकिन 20 जून से लीड्स में शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला के दौरान उसे विराट कोहली की चमक की कमी खलेगी। विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद भारत ने इस हाई-प्रोफाइल सीरीज के लिए युवा टीम का चयन किया है। पोप ने कहा यह एक युवा टीम है लेकिन इन खिलाड़ियों में बहुत गहराई और प्रतिभा है। उनके पास बहुत से अच्छे खिलाड़ी हैं। उनके नए कप्तान शुभमन गिल एक शानदार खिलाड़ी हैं। उन्हें स्लिप में खड़े होकर चहकने वाले विराट कोहली की चमक की कमी खलेगी।

# रबाडा और यानसन ने 212 रन पर ऑस्ट्रेलिया को समेटा

## विश्व टेस्ट चैंपियनशिप : दक्षिण अफ्रीका की भी खराब शुरुआत, 43 पर गिरे चार विकेट

**लंदन, एजेंसी**

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के पहले दिन बुधवार को यहां तेज गेंदबाजों कागिसो रबाडा (51 रन पर पांच विकेट) और मार्को यानसन (49 रन पर तीन विकेट) ने धारदार गेंदबाजी से ऑस्ट्रेलिया को 212 रन पर समेट दिया। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका की भी शुरुआत खराब रही। उसने भी 43 रन तक चार विकेट गंवा दिए।

मिचेल स्टार्क (10 रन पर दो विकेट) ने दोनों सलामी बल्लेबाजों ऐडन मारक्रम (00) और रेयान रिकेल्टन (16) को जल्दी पवेलियन भेजकर ऑस्ट्रेलिया को अच्छी शुरुआत दिलाई। कप्तान पैट कमिंस (14 रन पर एक विकेट) और जोश हेजलवुड (10 रन पर एक विकेट) ने भी एक-एक विकेट चटकाया। दिन का खेल खत्म होने पर डेविड बेडिंघम आठ जबकि कप्तान तेम्बा बावुमा तीन रन बनाकर खेल रहे थे। दक्षिण अफ्रीका की टीम अब भी ऑस्ट्रेलिया से 169 रन से पीछे है। ऑस्ट्रेलिया को इससे पहले ब्यू वेबस्टर (72 रन, 92 गेंद, 11 चौके) और स्टीव स्मिथ (66 रन, 112 गेंद, 10 चौके) ने पांचवें विकेट के लिए 79 रन की साझेदारी करके उस समय मुश्किल से उबारा जब टीम 67 रन पर चार विकेट गंवा चुकी थी। इन दोनों के अलावा एलेक्स कैरी (23) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए। वेबस्टर और कैरी ने छठे विकेट के लिए 46 रन की साझेदारी भी की। दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत भी खराब रही। टीम ने पहले ओवर में ही एडेन मारक्रम (00) का विकेट गंवा दिया जो मिचेल स्टार्क की गेंद को विकेटों पर खेल गए। सलामी बल्लेबाज रियान रिकेल्टन (16) ने स्टार्क और हेजलवुड पर चौके मारे। वह हालांकि स्टार्क की गेंद पर पहली स्लिप में उस्मान ख्वाजा को कैच दे बैठे। मुल्डर ने 44 गेंद में छह रन बनाने के दौरान काफी संघर्ष किया और फिर ऑस्ट्रेलिया के कप्तान कमिंस की गेंद पर बोल्ड हो गए। हेजलवुड ने ट्रिस्टन स्टब्स (02) को बोल्ड करके दक्षिण अफ्रीका का स्कोर चार विकेट पर 30 रन किया। इससे पहले आसमान में छाए बादलों के बीच दक्षिण अफ्रीका के कप्तान बावुमा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया जिसे उनके गेंदबाजों ने सही साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

ऑस्ट्रेलिया के लिए बल्ले से पहला रन मार्नस लाबुशेन (17) ने यानसेन पर पारी के चौथे ओवर में दो रन के साथ बनाया। लाबुशेन पहली बार टेस्ट क्रिकेट में पारी का आगाज कर रहे थे। रबाडा ने सातवें ओवर में उस्मान ख्वाजा को स्लिप में डेविड बेडिंघम के हाथों कैच कराके दक्षिण अफ्रीका को पहली सफलता दिलाई।


ऑस्ट्रेलिया के मिशेल स्टार्क (दाएं) दक्षिण अफ्रीका के रयान रिकेल्टन को आउट करने के बाद जश्न मनाते हुए। ● एजेंसी


**05** विकेट
कगिसो रबाडा

### ऑस्ट्रेलिया

**212/10 (56.4 ओवर)**

| | |
|---|---|
| उस्मान ख्वाजा का बेडिंघम बो रबाडा | 00 |
| मार्नस लाबुशेन का वेरेने बो यानसन | 17 |
| कैमरन ग्रीन का मारक्रम बो रबाडा | 04 |
| स्टीव स्मिथ का यानसेन बो मारक्रम | 66 |
| ट्रेविस हेड का वेरेने बो यानसन | 11 |
| बो वेबस्टर का बेडिंघम बो रबाडा | 72 |
| एलेक्स कैरी बो महाराज | 23 |
| पैट कमिंस बो रबाडा | 01 |
| मिचेल स्टार्क बो रबाडा | 01 |
| नाथन लियोन बो यानसन | 00 |
| जोश हेजलवुड नाबाद | 00 |

**गेंदबाजी :** रबाडा 15.4-5-51-5, यानसन 14-5-49-3, एनगिडी 8-0-45-0, मुल्डर 11-3-36-0, महाराज 6-0-19-1, मारक्रम 2-0-5-1

### दक्षिण अफ्रीका

**43/4 (22 ओवर)**

| | |
|---|---|
| ऐडन मारक्रम बो स्टार्क | 00 |
| रेयान रिकल्टन का ख्वाजा बो स्टार्क | 16 |
| वियान मुल्डर बो कमिंस | 06 |
| तेम्बा बावुमा खेल रहे हैं | 03 |
| ट्रिस्टन स्टब्स बो हेजलवुड | 02 |
| डेविड बेडिंघम खेल रहे हैं | 08 |

**गेंदबाजी :** स्टार्क 7-3-10-2, हेजलवुड 7-3-10-1, कमिंस 7-3-14-1, लियोन 1-0-1-0

# पुरुष हॉकी टीम की प्रो लीग में लगातार तीसरी हार

**एम्सटेलवीन (नीदरलैंड), एजेंसी**



भारतीय पुरुष हॉकी टीम का निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा तथा उसे खराब डिफेंस के कारण बुधवार को यहां एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में अर्जेंटीना के खिलाफ 3-4 से हार का सामना करना पड़ा, जो उसकी लगातार तीसरी हार है।

भारत को इससे पहले यहां ओलंपिक चैंपियन नीदरलैंड के खिलाफ 1-2 और 2-3 से हार का सामना करना पड़ा था। अर्जेंटीना ने अपने शानदार खेल से भारतीय रक्षापंक्ति की कमजोरी का खुलकर खुलासा किया। उसकी तरफ से कप्तान मटियास रे (तीसरे मिनट), लुकास मार्टिनेज (17वें मिनट), सैंटियागो तराज़ोना (34वें मिनट) और लुसियो मेंडेज़ (46वें मिनट) ने गोल करके जीत सुनिश्चित की। भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह (12वें और 33वें मिनट) और अभिषेक (42वें मिनट) ने गोल किए।

नीदरलैंड के खिलाफ लगातार दो हार के बाद भारतीय टीम ने सकारात्मक शुरुआत की और पहले क्वार्टर में गेंद पर अधिकतर समय कब्जा बनाए रखा। लेकिन अर्जेंटीना ने तीसरे मिनट में कप्तान मटियास रे के गोल की मदद से बढ़त बना ली, जो भारतीय डिफेंडर अमित रोहिदास की गलती का नतीजा था।

# जूनियर महिला टीम ने बेल्जियम को 2-1 से हराया

**एंटवर्प :** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने बेल्जियम को 2-1 से हराकर यूरोप दौरे पर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। लालथांटलुआंगी (35वां मिनट) और गीता यादव (50वां मिनट) ने भारत के लिये गोल किए। पहला हाफ गोलरहित रहा। भारत के लिए पहला गोल लालथांटलुआंगी ने पेनल्टी स्ट्रोक पर किया। बेल्जियम के लिए आखिरी क्वार्टर में वान हेलेमोंट (48वां मिनट) ने बराबरी का गोल दागा। इसके दो मिनट बाद ही हालांकि गीता ने विजयी फील्ड गोल किया। इसके बाद भारत ने आखिरी दस मिनट बेल्जियम के हमलों का जमकर सामना किया और गोल नहीं होने दिया। पहले मैच में भारत ने बेल्जियम को 3-2 से मात दी थी।

# एलओसी के गठन में बीसीसीआई कर रहा देरी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

महिला वनडे विश्व कप के आयोजन में अब ज्यादा समय नहीं बचा है लेकिन मेजबान भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने अभी तक आईसीसी की इस प्रतियोगिता के सुचारू संचालन के लिए स्थानीय आयोजन समिति (एलओसी) का गठन नहीं किया है। मार्च में हुई बीसीसीआई की शीर्ष परिषद की बैठक में एलओसी गठन का मुद्दा एजेंडे में था लेकिन उस समय कोई निर्णय नहीं लिया गया था।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने इस महीने के शुरू में 30 सितंबर से दो नवंबर तक पांच स्थानों पर खेले जाने वाले टूर्नामेंट के शुरुआती कार्यक्रम की घोषणा की थी। आईसीसी की 2027 तक होने वाली सभी प्रतियोगिताओं के लिए बीसीसीआई, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और आईसीसी की सहमति से हाइब्रिड मॉडल के अनुसार कोलंबो पाकिस्तान की भागीदारी वाले मैचों के लिए तटस्थ स्थल होगा।

**महिला वनडे विश्व कप**

- मार्च में बीसीसीआई की शीर्ष परिषद की बैठक में नहीं हो सका था फैसला
- 30 सितंबर से दो नवंबर तक पांच स्थानों पर खेले जाने की हो चुकी घोषणा



बीसीसीआई के शीर्ष अधिकारी तीन जून तक आईपीएल के आयोजन में व्यस्त थे और शीर्ष परिषद की जल्द ही बैठक होने की उम्मीद है, जिसके बाद एलओसी का गठन हो सकता है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने पीटीआई से कहा एलओसी गठित करने के लिए कोई समय सीमा नहीं है, लेकिन अगर ये चीजें पहले ही कर ली जाती तो बेहतर होता। इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में आमतौर पर आयोजन से एक साल पहले एलओसी का गठन कर लिया जाता है। यहां तक कि कार्यक्रम भी पहले से ही घोषित कर दिया जाता है ताकि प्रशंसक योजना बना सकें। उन्होंने कहा जहां तक टूर्नामेंट के आयोजन की बात है तो एलओसी मुख्य निकाय है जो भाग लेने वाली टीमों के लिए व्यवस्था करने के लिए जिम्मेदार है।

कहने की जरूरत नहीं है कि इसकी भूमिका बहुत बड़ी है। भारत 2016 के बाद पहली बार किसी महिला आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। तब उसने पुरुषों के टूर्नामेंट के साथ महिला टी20 विश्व कप का भी आयोजन किया था।

उल्लेखनीय है कि भारत में खेले गए 2023 पुरुष वनडे विश्व कप के कार्यक्रम की घोषणा को लेकर काफी देरी हुई थी। एकदिवसीय महिला विश्व कप का आयोजन चार स्थानों बेंगलुरु, गुवाहाटी, विशाखापट्टनम और इंदौर में किया जाएगा। भारत ने इससे पहले 2013 में महिला वनडे विश्व कप की मेजबानी की थी।

# भूटिया ने भारतीय फुटबॉल में आमूलचूल बदलाव की मांग की

**कोलकाता, एजेंसी**


● एशियाई कप क्वालीफायर के मुकाबलों में भारत की खराब स्थिति पर भड़के भूटिया और अन्य पूर्व खिलाड़ी

फुटबॉल के मैदान पर भारत के गिरते प्रदर्शन से नाराज करिश्माई पूर्व कप्तान बाइचुंग भूटिया ने राष्ट्रीय महासंघ पर खेल को नष्ट करने का आरोप लगाया है। उन्होंने मौजूदा प्रणाली को 'सड़ी हुई' और 'अहंकार' से भरी बताया। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) और उसके अध्यक्ष कल्याण चौबे पर भूटिया का तीखा हमला एएफसी के तीसरे दौर में निचली रैंकिंग वाली हांगकांग के खिलाफ 0-1 की चौंकाने वाली हार के एक दिन बाद आया है।

भूटिया ने पीटीआई से कहा यह देखना बहुत दुखद है कि हम अब एशिया कप के लिए भी क्वालीफाई करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं जिसके लिए हम नियमित रूप से क्वालीफाई करते रहे हैं। उज्बेकिस्तान, इंडोनेशिया और जोर्डन जैसे देश विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं और हम अब भी एशिया कप के लिए संघर्ष कर रहे हैं। बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। मंगलवार को मिली हार से भारत की 2027 एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को झटका लगा है जबकि टीम इससे पहले लगातार दो एशियाई कप में खेली थी। पूर्व भारतीय कप्तान ने चौबे के इस्तीफे और भारतीय फुटबॉल में संरचनात्मक बदलाव की मांग की। उन्होंने मैदान पर लचर प्रदर्शन और मैदान के बाहर की अराजकता को गहरी सड़न के लक्षण बताया। मौजूदा भारतीय मुख्य कोच मनोलो मारक्वेज इंडियन सुपर लीग की टीम एफसी गोवा के भी कोच हैं। उन्होंने पिछले साल जुलाई में क्रोएशियाई दिग्गज इगोर स्टिमक की जगह पदभार संभाला था। गुवाहाटी में विश्व कप क्वालीफायर में अफगानिस्तान से हार सहित कई निराशाजनक परिणामों के बाद स्टिमक को बर्खास्त कर दिया गया था।

मंगलवार हुए अहम मैच से पहले भारत ने कोलकाता में करीब तीन सप्ताह तक अभ्यास किया था लेकिन उसे विश्व रैंकिंग में अपने से 26 पायदान नीचे की टीम (भारतः 127, हांगकांगः 153) से हार का सामना करना पड़ा। इस हार से फीफा रैंकिंग में देश के 133वें स्थान पर खिसकने की संभावना है। भूटिया को सितंबर 2022 में एआईएफएफ के अध्यक्ष पद के चुनाव में चौबे ने हराया था। उन्होंने मौजूदा नेतृत्व पर निशाना साधते हुए कुप्रबंधन, भ्रष्टाचार और मनोलो की नियुक्ति सहित अहम निर्णयों में प्रमुख फुटबॉल समितियों को दरकिनार करने का आरोप लगाया। भूटिया ने कहाकल्याण चौबे ने भारतीय फुटबॉल को बर्बाद कर दिया है। चौबे को इस्तीफा देकर चले जाना चाहिए।

### ड्रेसिंग रूम का माहौल अंतिम संस्कार की जगह जैसा : कोच मनोलो



**हांगकांग :** हांगकांग के खिलाफ 0-1 की हार के बाद भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच मनोलो मारक्वेज ने कहा कि ड्रेसिंग रूम का माहौल अंतिम संस्कार के स्थल की तरह है। वह हालांकि 2027 एएफसी एशियाई कप के लिए टीम के क्वालीफाई करने की संभावनाओं को लेकर आशावादी हैं। मंगलवार को भारत ने इंजरी टाइम के पांचवें मिनट में गोल खाया, जिससे उसे हार का समना करना पड़ा। भारतीय टीम लगातार दूसरे मैच में गोल करने में नाकाम रही। इस हार से भारत की एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करने की संभावनाओं को झटका लगा है। टीम के भविष्य से जुड़े सवाल पर मनोलो ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा हम बहुत खुश नहीं हैं। हम दुखी हैं। ड्रेसिंग रूम का माहौल व्यावहारिक रूप से अंतिम संस्कार के स्थल जैसा है। लेकिन मुझे अब भी लगता है कि भारत के पास क्वालीफाई करने का मौका है। क्वालीफायर के ग्रुप विजेताओं को ही सऊदी अरब में होने वाले 2027 एएफसी एशियाई कप में जगह मिलेगी इसलिए भारत की आगे की राह आसान नहीं होने वाली। भारत के पास ग्रुप सी में दो मैच में से सिर्फ एक अंक है। मनोलो ने कहा हम अच्छे दौर में नहीं हैं। स्कोर के मामले में, हमारे लिए गोल करना मुश्किल हो रहा है। लेकिन यह सच है कि टीम ने अन्य मुकाबलों की तुलना में अधिक व्यवस्थित तरीके से खेला। यह सच है। लेकिन दुर्भाग्य से, हम यहां कोई अंक नहीं ले पाए।

# पूरन न्यूयॉर्क टीम के कप्तान बने

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने वाले वेस्टइंडीज के स्टार बल्लेबाज निकोलस पूरन को मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के आगामी सत्र के लिए एमआई न्यूयॉर्क का कप्तान बनाया गया है। 29 वर्ष के पूरन ने मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से विदा ली थी। एमएलसी का पहला सत्र जीतने वाली टीम ने एक्स पर लिखा हमारी टीम का नया कमांडर होगा कप्तान निकोलस पूरन। आईपीएल में मुंबई इंडियंस की मालिक रिलायंस इंडस्ट्रीज की टीम ने लिखा बायें हाथ के विकेटकीपर बल्लेबाज दुनिया के सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में से है। अपने कैरियर के शिखर पर बैठे पूरन टीम को अपनी कप्तानी से नयी ऊंचाइयों तक ले जायेंगे। पूरन ने 2023 एमएलसी सत्र में 388 रन बनाये थे। तीसरा सत्र बृहस्पतिवार से शुरू होगा। एमआई न्यूयॉर्क में क्विंटोन डिकॉक, कीरान पोलार्ड और राशिद खान जैसे सितारे भी हैं। वेस्टइंडीज के लिए 106 टी20 मैच खेल चुके पूरन ने 136.39 की स्ट्राइक रेट से 2275 रन बनाये हैं। उन्होंने 61 वनडे खेलकर 99.15 की स्ट्राइक रेट से 1983 रन बनाये हैं। पूरन ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के लिये इंडियन प्रीमियर लीग का पूरा सत्र खेलने के बाद इंग्लैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिये खुद को कैरेबियाई टीम में चयन से बाहर रखा था। विश्व कप 2023 क्वालीफायर से वेस्टइंडीज के बाहर होने के बाद से उन्होने वनडे क्रिकेट नहीं खेला है। वेस्टइंडीज के लिए उन्होंने आखिरी मैच दिसंबर 2024 में बांग्लादेश के खिलाफ खेला था।


निकोलस पूरन। ● एजेंसी

# टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में तिलक पहुंचे तीसरे स्थान पर

**दुबई, एजेंसी**

भारत के तिलक वर्मा बुधवार को जारी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में एक स्थान के फायदे से तीसरे स्थान पर हैं जबकि स्पिनर वरुण चक्रवर्ती और रवि बिश्नोई गेंदबाजी रैंकिंग में क्रमशः तीसरे और सातवें स्थान पर बने हुए हैं।

तिलक के 804 रेटिंग अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर मौजूद हमवतन अभिषेक शर्मा से पीछे हैं। ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार हैं। भारत के सूर्यकुमार यादव एक स्थान के नुकसान से छठे स्थान के साथ शीर्ष 10 में शामिल हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में चक्रवर्ती (706) और बिश्नोई (674) के अलावा बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह (653) भी शीर्ष 10 में शामिल भारतीय गेंदबाज हैं। हार्दिक पंड्या 252 रेटिंग अंक के साथ ऑलराउंडर की सूची में शीर्ष पर हैं। इंग्लैंड के आदिल राशिद गेंदबाजी रैंकिंग में एक स्थान के फायदे से दूसरे पायदान पर हैं। राशिद के 710 अंक हैं और वह शीर्ष पर चल रहे न्यूजीलैंड के जैकब डफी (723) से सिर्फ 13 अंक पीछे हैं।

# ब्राजील ने विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया

**साओ पाउलो, एजेंसी**

विनिशियस जूनियर के गोल के दम पर ब्राजील ने पराग्वे को 1-0 से हराकर विश्व कप फुटबॉल 2026 में जगह बनाई और कोच कार्लो एंसेलोट्टी के लिए ब्राजील में पदार्पण के साथ मिली जीत की खुशी दुगुनी हो गई।

रीयाल मैड्रिड के स्टार रहे विनिशियस ने मैच में एकमात्र गोल दागा। वहीं कोलंबिया से 1-1 से ड्रॉ खेलने वाली गत चैम्पियन अर्जेंटीना ने भी अगले साल अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले फुटबॉल के महासमर में जगह पक्की की। ब्राजील अंकतालिका में अर्जेंटीना से दस अंक पीछे दूसरे स्थान पर रहा। अभी दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग दौर के दो मैच बाकी हैं। दक्षिण अमेरिका से शीर्ष छह टीमों को 48 टीमों के विश्व कप में जगह मिलेगी। ब्राजील सातवें नंबर की टीम से छह से अधिक अंक से आगे है। चिली को बोलिविया ने 2-0 से हराया जिससे वह लगातार तीसरी बार विश्व कप से बाहर रहेगा। उरूग्वे ने वेनेजुएला को 2.0 से मात दी और अब उसके 24 अंक हो गए हैं। वेनेजुएला के 18 और बोलिविया के 19 अंक है और सातवें स्थान के लिये दोनों में होड़ है चूंकि उस टीम को अंतर महाद्वीपीय प्लेआफ खेलने का मौका मिलेगा। लियोनेल मेस्सी की अर्जेंटीना को ब्यूनस आयर्स में हुए मुकाबले में कोलंबिया ने ड्रॉ पर रोका। लुईस डियाज ने कोलंबिया के लिये 24वें मिनट में पहला गोल किया। जूलियन अल्वारेज ने 81वें मिनट में बराबरी का गोल दागा। एंजो फर्नांडिस को 70वें मिनट में लाल कार्ड दिखाए जाने से स्टेडियम में जमा 80000 से अधिक दर्शकों को निराशा हुई।


ब्राजील के मार्टिनेली (बीच में) पराग्वे के खिलाफ गोल करने का प्रयास करते हुए। ● एजेंसी

### आस्ट्रेलिया ने सउदी अरब पर 2-1 से जीत दर्ज कर स्थान पक्का किया

**मेलबर्न :** कोनोर मेटकाफे ने आस्ट्रेलिया के लिए पहला गोल किया और सउदी अरब पर 2-1 से जीत के साथ टीम को लगातार छठी बार विश्व कप में जगह दिलवाने में सूत्रधार की भूमिका निभाई। मिचेल ड्यूक ने दूसरा गोल किया। आस्ट्रेलिया को विश्व कप में सीधे जगह बनाने के लिए पांच गोल के अंतर से हार टालनी थी। मेटकाफे ने हाफटाइम से ठीक पहले गोल दागा जबकि ड्यूक ने 48वें मिनट में हेडर लगाया। सउदी अरब के लिये 19वें मिनट में अब्दुल रहमान अल ओबुद ने गोल किया था। आस्ट्रेलिया के लिये सौवां मैच खेल रहे गोलकीपर मैट रियान ने पांच गोल बचाये जिनमें आखिरी क्षणों में मिली पेनल्टी भी थी। इससे पहले जापान ने इंडोनेशिया को 6.0 से मात देकर लगातार आठवीं बार विश्व कप में जगह बनाई।

युद्धाभ्यास



उत्तरी अरब सागर में पैसेज अभ्यास के दौरान भारतीय नौसेना का आईएनएस तबर। यूके कैरियर स्ट्राइक ग्रुप एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स और एचएमएस रिचमंड ने भी इस अभ्यास में भाग लिया। एजेंसी

## इंसानों से भी ज्यादा तेजी से जवाब

# एआई चैटबॉट इतना हाजिरजवाब कैसे

दुनियाभर में ज्यादा से ज्यादा लोग चैटजीपीटी समेत विभिन्न एआई चैटबॉट पर बातचीत करके समय बिता रहे हैं। ऐसे में इनपर मानसिक स्वास्थ्य के लिहाज से बातचीत होना स्वाभाविक हो गया है। इस मामले में कुछ लोगों के अनुभव सकारात्मक रहे हैं, जिनके लिए एआई एक सस्ते थैरेपिस्ट की तरह काम करता है लेकिन एआई थैरेपिस्ट नहीं है। वे होशियार और लोगों में जुड़ाव महसूस कराने वाले तो होते हैं, लेकिन वे मनुष्यों की तरह नहीं सोच पाते। चैटजीपीटी और अन्य जनरेटिव एआई मॉडलों ने इंटरनेट पर मौजूद कंटेंट को पढ़कर-समझकर बातचीत करना सीखा है। जब कोई व्यक्ति एक प्रश्न (जिसे प्रॉम्प्ट कहा जाता है) पूछता है, जैसे- मैं तनावपूर्ण कामकाजी बैठक के दौरान कैसे शांत रह सकता हूं, तो एआई अपने आप शब्दों का चयन करके प्रतिक्रिया तैयार करता है। वह अपने प्रशिक्षण के दौरान इन शब्दों से परिचित होता है। यह सब इतनी तेजी से होता है, साथ ही जवाब इतने प्रासंगिक होते हैं कि ऐसा लगता है जैसे आप किसी व्यक्ति से बात कर रहे हों।



### ये चाटुकार भी है...

एआई सिस्टम दोस्तों की तरह है जो आपकी कही बातों की पुष्टि करते हैं। इसे हां में हां मिलाना भी कह सकते हैं। ऐसे में यह एक समस्या है जिसे चाटुकारिता के रूप में जाना जाता है। एआई सिस्टम बातचीत को उन विषयों की ओर मोड़ते हैं जिन पर आप पहले ही चर्चा कर चुके हैं।

### भ्रमित भी होता है

एआई की स्मृति में पुरानी जानकारियां भी हो सकती हैं। यही कारण है कि एआई मॉडल भ्रम की स्थिति में आ जाते हैं और विवरण गलत हो जाते हैं।

### ऐसे जुटाता है जानकारियां

**पुराना ज्ञान** एआई भाषा मॉडल विकसित करने के लिए, डेवलपर्स मॉडल को प्रशिक्षण नामक प्रक्रिया के दौरान सूचना हासिल करना सिखाते हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि यह जानकारी कहां से आती है। मोटे तौर पर कहें तो, ये इंटरनेट पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कोई भी जानकारी जुटाते हैं। इसमें अकादमिक पेपर, ई-बुक, रिपोर्ट, समाचार लेख, ब्लॉग, यूट्यूब ट्रांसक्रिप्ट या रेडिट जैसे कंटेंट प्लेटफॉर्म से मिली जानकारियां हो सकती हैं। इस बीच यह सवाल भी उठता है कि क्या ये स्रोत विश्वसनीय होते हैं। इसका जवाब है कि कभी-कभी ये स्रोत विश्वसनीय होते हैं।

**बाहरी स्रोत** एआई डेवलपर्स चैटबॉट को बाहरी उपकरणों या ज्ञान स्रोतों से जोड़ सकते हैं, जैसे कुछ खोजने के लिए गूगल या क्यूरेटेड डेटाबेस। जब आप माइक्रोसॉफ्ट के बिंग कोपायलट से कोई प्रश्न पूछते हैं और उत्तर में क्रमांकित संदर्भ देखते हैं, तो यह बताता है कि एआई ने अपनी मेमोरी में संग्रहीत जानकारी के अतिरिक्त बाहरी उपकरण के जरिए जानकारी प्राप्त की है। इस बीच, कुछ विशेष मानसिक स्वास्थ्य चैटबॉट की थेरेपी गाइड और कंटेंट तक पहुंच होती है, जो बातचीत में मददगार साबित होते हैं।

**पहले से उपलब्ध जानकारी** एआई प्लेटफॉर्म के पास उस जानकारी तक भी पहुंच होती है जो आपने पहले उससे हुई बातचीत के दौरान प्लेटफॉर्म पर साइन अप करते समय दी थी। उदाहरण के लिए, जब आप साथी एआई प्लेटफॉर्म रेप्लिका के लिए पंजीकरण करते हैं, तो यह आपका नाम, उपनाम, आयु, लिंग, आईपी एड्रेस और लोकेशन, आप किस प्रकार का उपकरण उपयोग कर रहे हैं, और बहुत कुछ।

## एक नजर

### महिला की हत्या के दोषी को नाइट्रोजन गैस से मृत्युदंड

**एटमोर (अलबामा)।** अमेरिका के अलबामा में एक महिला को पीट-पीट कर मार डालने के जुर्म में दोषी ठहराए गए व्यक्ति को मंगलवार शाम नाइट्रोजन गैस के जरिए मृत्युदंड दिया गया। यह अमेरिका में नाइट्रोजन गैस से मौत की सजा का छठा मामला है। अधिकारियों ने बताया कि ग्रेगरी हंट नामक व्यक्ति को शाम छह बजकर 26 मिनट पर साउथ अलबामा की जेल में मृत घोषित कर दिया गया। ग्रेगरी हंट को कैरेन लेन नामक 32 वर्षीय महिला की हत्या के लिए मृत्युदंड की सजा सुनाई गई थी। कैरेन लेन की दो अगस्त 1988 को हत्या कर दी गई थी। वह वॉकर काउंटी में कॉर्डोवा अपार्टमेंट में एक अन्य महिला के साथ रहती थी।

### लाहौर से रूस तक पहली मालगाड़ी सेवा की शुरुआत

**लाहौर।** पाकिस्तान 22 जून को अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण गलियारा (आईएनएसटीसी) के जरिए लाहौर से रूस तक अपनी पहली मालगाड़ी सेवा का उद्घाटन करने जा रहा है, जो क्षेत्रीय संपर्क और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार विस्तार के लिए देश की प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम है। रेल मंत्री मुहम्मद हनीफ अब्बासी ने बताया कि नयी मालगाड़ी सेवा पाकिस्तान रेलवे को आधुनिक बनाने और विस्तारित रसद संचालन के माध्यम से राजस्व बढ़ाने की एक व्यापक पहल का हिस्सा है।

### नेपाल में आभूषण तस्करी में चार भारतीय गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल में आभूषणों के अवैध व्यापार में चार भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया गया। नेपाल पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर काठमांडू के मध्य न्यू रोड पर आरोपियों की 'मुन्ना जेम्स एंड ज्वैलर्स' पर छापा मारा। आरोपियों की पहचान हरिबोर शेख (43), सुरजीत दास (39), तमोल सद्र (40) और 16 वर्षीय एक किशोर के रूप में हुई है। ये सभी कोलकाता हैं और काठमांडू में रह रहे थे। इनके पास से दो करोड़ से अधिक मूल्य के सोने के आभूषण, हीरे और अन्य कीमती पत्थर बरामद किए गए हैं।

### अर्जेंटीना के पूर्व राष्ट्रपति की जेल की सजा बरकरार

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना के सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व राष्ट्रपति क्रिस्टीना फर्नांडीज की भ्रष्टाचार के जुर्म में छह साल की जेल की सजा बरकरार रखी। उन्हें सार्वजनिक पद के लिए अयोग्य भी घोषित कर दिया गया है। पेरोनिज्म विचारधारा की प्रमुख नेता फर्नांडीज दो दशकों में अर्जेंटीना की सबसे प्रभावशाली राजनीतिक शख्सियतों में रही हैं। अदालत के निर्णय के बाद उन पर गिरफ्तारी की तलवार भी लटक रही है। फर्नांडीज ने 2007 में पति नेस्टर किर्चनर के बाद देश की बागडोर संभाली थी।

# पूरे अमेरिका में प्रदर्शन की तैयारी लॉस एंजिलिस में लगाया कर्फ्यू

## कैलिफोर्निया के गवर्नर ने ट्रंप पर लगाया लोकतंत्र की जड़ पर चोट का आरोप

लॉस एंजिलिस, एजेंसी

- सिएटल, ऑस्टिन, शिकागो और वाशिंगटन डीसी तक प्रदर्शन 20 लोगों को किया गिरफ्तार

आव्रजन छापों के खिलाफ शुरू हुए प्रदर्शनों का दायरा अब पूरे अमेरिका में फैल रहा है। इस सप्ताहांत और प्रदर्शन करने की योजना बनाई गई है। इस बीच लॉस एंजिलिस में कर्फ्यू लगा दिया गया है। कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने राष्ट्रपति ट्रंप को अमेरिकी जीवनशैली के लिए खतरा बताते हुए लॉस एंजिलिस में संघीय सैन्य हस्तक्षेप को देश के लोकतंत्र के मूल में स्थित राजनीतिक सांस्कृतिक मानदंडों को उलटने के व्यापक प्रयास की शुरुआत बताया है।

कर्फ्यू के पहले दिन 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया। सिएटल और ऑस्टिन से लेकर शिकागो और वाशिंगटन डीसी तक प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी की। वे आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन एजेंसी के खिलाफ बैनर लिए हुए थे। उन्होंने शहर के मुख्य मार्गों और संघीय कार्यालयों के बाहर यातायात को बाधित किया। कई प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहे, लेकिन कुछ जगह प्रदर्शनकारियों की कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ झड़पें हुईं, क्योंकि अधिकारियों ने गिरफ्तारियां कीं और भीड़ को तितर-बितर करने के लिए रासायनिक पदार्थों का प्रयोग किया।

कार्यकर्ता आने वाले दिनों में और भी बड़े प्रदर्शनों की योजना बना रहे हैं। शनिवार को देश भर में 'नो किंग्स' कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और यह उस दिन किए जाएंगे जब वाशिंगटन में ट्रंप की सैन्य परेड प्रस्तावित है। ट्रंप प्रशासन ने कहा कि वह विरोध प्रदर्शनों के बावजूद आव्रजन संबंधी छापेमारी और निर्वासन का अपना कार्यक्रम जारी रखेगा। आंतरिक सुरक्षा मंत्री क्रिस्टी नोएम ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, आईसीई कानून को लागू करना जारी रखेगी। इस बीच लॉस एंजिलिस की मेयर कैरेन बास ने मंगलवार को शहर के मुख्य क्षेत्र में तोड़फोड़ और लूटपाट को रोकने के लिए कर्फ्यू लगा दिया।



लॉस एंजिलिस में एक प्रदर्शनकारी को गिरफ्तार करते कानून प्रवर्तन अधिकारी।

### ट्रंप ने विद्रोह अधिनियम लागू करने का विकल्प खुला रखा

ट्रंप ने विद्रोह अधिनियम लागू करने की संभावना को खुला छोड़ दिया है, जो राष्ट्रपति को विद्रोह या घरेलू हिंसा को दबाने या कुछ स्थितियों में कानून लागू करने के लिए अमेरिका के अंदर सैन्य बलों को तैनात करने का अधिकार देता है। ट्रंप ने ओवल ऑफिस में कहा, अगर कोई विद्रोह होता है तो मैं निश्चित रूप से इस कानून को लागू करूंगा। बाद में राष्ट्रपति ने फोर्ट ब्रैग में अमेरिकी सेना की 250वीं वर्षगांठ पर दिए गए भाषण में प्रदर्शनकारियों को जानवर और विदेशी दुश्मन कहा।

ट्रंप की आव्रजन कार्रवाई के खिलाफ जमा हुए सैकड़ों प्रदर्शनकारियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए घुड़सवार पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। इस दौरान 'नेशनल गार्ड' भी तैनात रहे लेकिन वे लोगों को गिरफ्तार करने में शामिल नहीं हुए। कुछ घंटों बाद, बहुत से प्रदर्शनकारी तितर-बितर हो गए, हालांकि छिटपुट झड़पें जारी रहीं जो पिछली रातों की तुलना में बहुत कम थीं। बास ने कहा कि उन्होंने स्थानीय आपातकाल की घोषणा कर दी है और कर्फ्यू मंगलवार रात आठ बजे से बुधवार सुबह छह बजे तक लागू रहेगा।

# विदेश मंत्रालय ने अमेरिका के समक्ष उठाया भारतीय छात्र से बदसलूकी का मामला

नई दिल्ली, एजेंसी



- अधिकारियों ने कहा, बिना वैध वीजा के अवैध तरीके से अमेरिका गया था छात्र

भारत ने नेवार्क हवाई अड्डे पर एक भारतीय युवक को हथकड़ी पहनाए जाने और उसके साथ कथित तौर पर अपराधी जैसा व्यवहार किए जाने की घटना को अमेरिका के समक्ष उठाया है।

आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक न्यूयॉर्क में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने पता लगाया है कि हरियाणा निवासी युवक ने बिना वैध वीजा के अवैध तरीके से अमेरिका में प्रवेश किया था और उसे एक अदालत के आदेश के अनुसार वापस भारत भेजा जा रहा है। विदेश मंत्रालय ने नयी दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास के समक्ष इस मामले को उठाया।

सामने आए एक वीडियो में नेवार्क हवाई अड्डे पर अमेरिकी अधिकारियों द्वारा भारतीय युवक को हाथ पीछे बांधकर जमीन पर पेट के बल लिटाते हुए देखा जा सकता है। सूत्रों ने बताया कि वाशिंगटन डीसी में भारतीय दूतावास और न्यूयॉर्क में भारतीय वाणिज्य दूतावास मामले की जानकारी जुटाने के लिए अमेरिकी अधिकारियों के संपर्क में हैं। उन्होंने कहा कि नेवार्क में प्रवेश करते समय युवक का व्यवहार यात्रा के लिए अनुकूल नहीं पाए जाने पर उसे रोका गया और एक चिकित्सा केंद्र में भर्ती कराया गया।

जैसे ही वह यात्रा के लिहाज से दुरुस्त पाया जाता है उसे भारत निर्वासित किया जाएगा। सूत्रों ने पहले कहा था, अभी तक इस घटना या उन परिस्थितियों के बारे में कोई विवरण नहीं मिला है, जिसके तहत उसे रोका गया।

### कश्मीरी गायक उस्ताद गुलाम नबी शाह का निधन

**श्रीनगर।** 'हमली बुलबुल' के नाम से मशहूर जाने-माने कश्मीरी गायक उस्ताद गुलाम नबी शाह का बुधवार को निधन हो गया। शाह ने बारामूला के डांगीवाचा रफियाबाद स्थित पैतृक आवास पर अंतिम सांस ली। उस्ताद ने सूचना विभाग में तीन दशक से अधिक समय तक सेवाएं दीं और कश्मीरी संगीत को ऊंचाइयों पर पहुंचाया। शाह पारंपरिक कश्मीरी लोक नृत्य शैली बाचा नगमा में महारत के लिए भी जाने जाते थे। कश्मीरी लोक संगीत को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान के लिए शाह को 2011 में प्रतिष्ठित शेर-ए-कश्मीर शेख मोहम्मद अब्दुल्ला पुरस्कार दिया गया था।

### शेंगेन वीजा मामले में फ्रांसीसी दूतावास के अधिकारी के खिलाफ आरोपपत्र

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने फ्रांसीसी दूतावास के वीजा विभाग के विधि अधिकारी शुभम शौकीन, उसके परिवार के तीन सदस्यों और चार अन्य के खिलाफ पंजाब के आवेदकों के लिए भारी धनराशि के एवज में 'शेंगेन वीजा' की व्यवस्था करने के आरोप में आरोपपत्र दायर किया है।

सीबीआई शौकीन की तलाश में जुटी है, जिसके बारे में माना जा रहा है कि वह देश से बाहर भाग गया है। जांच एजेंसी ने पाया कि शौकीन ने एजेंट के एक नेटवर्क के माध्यम से 'शेंगेन वीजा' पाने के इच्छुक पंजाब के आवेदकों की जानकारी जुटाई और उनसे यात्रा दस्तावेजों के एवज में भारी भरकम धनराशि वसूली। सीबीआई ने आरोप लगाया है, वीजा एजेंट का एक नेटवर्क, जिनमें से ज्यादातर पंजाब में स्थित हैं, प्रत्येक वीजा आवेदक से 13 लाख रुपये से लेकर 45 लाख रुपये तक लेता था।

# आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अमेरिका ने भारत के लिए मजबूत समर्थन जताया

न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के विदेश विभाग ने कहा कि पिछले सप्ताह भारतीय सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल की यात्रा के दौरान अमेरिका ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई और द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी के लिए अपने मजबूत समर्थन की पुष्टि की।

कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल ने पिछले सप्ताह वाशिंगटन में अमेरिकी उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लैंडौ से मुलाकात की। विदेश विभाग के प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने मंगलवार को एक प्रेस वार्ता में कहा कि लैंडौ ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई और दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी में भारत को अमेरिका के मजबूत समर्थन की पुष्टि की। ऑपरेशन सिंदूर के बाद वैश्विक संपर्क प्रयासों के तहत प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिका का दौरा किया।

भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादी हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। ब्रूस ने कहा कि बिलावल भुट्टो जरदारी के नेतृत्व में एक पाकिस्तानी संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने पिछले सप्ताह वाशिंगटन की अपनी यात्रा के दौरान विदेश विभाग के अधिकारियों से मुलाकात की, जिसमें राजनीतिक मामलों की अवर सचिव एलिसन हुकर भी शामिल थीं। हुकर ने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष की समाप्ति के लिए अमेरिका के समर्थन को दोहराया।

### पाकिस्तान आतंकवाद से मुकाबले में महत्वपूर्ण सहयोगी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना की सेंट्रल कमान के कमांडर जनरल माइकल उरिल्ला ने वैश्विक आतंकवाद से मुकाबले में पाकिस्तान को एक महत्वपूर्ण सहयोगी करार देते हुए कहा है कि अमेरिकी सरकार को दक्षिण एशिया में भारत और पाकिस्तान दोनों के साथ रणनीतिक संबंध बरकरार रखने चाहिए। जनरल उरिल्ला ने संसद की सशस्त्र सेना संबंधी समिति के समक्ष अपने बयान में कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद रोधी दुनिया में एक जबरदस्त सहयोगी है। उन्होंने आतंकवादी संगठन आईएसआईएस खुरासान के कई बड़े सरगनाओं के खिलाफ कार्रवाई में पाकिस्तान की मदद का उल्लेख किया। कहा, अमेरिका को दक्षिण एशिया की अपनी नीति में यह नहीं सोचना चाहिए कि एक देश के साथ बेहतर संबंध का मतलब दूसरे देश के संबंध बिगाड़ना है।

## 20 से 28 डिग्री के बीच रहेगा एसी का तापमान

**नई दिल्ली।** देश में ऊर्जा दक्षता में सुधार के लिए एसी के डिफॉल्ट तापमान को 20 से 28 डिग्री सेल्सियस के बीच मानकीकृत करने के लिए ऊर्जा दक्षता ब्यूरो रूपरेखा तैयार कर रहा है।

विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत आने वाला ब्यूरो ऊर्जा-कुशल प्रक्रियाओं, उपकरणों व प्रणालियों के इस्तेमाल को बढ़ावा देता है। एक अधिकारी ने बताया कि इस विषय पर चर्चा जारी है, लेकिन तापमान की सटीक सीमा पर अभी तक कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने मंगलवार को कहा था कि सरकार एसी के तापमान को मानकीकृत करने के विषय पर उपकरण विनिर्माताओं तथा राज्यों के साथ बातचीत कर रही है।

# ट्रंप से विवाद में बैकफुट पर आए एलन मस्क

वाशिंगटन, एजेंसी

- ट्रंप के खिलाफ अपनी सोशल मीडिया पोस्ट पर खेद जताया

अरबपति एलन मस्क ने बुधवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ विवाद से पीछे हटते हुए कहा कि उन्हें सोशल मीडिया पर की गई अपनी पोस्ट पर खेद है, जिसके कारण बात बहुत आगे बढ़ गई थी।

मस्क ने बुधवार सुबह पोस्ट किया, मुझे पिछले सप्ताह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बारे में अपने कुछ पोस्ट पर पछतावा है। राष्ट्रपति के साथ विवाद के कारण मस्क की कंपनियों पर पड़ने वाले प्रभावों को लेकर चिंताएं जताई गई थीं। एक प्रमुख सरकारी ठेकेदार के रूप में मस्क को प्रतिशोध की कार्रवाई पर व्यावसायिक रूप से नुकसान उठाना पड़ सकता है। ट्रंप पहले ही मस्क के अनुबंधों में कटौती करने की धमकी दे चुके हैं।

मस्क ने इससे पहले एक पोस्ट हटा दी थी, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि सरकार नाबालिग बच्चों के यौन उत्पीड़न का आरोपी जेफरी एपस्टीन के साथ राष्ट्रपति के संबंधों के बारे में जानकारी छिपा रही है। इस बीच ट्रंप को परेशान करने वाले अन्य पोस्ट में मस्क ने खर्च संबंधी विधेयक को 'घृणित' करार देते हुए उनकी चुनावी जीत का श्रेय लिया। ट्रंप ने एनबीसी की क्रिस्टन वेल्कर से कहा कि वह रिश्ते सुधारने की कोई इच्छा नहीं रखते हैं और चेतावनी दी कि यदि मस्क आगामी चुनावों में डेमोक्रेट्स की मदद करने की कोशिश करते हैं तो उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं।

## रूस ने 1,212 यूक्रेनी सैनिकों के शव लौटाए 27 शव प्राप्त किए

**मॉस्को।** रूस ने पूर्वी मोर्चे पर युद्ध के दौरान मारे गए 1,212 यूक्रेनी सैनिकों के शव बुधवार को लौटा दिए और बदले में यूक्रेन से 27 शव प्राप्त किए।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सहयोगी व्लादिमीर मेडिंस्की ने अपने टेलीग्राम चैनल पर लिखा, इस्तांबुल समझौते के अनुसार सैनिकों के शवों को भेजना शुरू हो गया है। दो जून को इस्तांबुल में वार्ता के दौरान रूसी वार्ताकार मेडिंस्की ने बिना शर्त 6,000 शवों को यूक्रेन को सौंपने की पेशकश की थी और मारे गए रूसी सैनिकों के शव को स्वीकार करने के लिए तत्परता जताई थी। रूस और यूक्रेन ने इस्तांबुल में बनी सहमति के अनुसार 25 वर्ष से कम आयु के युद्धबंदियों के दो समूहों की अदला-बदली भी की है।

# शुल्क पर अनुकूल फैसला ट्रंप ने कहा- ये बड़ी जीत

वाशिंगटन, एजेंसी

- नागरिकता संशोधन अधिनियम के प्रावधानों को दी थी चुनौती

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को व्यापक शुल्क नीति पर संघीय अपीलीय अदालत द्वारा दिए गए अनुकूल फैसले की सराहना करते हुए इसे देश की एक 'बड़ी' जीत करार दिया।

ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच पर कहा कि मंगलवार रात अदालत के फैसले से सरकार को उसके व्यापक आयात शुल्क को वसूलने की अनुमति मिल गई, जबकि उनके द्वारा हस्ताक्षरित व्यापार नीति को चुनौती देने वाली अपील लंबित है। उन्होंने कहा, इसका अभिप्राय है कि अमेरिका अन्य देशों के खिलाफ खुद को बचाने के लिए शुल्क का उपयोग कर सकता है। राष्ट्रपति ने लिखा, अमेरिका के लिए बड़ी और अहम जीत।

संघीय अपीलीय अदालत का यह फैसला 28 मई को एक अन्य संघीय अदालत के शुल्क रद्द करने के बाद दिए गए इसी तरह के निर्णय का विस्तार है, जिसमें कहा गया था कि ट्रंप ने अधिकारों का अतिक्रमण किया है। अपीलीय अदालत ने कहा था कि ट्रंप द्वारा लागू शुल्क को चुनौती देने से असाधारण महत्व के मुद्दे उठते हैं और वह तेजी से सुनवाई के लिए 31 जुलाई को दलीलें सुनेगा। यह मामला 10 प्रतिशत शुल्क से संबंधित है जिसे रिपब्लिकन राष्ट्रपति ने अप्रैल में लगभग हर दूसरे देश पर यह लगाया था।

## बांग्लादेश: रविंद्रनाथ टैगोर के पैतृक घर में भीड़ ने की तोड़फोड़

**ढाका।** नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर के बांग्लादेश के सिराजगंज जिला स्थित पैतृक घर पर भीड़ ने हमला कर तोड़फोड़ की। घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

खबरों के मुताबिक एक व्यक्ति 8 जून को सिराजगंज जिले में स्थित कचहरीबाड़ी गया था। कचहरीबाड़ी को रवींद्र कचहरीबाड़ी और रवींद्र स्मारक संग्रहालय के रूप में भी जाना जाता है। वहां पार्किंग शुल्क को लेकर प्रवेश द्वार पर एक कर्मचारी से उसका विवाद हो गया। इसके बाद उसे एक कमरे में बंद कर मारपीट की गई। घटना से उत्तेजित लोगों ने मंगलवार को विरोध प्रदर्शन किया। बाद में भीड़ ने कचहरीबाड़ी के सभागार पर हमला करके तोड़फोड़ की और संस्थान के एक निदेशक की पिटाई की।

**संबोधन** ऑक्सफोर्ड यूनियन में 'प्रतिनिधित्व से लेकर कार्यान्वन तक संविधान के वादे को मूर्त रूप देना' विषय पर बीआर गवई का वक्तव्य

# स्याही से उकेरी गई मौन क्रांति है भारतीय संविधान : सीजेआई

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने संविधान को 'स्याही से उकेरी गई एक मौन क्रांति' और एक परिवर्तनकारी शक्ति बताया जो न केवल अधिकारों की गारंटी देती है, बल्कि ऐतिहासिक रूप से उत्पीड़ित लोगों का सक्रिय रूप से उत्थान करती है।



- हाशिए पर पड़े समुदायों पर संविधान के सकारात्मक प्रभाव पर प्रकाश डाला

भारत के सर्वोच्च न्यायिक पद पर आसीन होने वाले दूसरे दलित और पहले बौद्ध न्यायमूर्ति गवई ने मंगलवार को लंदन (ब्रिटेन) स्थित ऑक्सफोर्ड यूनियन में 'प्रतिनिधित्व से लेकर कार्यान्वयन तकः संविधान के वादे को मूर्त रूप देना' विषय पर अपने संबोधन में हाशिए पर पड़े समुदायों पर संविधान के सकारात्मक प्रभाव पर प्रकाश डाला और इस बात को स्पष्ट करने के लिए अपना स्वयं का उदाहरण दिया। लंदन स्थित ऑक्सफोर्ड यूनियन एक संस्था है जहां लोग विभिन्न विषयों पर परिचर्चा करते हैं।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा, कई दशक पहले, भारत के लाखों नागरिकों को 'अछूत' कहा जाता था। उन्हें बताया जाता था कि वे अशुद्ध हैं। उन्हें बताया जाता था कि वे अपने लिए नहीं बोल सकते। लेकिन आज हम यहां हैं, जहां उन्हीं लोगों से संबंधित एक व्यक्ति देश की न्यायपालिका में सर्वोच्च पद धारक के रूप में खुलकर बोल रहा है। उन्होंने कहा कि संविधान नागरिकों को बताता है कि वे अपने लिए बोल सकते हैं, समाज और सत्ता के हर क्षेत्र में उनका समान स्थान है।

न्यायमूर्ति गवई ने कहा, ''आज ऑक्सफोर्ड यूनियन में, मैं आपके सामने यह कहने के लिए खड़ा हूं: भारत के सबसे कमजोर नागरिकों के लिए, संविधान केवल एक कानूनी चार्टर या राजनीतिक ढांचा नहीं है। यह एक भावना है, एक जीवन रेखा है, स्याही से उकेरी गई एक मौन क्रांति है।

भारत के प्रधान न्यायाधीश ने कहा, नगरपालिका के स्कूल से लेकर भारत के प्रधान न्यायाधीश के पद तक मेरी अपनी यात्रा में, यह एक मार्गदर्शक शक्ति रही है।'' डॉ. बी.आर. आंबेडकर की विरासत का जिक्र करते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि वह एक दूरदर्शी व्यक्ति थे, जिन्होंने जातिगत भेदभाव के अपने अनुभव को न्याय की वैश्विक समझ में बदल दिया।

### सम्मान बहाली के लिए हस्तक्षेप का साहस करता है संविधान

न्यायमूर्ति बीआर गवई ने कहा कि भारत का संविधान एक सामाजिक दस्तावेज है, जो यह दिखावा नहीं करता कि सभी समान हैं, बल्कि सत्ता को पुन:संतुलित करने और सम्मान बहाल करने के लिए हस्तक्षेप करने का साहस भी करता है। न्यायमूर्ति गवई ने नगरपालिका के एक स्कूल से लेकर देश के सर्वोच्च न्यायिक पद तक अपनी यात्रा का उल्लेख किया। संविधान मसौदा समिति के अध्यक्ष के रूप में डॉ आंबेडकर की भूमिका पर भी रोशनी डाली। कहा, संविधान एक सामाजिक दस्तावेज है, जो जाति, गरीबी, बहिष्कार और अन्याय की क्रूर सच्चाइयों से नजर नहीं हटाता। इस बात का दिखावा नहीं करता कि गहरी असमानता से ग्रसित देश में सभी समान हैं। इसके बजाय, यह हस्तक्षेप करने, पटकथा को फिर से लिखने, सत्ता को पुन:संतुलित करने और गरिमा बहाल करने का साहस करता है।